पावती जारी करने के साथ ही प्रतिदाय स्वीकृति में महत्वपूर्ण विलम्ब था। कई मामलों में अधिनियमों व नियमों के प्रावधानों से विचलन हुआ जिसके परिणामस्वरूप अनियमित प्रतिदाय किया गया। विभाग प्रतिदाय के पश्चात् लेखापरीक्षा करने के प्रावधान का पालन करने में विफल रहा। विभाग प्रतिदाय स्वीकृत करने से पूर्व सभी दस्तावेजी प्रमाणों का संग्रह सुनिश्चित करने में भी विफल रहा तथा प्रतिदाय रजिस्टर निर्धारित प्रारूपों में अनुरक्षित नहीं किया गया।

[29] मेसर्स अज़ोट लाइफ साइंसेज लिमिटेड

लेखापरीक्षा निष्कर्ष राज्य सरकार को प्रेषित किए गए (सितम्बर 2021) एवं उत्तर प्रतीक्षित था (अगस्त 2022)।

3.9 सिफारिशें

- ***विभाग पावती जारी करने एवं प्रतिदाय स्वीकृति में विलम्ब को कम करने तथा प्रतिदाय स्वीकृति की दक्षता हेतु सुधारात्मक कार्रवाई करने पर विचार करें।***
- ***विभाग प्रावधानानुसार प्रतिदाय मामलों की पश्चात् लेखापरीक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रणाली व प्रक्रिया व्युत्पन्न करें।***
- ***विभाग प्रतिदाय स्वीकृत करने से पूर्व सभी दस्तावेजी प्रमाण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।***

अध्याय-4

अग्निशमन सेवा विभाग की तैयारी

अध्याय 4: अग्निशमन सेवा विभाग की तैयारी

गृह विभाग

विभाग ने न तो आग की दृष्टि से संवेदनशील भवनों का जोख़िम विश्लेषण किया तथा न ही खतरनाक उद्योगों का कोई डाटाबेस तैयार किया। विभाग के पास ऐसे भवनों की पहचान के लिए लोक लेखा समिति की सिफारिश के बावजूद राज्य में ऊंचे भवनों का कोई डाटाबेस नहीं था। हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम 1984, विभाग को अग्नि सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन के लिए परिसर में प्रवेश करने/ जांच करने का अधिकार देता है, लेकिन यह अशक्त है क्योंकि इसमें मानदंडों का पालन न करने के लिए अनुपालन एवं दंडात्मक प्रावधानों को लागू करने के प्रावधान नहीं हैं। नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि-नियंत्रण केंद्रों में पानी के पर्याप्त एवं विश्वसनीय स्रोत नहीं थे। राज्य में 115 अग्निशमन वाहनों के अनुमोदित बेड़े की संख्या के प्रति केवल 85 अग्निशमन वाहन उपलब्ध थे। जबकि उसी समय 2018-21 के दौरान विभाग ने 'मोटर वाहन' के अंतर्गत ₹ 6.22 करोड़ का बजट अभ्यर्पित किया। अपेक्षित 5,055 व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के प्रति केवल 728 व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध थे। आग लगने की घटनाओं के बारे में प्रथम सूचना देने के लिए आबंटित यूनिक टोल-फ्री नंबर (101) राज्य में किसी भी अग्निशमन-चौकी में उपलब्ध नहीं कराया गया जिसके परिणामस्वरूप सम्बन्धित अग्निशमन-चौकी द्वारा सूचना प्राप्त करने एवं प्रतिक्रिया करने में देरी हुई। परिचालन कर्मियों के स्वीकृत 938 पदों की संख्या के विरुद्ध 257 (28 प्रतिशत) पद रिक्त थे, जिससे अग्नि-नियंत्रण केन्द्रों की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। 2018-21 के दौरान विभाग ने कार्य के प्रति अग्निशामकों की उपयुक्तता (फिटनेस) का पता लगाने के लिए कोई शारीरिक मूल्यांकन परीक्षण नहीं किया। नमूना-जांच किए गए 22 अग्नि-नियंत्रण केंद्रों में अग्नि से हुई घटनाओं में देरी से प्रतिक्रिया की गई।

4.1 परिचय

हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा विभाग की स्थापना वर्ष 1972 में की गई थी। इससे पहले राज्य में अग्निशमन सेवा विभिन्न नगर समितियों/ निगमों के नियंत्रण में कार्य करती थी। राज्य में अग्निशमन सेवा को प्रभावी रूप से बनाए रखने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम, 1984 (2000 में संशोधित) अधिनियमित किया। विभाग ने अग्निशमन सेवा अधिनियम के अधिनियमन हेतु कोई नियम तैयार नहीं किए। विभाग की प्राथमिक भूमिका अग्नि व अन्य आपदाओं से जान-माल की रक्षा करना है। विभाग के उत्तरदायित्वों में 15 मीटर से अधिक ऊंचाई के भवनों एवं विस्फोटक एवं अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से संबंधित या उपयोग करने वाले औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों हेतु अग्नि सुरक्षा स्वीकृति जारी करना एवं उनका अनुपालन करना, अग्नि सुरक्षा

दिशानिर्देश जारी करना, अग्नि रिपोर्ट जारी करना तथा राज्य में आपदा प्रबंधन तैयारियों के लिए अग्नि सुरक्षा प्रदर्शनों/ प्रशिक्षणों/ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करना शामिल है।

अग्निशमन सेवा विभाग का प्रधान निदेशक होता है, जिसे एक मुख्य अग्निशमन अधिकारी[1] एवं तीन मण्डलीय अग्निशमन अधिकारियों[2] द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। मार्च 2021 तक विभाग के पास 65 अग्निशमन नियंत्रण केन्द्र थे, जिनमें शहरी क्षेत्रों में 25 अग्निशमन स्टेशन व उप-अग्निशमन स्टेशन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 40 अग्निशमन चौकियां शामिल थी। अग्नि-नियंत्रण केंद्रों का नेतृत्व एक स्टेशन अग्निशमन अधिकारी या अग्रसर प्रशामक द्वारा किया जाता है, जो जिले के मण्डलीय अग्निशमन अधिकारी या आदेशक (कमांडेंट) होम गार्ड की समग्र देखरेख में कार्य करता है।

हिमाचल प्रदेश राज्य में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का पता लगाने हेतु 2011-16 की अवधि को सम्मिलित करते हुए 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए नियंत्रक-महालेखापरीक्षक प्रतिवेदन हेतु एक निष्पादन लेखापरीक्षा की गई थी। निष्पादन लेखापरीक्षा में अन्य के साथ, अग्निशमन सेवा विभाग की कमियों का आकलन कर उन्हें चिह्नित किया गया तथा अग्निशमन सेवा विभाग को सुदृढ़ करने की सिफारिश की गई थी। इस निष्पादन लेखापरीक्षा पर 13वीं हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति में चर्चा की गई (दिसंबर 2019), जिसमें समिति ने कुछ सिफारिशें जारी की थी।

समग्र अग्नि सुरक्षा तैयारियों में अद्यतन/ सुधार, मानदंडों/ नियमों के अनुपालन तथा पूर्व में की गई सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने का पता लगाने की दृष्टि से, लेखापरीक्षा ने वर्तमान प्रणालियों व प्रक्रियाओं की समीक्षा की है। वर्तमान लेखापरीक्षा का उद्देश्य सौंपे गए कार्यकलापों को पूरा करने के लिए विभाग द्वारा की गई आगे की योजना का आकलन करना था; नियामक ढांचे का अनुपालन उच्च स्तर की तैयारी में परिणत होता है और प्रभावी ढंग से अपनी भूमिका निभाता है। उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, लेखापरीक्षा ने व्यय; नियोजन; कानूनी ढांचा; बुनियादी ढांचे व उपकरणों की उपलब्धता; जनशक्ति; प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण; तथा हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम (1984) में निर्धारित प्रासंगिक मानदंडों के संदर्भ में अग्नि की घटनाओं के लिए प्रतिक्रिया समय; गृह मंत्रालय की स्थायी अग्नि सलाहकार समिति/ परिषद की सिफारिशें; राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के अग्निशमन सेवाओं की स्तरीकरण (स्केलिंग), उपकरण के प्रकार व प्रशिक्षण के दिशानिर्देश; भारत की राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 (भाग-4) से संबंधित मुद्दों की

---

1 अग्निशमन सेवा निदेशालय, शिमला में नियुक्त।

2 मण्डलीय अग्निशमन अधिकारी, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, बल्देयां, शिमला; मण्डलीय अग्निशमन अधिकारी, अग्निशमन मण्डल शिमला; मण्डलीय अग्निशमन अधिकारी, निदेशालय शिमला।

जांच की गई। विभाग द्वारा लोक लेखा समिति की सिफारिशों के अनुपालन की वर्तमान स्थिति पर भी नीचे प्रासंगिक विषय में चर्चा की गई है।

लेखापरीक्षा ने 2018-2021 की अवधि के दौरान किए गए क्षमता निर्माण गतिविधियों की नमूना-जांच की। नमूना-जांच किए गए इकाइयों में अग्निशमन सेवा निदेशालय, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र एवं 65 अग्नि-नियंत्रण केंद्रों[3] में से 23 अग्नि-नियंत्रण केन्द्र (12[4] अग्निशमन स्टेशन व 11[5] अग्निशमन चौकियां) शामिल थे।

लेखापरीक्षा कार्यपद्धति में नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि-नियंत्रण केंद्रों में अभिलेखों की संवीक्षा, विभागीय उत्तरों का विश्लेषण एवं पांच में संयुक्त भौतिक निरीक्षण शामिल था। 2018-2021 के दौरान नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केंद्रों में अग्नि की 5,301 घटनाएं हुईं, जिसमें 117 मानव एवं 43 मवेशियों की जान का नुकसान हुआ तथा साथ ही ₹ 479.28 करोड़ मूल्य की संपत्ति की अनुमानित हानि हुई।

4.2 बजट एवं व्यय

विभाग के पास वर्ष 2018-21 हेतु ₹ 159.03 करोड़ का कुल बजट था, जिसके प्रति इसने ₹ 140.83 करोड़ का व्यय किया। व्यय के मुख्य शीर्ष वेतन (₹ 61.77 करोड़), मुख्य निर्माण कार्य (₹ 25.49 करोड़), मोटर वाहन क्रय (₹ 6.54 करोड़) एवं मशीनरी व उपकरण (₹ 4.54 करोड़) थे।

2018-21 के दौरान विभाग के बजट व व्यय की प्रास्थिति **तालिका-4.1** में दर्शाई गई है।

तालिका-4.1: बजट एवं व्यय

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बजट आबंटन		व्यय	बचत	बचत का प्रतिशत
2018-19	योजनागत	14.00	13.99	0.01	0.01
	आयोजनेत्तर	37.37	35.81	1.56	4.17
2019-20	योजनागत	10.72	6.51	4.21	39.27
	आयोजनेत्तर	43.83	34.98	8.85	20.19
2020-21	योजनागत	10.00	9.53	0.47	4.70
	आयोजनेत्तर	43.11	40.00	3.11	7.21
	योग	**159.03**	**140.82**	**18.21**	**0.01 से 39.27**

स्रोत: अग्निशमन सेवा निदेशालय।

[3] आग लगने की घटनाओं की संख्या के आधार पर स्तरीकृत यादृच्छिक नमूनाकरण के माध्यम से नमूना मानदंड के रूप में चुना गया।

[4] अग्निशमन स्टेशन रोहडू, तिलक नगर, पोंटा साहिब, ऊना, सोलन, धर्मशाला, बिलासपुर, बद्दी, काँगड़ा, कुल्लू, हमीरपुर व मनाली।

[5] अग्निशमन चौकी अम्ब, डाडासीबा, फतेहपुर, नगरोटा बगवां, ज्वालामुखी, ठियोग, कुमारसैन, टाहलीवाल, जोगिन्दर नगर, बैजनाथ व सुजानपुर।

वर्ष 2019-20 के दौरान बचत अधिक हुई। विभाग अपनी योजनागत निधियों का 39 प्रतिशत एवं आयोजनेत्तर निधियों का 20 प्रतिशत भी खर्च करने में सक्षम नहीं था, जो खराब वित्तीय प्रबंधन का परिचायक है। इसके अतिरिक्त 2020-21 में आयोजनेत्तर शीर्ष के अंतर्गत बचत भी उल्लेखनीय थी।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

4.3 नियोजन

4.3.1 अग्निशमन स्टेशन/ अग्निशमन चौकी की स्थापना

राज्य में 12 जिले एवं 108 तहसीलें हैं। राज्य सरकार के 2019 के मानदंडों के अनुसार प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक अग्निशमन स्टेशन एवं प्रत्येक तहसील में एक उप-अग्निशमन स्टेशन/ अग्निशमन चौकी खोली जानी है। इस प्रकार, राज्य में कम से कम 120 अग्नि नियंत्रण केंद्र (12 अग्निशमन स्टेशन व 108 उप-अग्निशमन स्टेशन/ अग्निशमन चौकी) होने थे। यद्यपि मार्च 2021 तक केवल 65 अग्निशमन नियंत्रण केन्द्र (22 अग्निशमन स्टेशन, 3 उप-अग्निशमन स्टेशन व 40 अग्निशमन चौकियां) स्थापित किए गए। इन 65 अग्निशमन नियंत्रण केंद्रों में से 17 अग्निशमन नियंत्रण केंद्र 2018-21 के दौरान स्थापित किए गए थे।

विभाग ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से नए केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

4.3.2 राज्य हेतु व्यापक योजना बनाना

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश, 2012 का परिच्छेद 3.3.1 सम्पूर्ण राज्य में जनशक्ति एवं उपकरण की पूर्ण आवश्यकता की गणना करने के लिए राज्य हेतु व्यापक योजना बनाने का प्रावधान करता है। इस दिशा में पहले कदम के रूप में, दिशानिर्देशों में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले खतरनाक सामग्रियों का निपटान करने वाले सभी उद्योगों के लेखांकन एवं संवेदनशीलता विश्लेषण का प्रावधान करना है।

लेखापरीक्षा संवीक्षा में पाया गया कि विभाग ने कोई अग्नि-संवेदनशीलता विश्लेषण नहीं किया था तथा खतरनाक गतिविधियों में लिप्त उद्योगों का कोई डाटाबेस भी तैयार नहीं किया था। विभाग के पास राज्य में ऊंचे भवनों का भी कोई डाटाबेस नहीं था, यद्यपि लोक लेखा समिति ने अग्नि की चपेट में आ सकने वाले भवनों की पहचान करने एवं इसके लिए रिकॉर्ड बनाने की सिफारिश की थी। विभाग ने खतरनाक उद्योगों के लेखांकन के लिए सर्वेक्षण न किए जाने एवं अग्नि की चपेट में आने वाले भवनों का सर्वेक्षण न करने के लिए कर्मचारियों की कमी को जिम्मेदार ठहराया।

4.3.3 अग्नि सुरक्षा स्वीकृति

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशानिर्देशों के परिच्छेद 3.2.2 में सभी ऊंचे भवनों, कॉलोनियों, आवासीय समूहों, व्यापार केंद्रों, मॉल आदि के लिए अग्निशमन सेवा विभाग से अनिवार्य स्वीकृति अपेक्षित है; यदि भवन/ भवन-अधिभोगी अग्नि सुरक्षा अपेक्षाओं (जैसे, उचित अग्नि सुरक्षा उपकरण, निकासी मार्गों, पार्किंग स्थानों, आदि) को पूरा नहीं करते, तो ऐसे भवनों को सील करने का प्रावधान होना चाहिए; एवं यह कि उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कानूनी व दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशानिर्देशों की सिफारिशों को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया गया था। हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम के प्रावधान अशक्त थे क्योंकि वे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशानिर्देशों में परिकल्पित सभी प्रकार के भवनों के लिए अग्निशमन विभाग से अनिवार्य स्वीकृति प्रदान नहीं करते थे। अधिनियम की धारा 15ए में केवल 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले भवनों व विस्फोटक/ अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों का निपटान करने वाली औद्योगिक इकाइयों/ वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के संबंध में अग्निशमन विभाग से अनिवार्य स्वीकृति/ अनापत्ति प्रमाण-पत्र की आवश्यकता का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, अधिनियम में मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित न करने की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान नहीं थे, यहां तक कि उन भवनों के लिए भी जहां यह लागू था।

विभाग को स्वयं की संतुष्टि के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान करने से पूर्व भवन/ अधिभोग द्वारा अग्नि सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन का निरीक्षण करना होता है तथा अनुपालन न होने पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान नहीं करना होता है। तथापि, भवन के स्वामी/ अधिभोगियों द्वारा कमियों पर अनुपालन हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई एवं न ही ऐसे निरीक्षण के दौरान जारी निर्देशों का अनुपालन न करने पर कोई दण्डात्मक उपबंध (यथा भवन-अधिभोग को सील करना) निर्धारित किए गए।

हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम, 1984 की धारा 9(1) में कहा गया है कि राज्य सरकार, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा किसी भी क्षेत्र में स्थित या किसी भी वर्ग के परिसरों, जो ऐसे प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं, जो उसकी राय में अग्नि का खतरा पैदा कर सकते हैं, के स्वामियों अथवा अधिभोगियों से ऐसी अधिसूचना में निर्दिष्ट सावधानियां बरतने की अपेक्षा कर सकती है। यह विभाग के कर्मचारियों को किसी भी अधिसूचित स्थान में प्रवेश करने का अधिकार देता है ताकि वे उन मदों अथवा माल को सुरक्षित स्थान पर हटाने की जांच/ निर्देशित कर सकें जो अग्नि के जोखिम का कारण बनने की संभावना रखते हैं। तथापि, अधिनियम में ऐसे अनुपालन में कमी पाए जाने की स्थिति में किसी दण्डात्मक उपबंध का प्रावधान नहीं है।

विद्यालयों एवं अस्पतालों द्वारा अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त न करना-

उच्चतम न्यायालय ने एक स्कूल में अग्नि लगने की घटना पर संज्ञान लेते हुए (अप्रैल, 2009) प्रत्येक स्कूल को अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करने का निर्देश दिया। भारत सरकार ने विभिन्न राज्यों के अस्पतालों में अग्नि लगने की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए एवं गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय भवन संहिता के अग्नि सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अस्पतालों व निजी अस्पतालों (नर्सिंग होम) के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए राज्यों को परामर्शी-पत्र (एडवाइजरी) जारी किए।

अग्निशमन सेवा विभाग ने सूचित किया (सितंबर 2021) कि 2018-21 की अवधि के दौरान राज्य के 2,806 सरकारी स्कूलों में से केवल 55 स्कूलों ने अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। इसके अतिरिक्त, राज्य के सभी 99[6] प्रमुख सरकारी अस्पतालों ने अग्निशमन अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया था। हालांकि, राज्य के कानूनी ढांचे में कोई दण्डात्मक उपबंध नहीं थे इसलिए उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई तथा उच्चतम न्यायालय तथा गृह मंत्रालय के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया। इस प्रकार, इन भवनों में कार्यरत/ आवागमन करने वाली आम जनता का जीवन हमेशा जोखिम में रहा।

अग्निशमन सेवाएं विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन न करना-

नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केंद्रों में से तीन[7] में लेखापरीक्षा ने अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों के साथ 24 भवनों[8] का संयुक्त भौतिक निरीक्षण किया (अगस्त-सितंबर 2021 व फरवरी 2022)। भवनों का चयन उन में से किया गया था जिन्होंने अग्निशमन सेवाएं विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 24 भवनों में से 17 को अग्नि सुरक्षा मानदंडों का पालन करने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। शेष सात भवनों में निरीक्षण के 08 से 93 माह के बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा दिए गए सुझावों का अनुपालन नहीं किया गया। अनिवार्य स्वीकृति/ आवश्यकता अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं दण्डात्मक प्रावधान के अभाव में विभाग भवन मालिकों/ अधिभोगियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई करने में असमर्थ था।

अग्निशमन सेवा विभाग ने बताया कि उन आवेदकों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किए गए जिन्होंने अपने भवनों में अग्नि सुरक्षा उपायों को अपनाने के बाद विभाग से संपर्क किया था।

---

6 राज्य सरकार के जोनल, क्षेत्रीय व सिविल अस्पताल।

7 अग्निशमन स्टेशन बद्दी, सोलन व तिलकनगर।

8 जैसाकि भारत के एनबीसी 2016 भाग- IV में निर्धारित है आवासीय, शैक्षिणक, संस्थागत, सम्मेलन (असेंबली), व्यवसायिक, व्यापारिक, औद्योगिक, भंडारण एवं जोख़िम भरे भवन।

तथ्य यह रहा कि विभाग अनुपालन न करने वाले संस्थानों को सक्षम नियमों के अभाव के कारण समय पर अग्नि सुरक्षा उपायों को अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सका। अनुपालन न करने वाले संस्थानों पर अग्नि सुरक्षा मानदंडों को लागू करने हेतु कानूनी ढांचे में आवश्यक प्रावधान जोड़े जा सकते हैं।

4.4 बुनियादी ढांचा एवं उपकरण

4.4.1 भवन अवसंरचना

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशानिर्देशों (2012) के परिच्छेद 3.4.2 में अग्नि नियंत्रण केन्द्र की स्थापना के दौरान बुनियादी आवश्यकताओं जैसे वाहन पार्किंग, कार्यालय/ स्टोर कक्ष, उपकरण कक्ष आदि हेतु स्थान की सिफारिश की गई है। लेखापरीक्षा में 23 अग्निशमन नियंत्रण केन्द्रों (12 अग्निशमन स्टेशन व 11 अग्निशमन चौकियां) पर चार आयामों-पार्किंग सुविधाओं, पृथक कार्यालय/ नियंत्रण/ स्टोर/ विश्राम कक्ष, कंप्यूटर सुविधाओं एवं स्वयं के भवन के प्रति बुनियादी ढांचे की उपलब्धता की स्थिति की जांच की। स्थिति **तालिका-4.2** में दर्शाई गई है।

तालिका-4.2: नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केंद्रों में बुनियादी ढांचे की उपलब्धता

क्र. सं.	मापदण्ड	उपलब्ध	अनुपलब्ध
1	पार्किंग सुविधा	13	10
2	पृथक कार्यालय/ नियंत्रण/ स्टोर कक्ष	19	04
3	कंप्यूटर सुविधा	12	11
4	स्वयं के भवन	09	14

नमूना-जांच किए गए किए गए 23 अग्निशमन नियन्त्रण केन्द्रों में से 10 में स्वयं की पार्किंग सुविधाओं का अभाव एक महत्वपूर्ण आपदा प्रबंधन विभाग की उपेक्षा को परिलक्षित करता है। अग्निशमन वाहनों को खुली सड़कों/ सामान्य क्षेत्र (नीचे चित्र देखें) पर पार्क किया जा रहा था क्योंकि उनका स्वयं का कोई पार्किंग स्थल नहीं था। इससे विकट मोड़ों पर अग्निशमन वाहनों की आवाजाही में बाधा होने का जोख़िम पैदा हुआ जिससे प्रतिक्रिया के समय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

अग्निशमन चौकी ठियोग व जोगिंद्रनगर में सड़क पर खड़े अग्निशमन वाहन

4.4.2 जल-स्रोत/ अग्निशमन हाइड्रेंटस

राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन के दिशानिर्देशों (2012) के परिच्छेद 3.4.3.1 में विशेषरूप से पहाड़ी क्षेत्रों में अग्निशमन हेतु पर्याप्त जल की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल के उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की सिफारिश की गई है। ये दिशानिर्देश शहरों में अग्निशमन हाइड्रेंटस की नियमित जांच की सिफारिश करते हैं ताकि उनकी कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके।

नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केंद्रों पर यह देखा गया कि -

- छ:[9] अग्नि नियंत्रण केंद्र पूरी तरह से जल के प्राकृतिक/ अन्य स्रोतों पर निर्भर थे एवं इन छ: केंद्रों में से दो में जल स्रोत 10 व 12 किलोमीटर दूर स्थित थे।

- 17 अग्नि नियंत्रण केंद्र[10] उनकी जल की आवश्यकताओं के लिए अग्निशमन हाइड्रेंटस पर निर्भर थे। तथापि, इन 17 केन्द्रों में अग्निशमन हाइड्रेंटस का एक बड़ा अनुपात कार्य नहीं कर रहा था जैसाकि **तालिका-4.3** में यथाविस्तृत रूप से दिया गया है।

तालिका-4.3: नमूना-जांच किए गए 23 में से 17 अग्नि नियंत्रण केंद्रों में अग्निशमन हाइड्रेंटस की स्थिति

वर्ष	उपलब्ध अग्निशमन हाइड्रेंटस की संख्या	कार्यशील अग्निशमन हाइड्रेंटस की संख्या	कार्य न करने की स्थिति वाले अग्निशमन हाइड्रेंटस की संख्या (%)
2018-19	385	264	121 (31)
2019-20	395	321	74 (19)
2020-21	403	326	77 (19)

स्रोत: अग्निशमन सेवा विभाग के अभिलेख।

- यहाँ तक कि कार्यशील अग्निशमन हाइड्रेंटस में भी पानी की उपलब्धता में विलम्ब पाया गया। तीन[11] अग्नि नियंत्रण केन्द्रों में नमूना-जांच किए गए तीन अग्निशमन हाइड्रेंटस में से दो में संयुक्त भौतिक निरीक्षण[12] के दौरान लेखापरीक्षा में पाया गया कि सोलन (माल रोड पर स्थापित) में नमूना-जांच किए गए (अगस्त 2021) अग्निशमन-हाइड्रेंट में पानी को हाइड्रेंट तक पहुंचने में 57 मिनट लगे। जोगिन्दरनगर (अमरटैक्स में स्थापित) में

---

9 बैजनाथ-12 किलोमीटर, कुमारसैन-10 किलोमीटर, डाडा सीबा, टाहलीवाल, फतेहपुर व ठियोग।

10 अग्निशमन स्टेशन रोहड़ू, तिलकनगर, पांवटा साहिब, ऊना, सोलन, धर्मशाला, बिलासपुर, बद्दी, कांगड़ा, कुल्लू, हमीरपुर व मनाली; तथा अग्निशमन चौकी अंब, नगरोटा बगवाँ, ज्वालामुखी, सुजानपुर व जोगिंद्रनगर।

11 अग्निशमन स्टेशन सोलन, अग्निशमन चौकी जोगिन्दरनगर व सुजानपुर।

12 अग्रसर प्रशामक द्वारा नमूना-जांच के लिए हाइड्रेंट में पानी छोड़ने के लिए नगर निगम/ परिषद/ स्थानीय निकाय प्राधिकरण को फोन करने के बाद हाइड्रेंटस में पानी की उपलब्धता की जांच की गई।

अग्निशमन-हाइड्रेंट परीक्षण की जांच में पानी को हाइड्रेंट तक पहुंचने में 18 मिनट लगे। अग्निशमन हाइड्रेंटस में जल की उपलब्धता में विलंब हेतु समर्पित जल आपूर्ति पाइपलाइन की अनुलब्धता को जिम्मेदार ठहराया गया था।

4.4.3 अग्निशमन वाहन

राज्य सरकार ने अग्नि नियंत्रण केंद्र के प्रत्येक स्तर (अग्निशमन स्टेशन/ उप अग्निशमन स्टेशन/ अग्निशमन चौकी) पर अग्निशमन वाहनों की उपलब्धता के मानदंडों[13] (अप्रैल 2017) को अनुमोदित किया था। सरकार ने स्थायी अग्निशमन सलाहकार परिषद द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार फायर टेंडर/वाहनों हेतु 5000 घंटे (स्टेशनरी प्रचालन) या 10 वर्ष के मानदंड/ पैरामीटर[14] भी निर्धारित किए थे।

अनुमोदित मानदंडों के अनुसार विभाग को अपने बेड़े में कम से कम 115 अग्निशमन वाहन रखने थे। लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि इस अपेक्षित बेड़े के प्रति केवल 85 अग्निशमन वाहन उपलब्ध थे एवं यहाँ तक कि उपलब्ध वाहनों में से 32 वाहनों ने 10 वर्षों के अपने अधिकतम अनुशंसित जीवन को भी पूरा कर लिया था।

तालिका-4.4: राज्य में अग्निशमन वाहनों की उपलब्धता

क्र. सं.	अग्निशमन वाहनों के प्रकार	स्वीकृत बेड़े की संख्या	वाहनों की उपलब्धता	कमी
1.	वाटर टैंडर टाइप-'बी'	70	48	22
2.	वाटर टैंकर/ वाटर बाउजर	22	17	5
3.	कंबाइंड फोम व सीओ2 टैंडर	23	20	3
योग		**115**	**85**	**30**

नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केंद्रों के अभिलेखों की जांच से पता चला है कि 47 अग्निशमन वाहनों के अनुमोदित बेड़े के प्रति 3 श्रेणियों[15] में केवल 36 वाहन उपलब्ध थे।

2018-21 के दौरान अग्निशामक वाहनों में कमी के बावजूद मोटर वाहन क्रय करने के लिए प्राप्त ₹ 6.22 करोड़ के बजट का अभ्यर्पण यह दर्शाता है कि विभाग ने कमी के बावजूद अग्निशमन वाहनों के क्रय हेतु पर्याप्त रूप से योजना नहीं बनाई।

विभाग ने (मार्च 2022) बताया कि 2019-20 के दौरान क्रय किए गए बीएस IV अग्निशमन वाहनों में आवश्यकतानुसार चेसिस के निर्माण के लिए राज्य सरकार से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने, जिसमें समय लग सकता था जो 1 अप्रैल 2020 के बाद बीएस VI सम्मत न

---

[13] अग्निशमन स्टेशन- वाटर टैंडर टाइप-बी- 1 नंबर, वाटर बाउजर 1 नंबर, कंबाइंड फोम सीओ 2 टैंडर 1 नंबर एवं क्यूआरवी 1 नंबर; उपअग्निशमन स्टेशन- वाटर टैंडर टाइप-बी- 1 नंबर, वाटर बाउजर 1 नंबर, कंबाइंड फोम सीओ 2 टैंडर 1 नंबर व अग्निशमन चौकी- वॉटर टैंडर टाइप-बी- 1 नंबर व क्यूआरवी 1 नंबर।

[14] संख्या. फिन-एफ-(ए)-(11)-11/2004 दिनांक 7 सिंतबर 2020

[15] वाटर टैंडर टाइप-बी, वाटर बाउजर व कंबाइंड फोम सीओ 2 टैंडर।

होने के कारण पंजीकृत नहीं किए जा सकते थे, के कारण बजट अभ्यर्पित करना पड़ा। जीईएम (GeM) पोर्टल पर बीएस- VI मानक के अनुरूप वाहन उपलब्ध नहीं थे। उत्तर स्वीकार्य नहीं था क्योंकि जीईएम पर उपलब्ध नहीं होने पर अन्य स्रोतों से वस्तुओं को क्रय करने की स्वीकृति देने के लिए अनुमति मांगी जा सकती थी तथा प्रस्तावों पर समय पर प्रक्रिया की जानी थी।

4.4.4 उपकरणों की कमी

- **व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) -**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशानिर्देशों के परिच्छेद 7.5.1 में अग्निशमन कर्मचारियों के उपयोग के लिए आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) की आवश्यकता निर्धारित की गई है।

लेखापरीक्षा में नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केंद्रों में आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता में भारी कमी देखी (मार्च 2021 तक) गई:

तालिका-4.5: व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की उपलब्धता

क्र. सं.	मद का नाम (पीपीई)	आवश्यक संख्या	उपलब्ध संख्या	कमी	कमी का प्रतिशत
1	हेलमेट	398	222	176	44
2	डोरी वाली पानी की बोतल	382	0	382	100
3	आँखों का सुरक्षा उपकरण	402	4	398	99
4	कानों का सुरक्षा उपकरण	402	0	402	100
5	स्टील की सुरक्षा वाले पैर के जूते	402	0	402	100
6	सुरक्षा सीटी	390	103	287	74
7	घुटनों के पैड	402	0	402	100
8	कार्य करने के लिए दस्ताने	397	93	304	77
9	समग्र अग्नि प्रतिरोधी सूट/ अग्नि में प्रवेश सूट/ अग्नि निकटता सूट/ अग्नि के दृष्टिकोण से आवश्यक सूट	359	47	312	87
10	व्यक्तिगत सुरक्षा लाइन (सैश कॉर्ड) 15" लंबाई	375	4	371	99
11	गम बूट/ सुरक्षा बूट/ अग्निशमन बूट	393	41	352	90
12	श्वास उपकरण	384	45	339	88
13	प्रशामक की कुल्हाड़ी	369	169	200	54
	योग	**5055**	**728**	**4327**	**86**

इन महत्वपूर्ण न्यूनतम उपकरणों की उपलब्धता में कमी का अर्थ था कि अग्निशामक खतरे में थे, जो उनकी क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

विभाग ने बताया कि कोविड 19 महामारी के कारण व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का क्रय नहीं किया जा सका, परन्तु 2020-21 व 2021-22 में जीईएम पोर्टल के माध्यम से क्रय करने के आदेश दिए गए हैं।

- **संचार उपकरण-**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशानिर्देशों (2012) के परिच्छेद 7.3.1 में प्रावधान है कि अग्निशमन सेवाओं में टेलीफोन, टेलीफैक्स, कंप्यूटरीकृत ध्वनि लॉगर, भौगोलिक सूचना प्रणाली, हैम रेडियो, स्थायी एवं गतिमान वायरलेस सेट तथा उपग्रह-आधारित संचार जैसे संपर्क उपकरण होने चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि अग्नि लगने की घटनाओं के बारे में प्रथम सूचना देने के लिए आबंटित यूनिक टोल-फ्री नंबर (101) केवल अग्निशमन स्टेशनों में उपलब्ध कराया गया था। लैंडलाइन टेलीफोन को छोड़कर राज्य में किसी भी अग्निशमन चौकी में संचार का कोई अन्य तरीका उपलब्ध नहीं था जिसके परिणामस्वरूप सूचना प्राप्त करने एवं प्रतिक्रिया करने के समय में विलंब हो सकता है।

इन उपकरणों की अनुपलब्धता से अग्नि लगने की घटनाओं की स्थिति में, विशेषरूप से दूरदराज के क्षेत्रों में संसूचना के आदान-प्रदान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना थी।

विभाग ने बताया कि कोविड-19 लॉकडाउन के कारण संचार उपकरणों की क्रय प्रक्रिया आरम्भ नहीं की जा सकी। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इस तरह के लॉकडाउन से पहले या बाद में क्रय किया जा सकता था।

- **झाग मिश्रण (फोम कंपाउंड) -**

अग्निशामक फोम कंपाउंड एक फोम है जिसका उपयोग अग्नि बुझाने के लिए किया जाता है। इसकी भूमिका अग्नि को शांत करने एवं आवृत्त करने तथा ऑक्सीजन के साथ इसके संपर्क को रोकना है, जिसके परिणामस्वरूप अग्नि का शमन होता है। स्थायी अग्निशमन सलाहकार समिति/परिषद की सिफारिश[16] के अनुसार प्रत्येक अग्निशमन स्टेशन में कम से कम 500 लीटर फोम कंपाउंड का स्टॉक किया जाना है।

संवीक्षा से उजागर हुआ कि मार्च 2021 तक नमूना-जांच किए गए 12 अग्निशमन केन्द्रों में से 10[17] में फोम कंपाउंड में 53 लीटर से 400 लीटर तक की कमी थी। फोम कंपाउंड की कमी से संबंधित फायर स्टेशनों की अग्निशमन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

---

[16] पहली से 38 वीं बैठक तक एस.एफ.ए.सी. की बैठकों के कार्यवृत्त का संकलन-पृ. सं. 637, बिंदु सं. 24

[17] अग्निशमन स्टेशन में उपलब्ध कुल फोम कंपाउंड- बद्दी: 100, बिलासपुर 330, धर्मशाला: 440, तिलक नगर 160, सोलन: 280, ऊना: 400, कांगड़ा 360, कुल्लू 447, मनाली 270, रोहड़ू 400

4.5 जनशक्ति प्रबंधन एवं क्षमता निर्माण

4.5.1 जनशक्ति प्रबंधन

राज्य सरकार ने अग्निशमन नियंत्रण केन्द्रों में परिचालन कर्मचारियों की तैनाती के मानदंड निर्धारित[18] किए हैं।

मार्च 2021 तक विभाग में परिचालन कर्मचारियों की संवर्ग-वार स्थिति **तालिका-4.6** में दर्शाई गई है।

तालिका-4.6: मार्च 2021 तक विभाग में परिचालन कर्मियों की स्थिति

संवर्ग	स्वीकृत पद	तैनात कर्मी	रिक्त पद	कमी का प्रतिशत
मुख्य अग्निशमन अधिकारी	1	1	0	0
अग्निशमन निवारण अधिकारी/ मंडलीय अग्निशमन अधिकारी	3	3	0	0
स्टेशन अग्निशमन अधिकारी	10	6	4	40
उप स्टेशन अग्निशमन अधिकारी	35	24	11	31.43
अग्रसर प्रशामक	123	109	14	11.38
प्रशामक	578	377	201	34.78
चालक-सह-पम्प ऑपरेटर	188	159	29	15.42
योग	**938**	**679**	**259**	**27.61**

मार्च 2021 तक नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केन्द्रों में 353 परिचालन कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या के विरुद्ध 73 पद (21 प्रतिशत) रिक्त थे अर्थात् केवल 280 परिचालन कर्मी थे।

विभाग ने बताया (अक्टूबर 2021) कि रिक्त पदों को भरने का प्रस्ताव हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को भेजा गया है। तथ्य यह रहा कि परिचालन कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने से अग्निशमन नियंत्रण केंद्रों की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।

4.5.2 प्रशिक्षण - राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र

विभाग का बल्देयां (जिला शिमला) में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र है। प्रशिक्षण केंद्र एक मण्डलीय अग्निशमन अधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों, कर्मचारियों व होमगार्ड स्वयंसेवकों के लिए विभिन्न रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं पाठ्यक्रमों का संचालन करता है।

[18] पत्र संख्या होम-एफ(ए)1-13/2019 दिनांक 12 मार्च 2020

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश (2012) विभिन्न प्रकार की अग्नि से आपात स्थितियों के लिए यथार्थवादी परिदृश्यों में अग्निशामकों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण केंद्र में पर्याप्त बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं की सिफारिश करते हैं।

लेखापरीक्षा में बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, उपकरणों एवं पाठ्यक्रमों की उपलब्धता में कमियां पाई गई हैं जैसाकि **तालिका-4.7** में विवर्णित है।

तालिका-4.7: राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में बुनियादी ढांचे की उपलब्धता

क्र. सं.	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के मानदंडो के अनुसार आवश्यकता	उपलब्धता
1	अग्नि की रोकथाम के लिए प्रयोगशाला, ज्वलनशील रसायनों व विस्फोटकों के प्रशिक्षण	नहीं
2	अग्निशमन प्रशिक्षण के लिए सीमित स्थान में आउटडोर प्रशिक्षण संरचना का निर्माण	नहीं
3	व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए बचाव (रेस्क्यू) टॉवर	नहीं
4	अग्नि घटित होने के परिदृश्य से परिचित होने के लिए धुआं (स्मोक) कक्ष	नहीं
5	व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए आधुनिक सिम्युलेटर	नहीं
6	पुस्तकालय	नहीं
7	निजी सुरक्षा उपकरण	सीमित संख्या में उपलब्ध
8	श्वसन उपकरण	सीमित संख्या में उपलब्ध
9	बाढ़ से बचाव के लिए विशेष उपकरण	सीमित संख्या में उपलब्ध
10	प्राथमिक चिकित्सा-किट	हाँ
11	रेडियो टेलीफोनी में विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किया	नहीं
12	संचार प्रशिक्षण आयोजित किया	नहीं
13	हाइड्रेंट प्रशिक्षण के सजीव प्रदर्शन के लिए पानी की उपलब्धता	नहीं
14	टर्नटेबल सीढ़ी, हाइड्रोलिक प्लेटफ़ॉर्म	नहीं
15	स्टेशन अग्निशमन अधिकारी के रैंक तक अग्निशमन कर्मियों की तकनीकी दक्षता व शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन	प्रशिक्षण के समय किया गया
16	अग्निशमन हेतु उपयोग किए जाने वाले उपकरण/ वाहन	नहीं; प्रशिक्षण के लिए केवल फोम टेंडर एवं एक मोटरसाइकिल उपलब्ध हैं

4.5.3 परिचालन अग्निशमन कर्मियों हेतु शारीरिक मूल्यांकन परीक्षण

स्थायी अग्निशमन सलाहकार समिति/परिषद की सिफारिशों[19] के अनुसार अग्निशमन एवं बचाव कार्यों में शामिल अग्निशामकों की अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होनी चाहिए एवं यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु उपयुक्त (फिट) हैं, शारीरिक मूल्यांकन परीक्षण हर छः माह में आयोजित किया जाना चाहिए।

[19] परिशिष्ट "11-जी", अग्निशामकों के लिए चिकित्सा मानकों पर उप-समिति की कार्यवाही।

अग्निशमन सेवा निदेशालय के अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला कि विभाग में कार्यरत 679 परिचालन कर्मचारियों में से 437 (64%) 45 वर्ष से अधिक आयु के थे। विभाग ने उपरोक्त समिति की सिफारिशों के अनुसार 2018-21 के दौरान कोई शारीरिक फिटनेस परीक्षण आयोजित नहीं किया।

4.6 प्रतिक्रिया समय

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशानिर्देशों (2012) के परिच्छेद 7.2.2 में शहरी क्षेत्रों में 3 से 5 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मिनट के प्रतिक्रिया (रिस्पांस) समय की सिफारिश की गई है। विभाग में अग्नि की सभी घटनाओं का रिकार्ड घटना पुस्तिका (ओक्कुरेंस बुक) एवं अग्नि/ बचाव (फायर/ रेस्क्यू) कॉल रजिस्टर में रखा जाता है, जिसमें अग्नि लगने की घटनाओं का ब्यौरा, जैसे अग्नि लगने की सूचना, वाहनों की आवाजाही, अनुमानित हानि आदि का विवरण दर्ज किया जाता है।

लेखापरीक्षा ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के निर्धारित मानदंडों के संदर्भ में 2018-21 में नमूना-जांच किए गए 23 अग्नि नियंत्रण केंद्रों में अग्नि की घटनाओं से संबंधित अभिलेखों की संवीक्षा की तथा पाया-

- अग्निशमन चौकी ठियोग ने अग्नि-घटित स्थल पर पहुंचने के समय का रिकॉर्ड नहीं रखा था।

- नमूना-जांच किए गए अन्य 22 अग्नि नियंत्रण केंद्रों में शहरी क्षेत्रों में 59 प्रतिशत मामलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 41 प्रतिशत मामलों में विलम्ब से प्रतिक्रिया हुई, जैसाकि **तालिका-4.8** व **4.9** में विवर्णित है।

तालिका-4.8: शहरी क्षेत्रों में अग्नि नियंत्रण केंद्रों में प्रतिक्रिया समय

वर्ष	मामलों की संख्या	निर्धारित समय के भीतर प्रतिक्रिया किए मामलों की संख्या (5 मिनट तक) (%)	विलंबित प्रतिक्रिया के मामलों की संख्या				
			6 - 15 मिनट	16 - 25 मिनट	26 - 35 मिनट	35 मिनट से अधिक	विलंबित प्रतिक्रिया के मामलों की कुल संख्या (%)
2018-19	733	297 (41%)	362	55	15	4	436 (59%)
2019-20	620	218 (35%)	313	67	14	8	402 (65%)
2020-21	498	237 (48%)	213	31	10	7	261 (52%)
योग	**1851**	**752 (41%)**	**888**	**153**	**39**	**19**	**1099 (59%)**

तालिका-4.9: ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि नियंत्रण केंद्रों में प्रतिक्रिया समय

वर्ष	मामलों की संख्या	निर्धारित समय के भीतर प्रतिक्रिया किए मामलों की संख्या (20 मिनट तक) (%)	विलंबित प्रतिक्रिया के मामलों की संख्या				
			21 - 30 मिनट	31 - 40 मिनट	41 - 50 मिनट	50 मिनट से अधिक	विलंबित प्रतिक्रिया के मामलों की कुल संख्या (%)
2018-19	1219	658 (54%)	247	134	74	106	561 (46%)
2019-20	1101	700 (64%)	178	90	64	69	401 (36%)
2020-21	1012	620 (61%)	173	90	65	64	392 (39%)
योग	**3332**	**1978 (59%)**	**598**	**314**	**203**	**239**	**1354 (41%)**

अग्नि की घटनाओं पर प्रतिक्रिया में विलम्ब, जान-माल के नुकसान/ क्षति को रोकने में अग्निशमन के प्रयासों की प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।

नमूना-जांच किए गए अग्नि नियंत्रण केंद्रों ने बताया कि अग्नि-घटित स्थलों तक पहुंचने में विलम्ब मुख्य रुप से अग्नि नियंत्रण केंद्रों की घटनास्थल से अधिक दूरी, भौगोलिक परिस्थितियों, खराब सड़के, यातायात जाम आदि के कारण हुई। इससे पता चलता है कि विभाग ने भौगोलिक परिस्थितियों इत्यादि को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन केन्द्रों के वितरण एवं स्थान का चयन समुचित योजना/ युक्तिसंगत करके नहीं किया था। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के दिशा-निर्देशों में पहले ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कारकों पर विचार कर प्रतिक्रिया समय यथा निर्धारित किया गया था।

4.7 निष्कर्ष

वर्ष 2016 की नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित की गई सिफारिशों के छः वर्ष व्यतीत होने के बावजूद आपदाओं को कम करने में अग्निशमन विभाग की तैयारियों में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ है। विभाग ने न तो हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा अधिनियम में संशोधन किया एवं न ही लोक लेखा समिति की सिफारिशों के बावजूद अग्निशमन सेवा अधिनियम को लागू करने के लिए कोई नियम तैयार किए। अधिनियम के प्रावधान कमजोर थे क्योंकि उनमें अनुपालन को लागू करने के प्रावधान एवं गैर-अनुपालन को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधान नहीं थे। नियोजन में कमी थी क्योंकि विभाग ने आग की दृष्टि से संवेदनशील भवनों का कोई जोख़िम विश्लेषण नहीं किया था और न ही खतरनाक गतिविधियों में लगे उद्योगों का कोई डाटाबेस तैयार किया था। राज्य में ऊंचे भवनों का कोई डाटाबेस नहीं था, यद्यपि लोक लेखा समिति ने ऐसे भवनों की

पहचान करने एवं लेखांकन करने की सिफारिश की थी जो आग की दृष्टि से संवेदनशील हैं। विभाग 2019-20 के दौरान अपने योजनागत निधि का 39 प्रतिशत तक खर्च नहीं कर पाया। अन्य वर्षों में भी योजनागत एवं आयोजनेत्तर दोनों निधियों में बचत हुई जो कमज़ोर वित्तीय प्रबंधन का संकेत देती है। अपेक्षित संख्या में अग्निशमन चौकियां/ स्टेशन खोले नहीं गए थे। अग्निशमन के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की भारी कमी थी। इसके अतिरिक्त परिचालन अग्निशमन कर्मियों के मुख्य पदों में कमी थी। अपेक्षित रूप से, अग्निशमन सेवाओं का प्रतिक्रिया समय निर्धारित मानदंडों के अनुरूप नहीं था।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष राज्य सरकार को प्रेषित किए गए (मार्च 2022) एवं उत्तर प्रतीक्षित था (अगस्त 2022)।

4.8 सिफारिशें

- ***जोखिम भरे उद्योगों एवं आग की दृष्टि से संवेदनशील भवनों की पहचान करने के लिए समय-समय पर सर्वेक्षण करें एवं ऐसे क्षेत्रों/ भवनों में जोख़िम को कम करने के लिए एक कार्य-योजना बनाएं।***
- ***अग्निशमन विभाग को सुदृढ़ करने के लिए अनिवार्य मंजूरी, प्रवेश एवं निरीक्षण तथा जुर्माना व शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में अधिक शक्तियां प्रदान करें।***
- ***विभाग मानदंडों का अनुपालन करने के लिए क्षेत्रीय इकाइयों के बुनियादी ढांचे को उन्नत एवं जनशक्ति को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।***

अध्याय-5
स्वतंत्र लेखापरीक्षा टिप्पणियां

अध्याय 5: स्वतंत्र लेखापरीक्षा टिप्पणियां

राज्य कर एवं आबकारी विभाग

5.1 शाखा हस्तांतरण पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की अमान्य अनुमति

शाखा हस्तांतरण पर इनपुट टैक्स क्रेडिट को अस्वीकृत करने में निर्धारण अधिकारियों की विफलता ₹ 1.40 करोड़ के अमान्य इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति के रूप में परिणत हुई। इसके अतिरिक्त ब्याज भी उद्ग्रहणीय था।

हिमाचल प्रदेश मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 11(4) में प्रावधान है कि यद्यपि उप-धारा में निहित हो, तथापि इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति केवल उस सीमा तक दी जाएगी, जहां तक अंतर्राज्यीय व्यापार के दौरान बिक्री के माध्यम के अतिरिक्त राज्य से बाहर भेजे गए माल की खरीद पर राज्य में भुगतान किए गए कर की इनपुट कर राशि चार प्रतिशत से अधिक हो। धारा 19 में प्रावधान है कि यदि कोई व्यापारी निर्धारित तिथि तक देय कर का भुगतान करने में विफल रहता है, तो वह एक प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करेगा एवं उसके बाद बकाया जारी रहने तक डेढ़ प्रतिशत ब्याज का भुगतान करेगा।

2020-21 के दौरान नमूना-जांच किए गए पांच[1] (11 में से) राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों के अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से उजागर हुआ कि निर्धारण प्राधिकारियों ने निर्धारण वर्ष 2007-08 से 2016-17 हेतु 14 विक्रेताओं के निर्धारणों को अंतिम रूप देते समय (अप्रैल 2019 से जनवरी 2020 के मध्य) शाखा हस्तांतरण के रूप में भेजे गए माल पर मात्र ₹ 0.52 करोड़ के इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति नहीं दी जबकि उक्त धारा 11(4) के अनुसार निर्धारण प्राधिकारियों से शाखा हस्तांतरण पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के ₹ 1.92 करोड़[2] इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति न देना अपेक्षित था। इसके परिणामस्वरूप शाखा हस्तांतरण पर ₹ 1.40 करोड़[3] के इनपुट टैक्स क्रेडिट का अधिक लाभ हुआ। इसके अतिरिक्त उक्त अधिनियम की धारा 19 के तहत ब्याज भी उद्ग्रहणीय था।

सरकार ने उत्तर दिया (मार्च 2022) कि तीन विक्रेताओं[4] के चार मामलों में पुनर्निर्धारण किया। राशि वसूली हेतु लंबित थी एवं एक विक्रेता के मामले में उत्तर स्वीकार कर लिया गया क्योंकि

---

1 उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी नाहन स्थित सिरमौर, ऊना, बद्दी, सोलन व नूरपुर (कांगड़ा)।

2 शाखा हस्तांतरण पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति नहीं होगी = (4%) / (कर की दर) x (कुल इनपुट टैक्स क्रेडिट - कर की इसी दर की बिक्री पर इनपुट टैक्स क्रेडिट)।

3 उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी सिरमौर: चार मामले: ₹ 49.92 लाख, उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी ऊना: चार मामले: ₹ 63.40 लाख, उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी बद्दी: तीन मामले: ₹ 24.51 लाख, उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी सोलन: दो मामले: ₹ 0.92 लाख व उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी नूरपुर (कांगड़ा): एक मामला: ₹ 1.30 लाख।

4 मालवा कॉटन, फेवा इलेक्ट्रिक व स्टुफा।

कंपनी को मुंबई के माननीय उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा परिसमाप्त किया गया था। शेष मामलों में राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों को उचित कार्रवाई हेतु सरकार द्वारा निर्देश दिए गए।

विभाग संबंधित अधिकारियों को निर्धारण में इनपुट टैक्स क्रेडिट का समायोजन करते समय संबंधित नियम प्रावधानों पर उचित ध्यान देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने पर विचार करें।

5.2 न्यूनतम गारंटीकृत कोटे से कम शराब उठाने पर शास्ति एवं अतिरिक्त शास्ति का अनुद्ग्रहण

विभाग ने क्रमशः 100 प्रतिशत व 85 प्रतिशत के बेंचमार्क के प्रति कम न्यूनतम गारंटीकृत कोटा उठाने पर ₹ 37.46 करोड़ की शास्ति एवं ₹ 1.58 करोड़ की अतिरिक्त शास्ति का उदग्रहण नहीं किया।

हिमाचल प्रदेश सरकार की आबकारी घोषणा 2019-20[5] का परिच्छेद 5.3 एवं हिमाचल प्रदेश सरकार की आबकारी घोषणा 2018-19 का परिच्छेद 4.3 निर्धारित करता है कि हर लाइसेंसधारी देशी शराब एवं भारत में निर्मित विदेशी शराब दोनों का, प्रत्येक बिक्री केंद्र हेतु निर्धारित 100 प्रतिशत न्यूनतम गारंटीकृत कोटा उठाएगा तथा 100 प्रतिशत न्यूनतम गारंटीकृत कोटे से न उठाए गए कम कोटे पर उसे खुदरा आबकारी शुल्क के बराबर शास्ति का भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त यदि न्यूनतम गारंटीकृत कोटे के 85 प्रतिशत से भी कम कोटा उठाया गया हो, तो उसे खुदरा आबकारी शुल्क के बराबर शास्ति के साथ न्यूनतम गारंटीकृत कोटे के 85 प्रतिशत से कम कोटे पर खुदरा आबकारी शुल्क की 10 प्रतिशत अतिरिक्त शास्ति का भुगतान करना होगा। संबंधित जिलाप्रभारी त्रैमासिक आधार पर न्यूनतम गारंटीकृत कोटा उठाने की समीक्षा करेंगे एवं उठाए न गए न्यूनतम गारंटीकृत कोटे पर शास्ति के साथ-साथ अतिरिक्त शास्ति की वसूली भी सुनिश्चित करेंगे।

हिमाचल प्रदेश सरकार की आबकारी घोषणा 2019-20 के परिच्छेद 5.5 (अ) में भी निर्धारित है कि यदि उठाए न गए मासिक कोटे पर लाइसेंसधारी खुदरा आबकारी शुल्क के बराबर शास्ति का भुगतान करने में विफल रहता है, तो लाइसेंसधारी बकाया राशि पर देय तिथि से एक माह तक के विलंब हेतु 14 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करेगा। यदि वार्षिक खुदरा उत्पाद शुल्क के भुगतान में बकाया एक माह से अधिक हो जाता है, तो ऐसा लाइसेंसधारी बकाया की पहली तिथि से एक माह की अवधि की समाप्ति की तिथि से बकाया राशि पर @18 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करेगा।

[5] कोविड महामारी के कारण मई 2020 तक बढ़ा दिया गया।

वर्ष 2020-21 के दौरान नमूना-जांच किए गए छः राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों[6] (11 में से) के 2018-20 की अवधि के अभिलेखों की संवीक्षा से उजागर हुआ कि इन छः राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त के अधीनस्थ देशी शराब व भारत निर्मित विदेशी शराब के 1041 लाइसेंसधारियों में से 714 लाइसेंसधारियों ने 100 प्रतिशत बेंचमार्क से 11,58,496 प्रूफलीटर[7] कम कोटा उठाया जिस पर ₹ 37.46 करोड़ की शास्ति उद्ग्रहणीय थी। इन 714 लाइसेंसधारियों में से 241 लाइसेंसधारियों ने 85 प्रतिशत बेंचमार्क से 4,67,993 प्रूफलीटर कम कोटा उठाया जिस पर ₹ 1.58 करोड़ की अतिरिक्त शास्ति उद्ग्रहणीय थी।

तालिका-5.2.1: देशी शराब व भारत निर्मित विदेशी शराब हेतु 100 प्रतिशत व 85 प्रतिशत के बेंचमार्क के प्रति उठाया गया न्यूनतम गारंटीकृत कोटा

शराब का प्रकार	निर्धारित न्यूनतम गारंटीकृत कोटा (प्रूफ लीटर में)	उठाया गया न्यूनतम गारंटीकृत कोटा (प्रूफ लीटर में)	आबकारी घोषणा के अनुसार उद्ग्रहणीय खुदरा आबकारी शुल्क की दर (प्रूफ लीटर में)	100 प्रतिशत बेंचमार्क		85 प्रतिशत बेंचमार्क	
				100 प्रतिशत से कम उठाया गया न्यूनतम गारंटीकृत कोटा	शास्ति (₹)	85 प्रतिशत से भी कम उठाया गया न्यूनतम गारंटीकृत कोटा	अतिरिक्त शास्ति (₹)
1	2	3	4	5=2-3	6=4*5	7	8
देशी शराब	54,51,629	49,36,246	290	5,15,385	14,94,61,579	1,92,953	55,95,650
भारत में निर्मित विदेशी शराब	60,97,909	54,54,797	350	6,43,111	22,50,89,009	2,75,040	1,02,31,684
योग	**1,15,49,538**	**1,03,91,043**		**11,58,496**	**37,45,50,587**	**4,67,993**	**1,58,27,335**

इस प्रकार आबकारी घोषणा द्वारा त्रैमासिक आधार पर न्यूनतम गारंटीकृत कोटा पर कोटा उठाने की स्थिति की अपेक्षित सख्ती से समीक्षा करने में राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों की विफलता से ₹ 39.04 करोड़ (₹ 37.46 करोड़ + ₹ 1.58 करोड़) की शास्ति एवं अतिरिक्त शास्ति की अवसूली में परिणत हुई। इसके अतिरिक्त आबकारी घोषणा 2019-20 के परिच्छेद 5.5 (अ) के तहत ब्याज भी उद्ग्रहणीय था।

सम्बंधित राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त ने लेखापरीक्षा टिप्पणियों को स्वीकार किया एवं उत्तर दिया कि बकायादारों से शास्ति एवं अतिरिक्त शास्ति की वसूली हेतु कार्रवाई की जाएगी।

विभाग जवाबदेही तय करें तथा उपरोक्त टिप्पणियों के आलोक में देय लाइसेंस फीस राशि की वसूली सुनिश्चित करें।

---

6 ऊना, हमीरपुर, धर्मशाला स्थित कांगड़ा, कुल्लू, नाहन स्थित सिरमौर व मंडी।

7 अल्कोहल की तीव्रता को 'डिग्री प्रूफ' के रूप में मापा जाता है। ऐसी शराब की तीव्रता के 13 भाग जिनका वजन 51 डिग्री फ़ारेनहाइट पर 12 भागों के पानी के बराबर होता है, को 100 डिग्री प्रूफ लिया जाता है। अल्कोहल के दिए गए नमूने की स्पष्ट मात्रा को 100 डिग्री की तीव्रता वाले अल्कोहल की मात्रा में परिवर्तित करने पर एल.पी.एल या पी.एल कहा जाता है।

5.3 खुदरा आबकारी शुल्क एवं बोतलीकरण फीस के विलंबित भुगतान पर ब्याज का अनुद्ग्रहण

विभाग द्वारा क्रमशः 69 बिक्री-केन्द्रों के लाइसेंसधारियों एवं पांच विनिर्माताओं से लाइसेंस फीस के विलंबित भुगतान पर ₹ 41.16 लाख एवं बोतलीकरण फीस के विलंबित भुगतान पर ₹ 26.30 लाख की ब्याज राशि की मांग न करने के परिणामस्वरूप ₹ 67.46 लाख के ब्याज का उदग्रहण नहीं हुआ।

आबकारी घोषणा 2019-20 के पैरा 3.35 में प्रावधान है कि यदि लाइसेंसधारी निर्धारित तिथि तक खुदरा आबकारी शुल्क का भुगतान करने में विफल होता है, तो वह बकाया की तिथि से एक माह तक के विलम्ब हेतु बकाया राशि पर 14 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करेगा। यदि बकाया एक माह से अधिक हो जाता है, तो वह बकाया के प्रथम माह की समाप्ति की तिथि से चुकाई न की गई राशि पर 18 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करेगा। आबकारी घोषणा के परिच्छेद 3.36 में यह भी प्रावधान है कि यदि लाइसेंसधारी अगले माह के अंतिम दिन तक ब्याज या 15 मार्च तक अंतिम किश्त जमा करने में विफल रहता है, तो राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त द्वारा उसके बिक्री-केंद्र को अगले माह के पहले दिन या 16 मार्च को सील कर दिया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश पर प्रयोज्य पंजाब डिस्टिलरी नियम, 1932 के नियम 9.5 (6(क)ii) में प्रावधान है कि निर्धारित दरों पर बोतलीकरण फीस त्रैमासिक आधार पर चुकानी होगी। नियम 9.5(8) में आगे प्रावधान है कि देय तिथि तक बोतलीकरण फीस या उसके किसी भाग का भुगतान करने में विफल रहने के मामले में बकाया की तिथि से एक माह की अवधि हेतु 12 प्रतिशत की वार्षिक दर पर ब्याज; तथा यदि फीस का भुगतान बकाया एक माह से आगे बढ़ता है तो जब तक बकाया जारी रहे तब तक भुगतान में बकाया की प्रारंभिक तिथि से 18 प्रतिशत की वार्षिक दर पर ब्याज चुकाना होगा।

2020-21 के दौरान नमूना-जांच किए गए चार राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों[8] (11 में से) के अभिलेखों की संवीक्षा से उजागर हुआ कि 583 बिक्री-केन्द्रों में से 69 लाइसेंसधारियों ने ₹ 53.59 करोड़ का खुदरा आबकारी शुल्क एक से 102 दिनों के विलम्ब से जमा किया। 23 मामलों में विलम्ब एक माह से अधिक का था। ये लाइसेंसधारी विलम्बित भुगतान पर ₹ 41.16 लाख के ब्याज के भुगतान हेतु उत्तरदायी थे।

इसी भांति दो राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों[9] के अधीन पांच विनिर्माताओं ने ₹ 5.88 करोड़ की बोतलीकरण फीस एक से 421 दिनों के विलम्ब से जमा की, जिस पर ₹ 26.30 लाख का ब्याज उद्ग्रहणीय था।

---

[8] राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त: सोलन 15 बिक्री-केंद्र; ₹ 11.64 लाख, नूरपुर (कांगड़ा): आठ बिक्री-केंद्र; ₹ 2.22 लाख, मंडी 12 बिक्री-केंद्र; ₹ 4.40 लाख व कुल्लू 34 बिक्री-केंद्र; ₹ 22.90 लाख।

[9] राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त: बद्दीः तीन विनिर्माता; ₹ 19.80 लाख व नूरपुर: दो विनिर्माता; ₹ 6.49 लाख।

इस प्रकार, ₹ 67.46 लाख (खुदरा आबकारी शुल्क पर ₹ 41.16 लाख एवं बोतलीकरण फीस पर ₹ 26.30 लाख) की वसूली नहीं की गई। राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों ने अभ्युक्तियों को स्वीकार किया तथा उत्तर दिया की ब्याज की वसूली हेतु प्रयास किया जाएगा।

लेखापरीक्षा द्वारा विगत पांच वर्षों में बारम्बार इंगित किए जाने के बावजूद कमी बनी हुई है, जो आबकारी घोषणा के प्रावधानों को लागू करने में लापरवाही/निष्क्रियता को परिलक्षित करती हैं। सरकार अपने राजस्व की सुरक्षा हेतु खुदरा विक्रेताओं, डिस्टिलरी, मद्यशालाओं, बोतलीकरण संयंत्रों से वसूली की आवधिक समीक्षा करने पर विचार करें।

5.4 बोतलीकरण लाइसेंस फीस की वसूली न करना

राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त ने दो डिस्टिलरी/बोतलीकरण संयंत्रों में ₹ 71.86 लाख की वसूली योग्य राशि के प्रति ₹ 34.96 लाख बोतलीकरण लाइसेंस फीस की वसूली की जो ₹ 36.91 लाख की अवसूली में परिणत हुई। इसके अतिरिक्त ब्याज भी उद्ग्रहणीय था।

हिमाचल प्रदेश के लिए लागू पंजाब डिस्टिलरी नियम, 1932 के नियम 9.5 (6) में प्रावधान है कि लाइसेंसधारी उसके द्वारा बोतलबंद देशी शराब एवं भारत निर्मित विदेशी शराब की 750 मिलीलीटर की इकाइयों के अनुसार प्रभार्य राशि सरकारी कोषागार में अदा करेगा। पंजाब डिस्टिलरी नियम के नियम 9.5 (8) में आगे प्रावधान कि लाइसेंसधारी देय तिथि तक फीस या उसके किसी भाग का भुगतान करने में विफल रहता है तो बकाया की तिथि से एक माह की अवधि हेतु 12 प्रतिशत की वार्षिक दर पर ब्याज तथा यदि फीस का भुगतान बकाया एक माह से आगे बढ़ता है तो सम्पूर्ण विलंब हेतु 18 प्रतिशत की दर से ब्याज चुकाना होगा। इस शुल्क का भुगतान लाइसेंसधारी द्वारा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के सात दिनों के भीतर त्रैमासिक आधार पर किया जाए।

2020-21 में नमूना-जांच किए गए दो राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त[10] (11 में से) के अधीन दो डिस्टिलरी के वर्ष 2019-20 के अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से उजागर हुआ कि इकाइयों ने 17.72 लाख प्रूफलीटर (47.06 लाख बोतल) शराब (देशी शराब एवं भारत निर्मित विदेशी शराब) का उत्पादन किया, जिस पर ₹ 71.86 लाख की निर्धारित दरों[11] पर भुगतान योग्य बोतलीकरण फीस के प्रति इकाइयों ने केवल ₹ 34.96 लाख का भुगतान किया, जैसाकि नीचे दिया गया है:

---

[10] सिरमौर व ऊना।

[11] देशी शराब: ₹ 1.50 व भारत निर्मित विदेशी शराब: ₹ 4.50 प्रति बोतल।

तालिका-5.4.1: देशी शराब व भारत निर्मित विदेशी शराब हेतु चुकाई गई कम बोतलीकरण लाइसेंस फीस

राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त का नाम	प्रूफ में उत्पादन (लीटर)			750 मिलीलीटर की बोतलों की संख्या			भुगतान योग्य बोतलीकरण फीस			अदा	वसूली योग्य राशि (₹)
	भारत निर्मित विदेशी शराब	देशी शराब	कुल (भारत निर्मित विदेशी शराब + देशी शराब)	भारत निर्मित विदेशी शराब की बोतलें (750 मिली)	देशी शराब की बोतलें (750 मिली)	कुल बोतलें (भारत निर्मित विदेशी शराब + देशी शराब)	बोतलीकरण फीस @ ₹ 4.50 प्रति इकाई (भारत निर्मित विदेशी शराब)	बोतलीकरण फीस @ ₹ 1.50 प्रति इकाई (देशी शराब)	कुल बोतलीकरण फीस (भारत निर्मित विदेशी शराब + देशी शराब)		
उना	12,456	10,13,832	10,26,288	22,143	27,03,552	27,25,693	99,646	40,55,328	41,54,974	7,15,000	34,39,974
सिरमौर	11,520	7,34,796	7,46,316	20,481	19,59,456	19,79,937	92,163	29,39,184	30,31,347	27,80,650	2,50,697
योग	**23,977**	**17,48,628**	**17,72,605**	**42,625**	**46,63,008**	**47,05,633**	**1,91,812**	**69,94,512**	**71,86,324**	**34,95,650**	**36,90,670**

अभिलेख में ऐसा कुछ भी नहीं था जो इंगित करता हो कि संबंधित इकाईयों के प्रमुखों ने शेष बोतलीकरण फीस की वसूली हेतु कोई कार्रवाई की थी। इसके परिणामस्वरूप ₹ 36.91 लाख[12] के बोतलीकरण फीस/बोतलीकरण लाइसेंस फीस की वसूली नहीं हुई। इसके अतिरिक्त पंजाब डिस्टिलरी नियम, 1932 के नियम 9.5(8) के तहत ब्याज भी उद्ग्रहणीय था। इसे इंगित किए जाने पर राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों ने तथ्यों एवं आंकड़ों के सही होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जाएगी तथा आबकारी नीति के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

5.5 देशी शराब की संदेहास्पद चोरी

थोक व्यापारी द्वारा बेची गई एवं खुदरा विक्रेताओं द्वारा उठाई गई मात्रा के मध्य मिलान न होना ₹ 24.05 लाख के खुदरा उत्पाद शुल्क की संदेहास्पद चोरी के रूप में परिणत हुई।

आबकारी घोषणा 2019-20 के नियम 7.13 (ix) में प्रावधान है कि राज्य के खुदरा लाइसेंसधारी को देशी शराब एवं उच्च तीव्रता वाली देशी शराब की आपूर्ति केवल एल-13 थोक के माध्यम से की जाएगी तथा यह कि एल-13 लाइसेंसधारी जिले के किसी भी खुदरा बिक्री लाइसेंसधारी को, जहां वह चाहे, देशी शराब की आपूर्ति करने हेतु बाध्य होगा। जिले में कोई एल-13 बिक्री-केंद्र खुले न होने के मामले में संबंधित अंचल के कलेक्टर द्वारा इस शर्त में यह ढील दी जा सकती है कि ऐसी स्थिति में खुदरा विक्रेता जोन के कलेक्टर द्वारा अनुमोदित एल-13 से आपूर्ति प्राप्त करेगा।

आबकारी प्राधिकरण से पास/परमिट प्राप्त करने के पश्चात् ही थोक व्यापारी द्वारा शराब/बीयर को गोदाम से खुदरा विक्रेताओं को बेचा/परिवहन किया जा सकता है।

[12] सिरमौर: ₹ 2.51 लाख व ऊना: ₹ 34.40 लाख।

2020-21 के दौरान नमूना-जांच किए गए दो[13] राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों (11 में से) के अभिलेखों की संवीक्षा से उजागर हुआ कि इन दो राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों के अधीन खुदरा विक्रेताओं ने जिले में थोक विक्रेताओं द्वारा 21.99 लाख प्रूफ लीटर देशी शराब की बिक्री के विरूद्ध 21.91 लाख प्रूफ लीटर देशी शराब उठाई। नीचे दी गई तालिका के अनुसार थोक विक्रेताओं द्वारा बेचे गए कोटे एवं खुदरा विक्रेताओं द्वारा उठाए गए कोटे के मध्य निम्नवत अंतर रहा:

तालिका-5.5.1: देशी शराब की संदेहास्पद चोरी के विवरण

क्र. सं.	राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त का नाम	थोक विक्रेताओं द्वारा बेचा गया कोटा (देशी शराब)	खुदरा विक्रेताओं द्वारा उठाया गया कोटा (देशी शराब)	अंतर	देशी शराब हेतु खुदरा आबकारी शुल्क @ ₹ 290 प्रति प्रूफलीटर
1	बद्दी	12,87,967.14	12,87,009.16	957.98	2,77,814.20
2	सिरमौर	9,11,440.125	9,04,105	7,335.125	21,27,186.25
सकल योग		**21,99,407.265**	**21,91,114.16**	**8,293.105**	**24,05,000.45**

इस प्रकार, थोक विक्रेताओं की ओर से ₹ 24.05 लाख के खुदरा उत्पाद शुल्क से अंतर्ग्रस्त 8,293.105 प्रूफ लीटर देशी शराब की संदिग्ध चोरी हुई, जिसकी गणना 2019-20 के खुदरा उत्पाद शुल्क की लागू दरों के अनुसार की गई थी।

लेखापरीक्षा में इंगित किए जाने पर (फरवरी 2021), राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त, सिरमौर ने उत्तर दिया कि थोक विक्रेताओं एवं खुदरा विक्रेताओं की बिक्री के आंकड़ों का मिलान किया जाएगा तथा उसके परिणाम लेखापरीक्षा को सूचित किए जाएंगे।

विभाग शराब की चोरी से बचने के लिए थोक विक्रेताओं की बिक्री एवं खुदरा विक्रेताओं की रसीद की जांच करने हेतु एक तंत्र तैयार करें।

राजस्व विभाग

5.6 संपत्तियों के बाजार मूल्य का अल्प निर्धारण

गलत सर्किल दरों के आधार पर गलत मूल्यांकन एवं सड़क से भूमि की दूरी के संबंध में झूठे शपथ-पत्र के परिणामस्वरूप ₹ 3.74 करोड़ के स्टाम्प शुल्क व पंजीयन शुल्क की कम वसूली हुई।

2013 में संशोधित भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अनुच्छेद 23 के अनुसार किसी संपत्ति के बाजार मूल्य या प्रतिफल राशि में से जो भी उच्च हो, पर अन्य व्यक्तियों के लिए छः प्रतिशत एवं महिलाओं के लिए चार प्रतिशत पर स्टाम्प शुल्क उद्ग्राह्य होगा। इसी भांति,

[13] राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त बद्दी व नाहन स्थित सिरमौर।

राजस्व विभाग की दिनांक जनवरी 2012 की अधिसूचना के अनुसार संपत्ति के पंजीयन हेतु संपत्ति के बाजार मूल्य या प्रतिफल राशि में से जो भी उच्च हो, के दो प्रतिशत पर पंजीयन फीस उद्ग्राह्य होगी। राजस्व विभाग ने जनवरी 2016 में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूमि को पांच श्रेणियों में वर्गीकृत करते हुए स्टाम्प शुल्क व पंजीयन फीस की गणना हेतु अधिसूचना जारी की, जो किसी भी सड़क से उसकी अवस्थिति/दूरी पर निर्भर करता है, अर्थात भूमि स्थित हो (i) 25 मीटर की दूरी पर; (ii) 25 मीटर से 50 मीटर की दूरी पर; (iii) 50 मीटर से 100 मीटर की दूरी पर; (iv) 100 मीटर से 1000 मीटर की दूरी पर; तथा (v) राजस्व संपदा में किसी भी सड़क से 1000 मीटर से अधिक की दूरी पर। सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग एवं अन्य सड़क के रूप में वर्गीकृत किया गया है। स्टाम्प ड्यूटी की गणना हेतु क्रेता को संबंधित भूमि की दूरी बताने वाला या राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग या अन्य सड़क की होल्डिंग बताने वाला शपथ-पत्र दाखिल/जमा करना अपेक्षित है। यदि क्रेता का शपथ-पत्र झूठा पाया जाता है, तो लागू स्टाम्प शुल्क/पंजीयन फीस से 50 प्रतिशत तक की शास्ति लगाई एवं वसूली जानी है।

I. गलत सर्किल दरें लागू करने के कारण स्टाम्प शुल्क व पंजीयन फीस का अल्प उद्ग्रहण

2020-21 में नमूना-जांच किए गए 23 उप-पंजीयकों[14] (78 में से) के अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से उजागर हुआ कि ₹ 25.71 करोड़ की प्रतिफल राशि हेतु (2015 व 2020 के मध्य) 195 विलेख पंजीकृत किए गए, जिस पर ₹ 1.83 करोड़ का स्टाम्प शुल्क व पंजीयन फीस उद्ग्रहित की गई। उप-पंजीयकों ने इन बिक्री विलेखों को पंजीकृत करते समय सहायक दस्तावेज यथा विभिन्न श्रेणियों की सड़कों से भूमि की अवस्थिति/दूरी की घोषणा करने वाले स्व-शपथपत्र एवं भूमि की कृषि/अकृषि प्रकृति की घोषणा करने वाले जमाबंदी की उपेक्षा/अनदेखी की।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि उप-पंजीयक ने गलत सर्किल दरें लागू की, जिसके परिणामस्वरूप संपत्तियों का अल्प मूल्यांकन हुआ। लागू सर्किल दरों के अनुसार प्रतिफल राशि ₹ 38.30 बनती है जिस पर ₹ 2.61 करोड़ की स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस उद्ग्रहित की जानी अपेक्षित थी। यद्यपि ₹ 1.83 करोड़ का स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस उद्ग्रहित की गई, जिससे ₹ 77.96 लाख के स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस की अल्प वसूली हुई (स्टाम्प शुल्क: ₹ 55.72 लाख + पंजीयन फीस: ₹ 22.24 लाख)।

---

[14] उप-पंजीयक बड़सर: दो मामले ₹ 1.32 लाख, भोरंज: पांच मामले 1.78 लाख, भराड़ी: नौ मामले ₹ 1.29 लाख, बिलासपुर: चार मामले ₹ 1.86 लाख, बिहरू कलां: सात मामले ₹ 1.25 लाख, छतरी: 10 मामले ₹ 1.20 लाख, धर्मशाला: छ: मामले ₹ 4.69 लाख, गलोड़: दो मामले ₹ 0.59 लाख, हमीरपुर: तीन मामले ₹ 0.33 लाख, जुब्बल: दो मामले ₹ 1.01 लाख, कांगड़ा: 15 मामले ₹ 1.91 लाख, कांगू: दो मामले ₹ 5.14 लाख, कुल्लू: नौ मामले ₹ 1.21 लाख, कटौला: सात मामले ₹ 4.07 लाख, नगरोटा बागवां: 14 मामले ₹ 3.99 लाख, नाहन: 11 मामले ₹ 4.38 लाख, नालागढ़: 15 मामले ₹ 22.30 लाख, पांवटा साहिब: 17 मामले ₹ 2.83 लाख, सदर (मंडी): 20 मामले ₹ 6.99 लाख, शिमला (ग्रा): 27 मामले ₹ 6.28 लाख, सुजानपुर: तीन मामले ₹ 0.60 लाख, टौनी देवी: तीन मामले ₹ 1.04 लाख और टिक्कर: दो मामले ₹ 1.76 लाख।

II. झूठे शपथ-पत्रों की स्वीकृति के कारण स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस का अल्प उद्ग्रहण-

2020-21 में नमूना-जांच किए गए 37 उप-पंजीयकों[15] (78 में से) के अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से उजागर हुआ कि 2015 व 2020 के मध्य क्रेताओं द्वारा फाइल किए गए विभिन्न श्रेणियों की सड़कों से भूमि की होल्डिंग की दूरी घोषित करने वाले स्वशपथ-पत्रों के आधार पर 420 विलेख पंजीकृत किए गए। इन विलेखों को ₹ 78.62 करोड़ की प्रतिफल राशि पर पंजीकृत किया गया था, जिस पर ₹ 5.64 करोड़ का स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस लगाई गई। लेखापरीक्षा ने कानूनगो (राजस्व प्राधिकरण) के पास उपलब्ध मानचित्रों (लट्ठा) के साथ शपथ-पत्रों का सत्यापन किया तथा पाया कि विभिन्न श्रेणियों की सड़क से भूमि की अवस्थिति/दूरी के आधार पर संपत्तियों का मूल्यांकन ₹ 118.20 करोड़ किया जाना चाहिए था, जिस पर ₹ 8.60 करोड़ का स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस उद्ग्रहित करना अपेक्षित था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि यद्यपि राजस्व अभिलेख (लट्ठा) एवं भूमि की दरें विभाग के पास उपलब्ध थी, तथापि उप पंजीयकों ने विलेखों के पंजीयन से पूर्व शपथ-पत्रों का प्रति-सत्यापन न करते हुए क्रेताओं द्वारा फाइल किए गए स्वशपथ-पत्रों में दी गई जानकारी पर भरोसा किया। यह ₹ 2.96 करोड़ के स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस (स्टाम्प शुल्क ₹ 2.21 करोड़ + पंजीयन फीस ₹ 75.98 लाख) के अल्प उद्ग्रहण में परिणत हुआ। इसके अतिरिक्त लागू स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस के 50 प्रतिशत की अधिकतम दर से ₹ 4.29 करोड़ की शास्ति भी उद्ग्रहणीय रही।

यह इंगित किए जाने पर 11 उप-पंजीयकों[16] ने उत्तर दिया कि 82 मामलों में ₹ 36.62 लाख (अप्रैल 2020 से मार्च 2021) की राशि की वसूली कर ली गई है। शेष उप-पंजीयकों ने बताया कि संबंधित राजस्व प्राधिकारी द्वारा संदेहास्पद शपथ-पत्रों की जांच की जाएगी तथा लेखापरीक्षा को सूचित करते हुए समय पर भूमि की सही स्थिति का पता लगाने के पश्चात् तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

[15] उप-पंजीयक अर्की: सात मामले ₹ 2.46 लाख, बलद्वाड़ा: 15 मामले ₹ 6.20 लाख, बड़सर: 10 मामले ₹ 3.07 लाख, भराड़ी: पांच मामले ₹ 3.05 लाख, भवारना: 20 मामले ₹ 5.37 लाख, बिलासपुर: पांच मामले ₹ 17.56 लाख, चंबा : छह मामले ₹ 7.90 लाख, छतरी: आठ मामले ₹ 0.64 लाख, धर्मशाला: 19 मामले ₹ 7.48 लाख, गलोड़: 10 मामले ₹ 4.33 लाख, हरचकियां: छ: मामले ₹ 0.62 लाख, जुब्बल: पांच मामले ₹ 8.14 लाख, जुन्गा: सात मामले ₹ 1.86 लाख, कांगू: 14 मामले ₹ 4.41 लाख, कांगड़ा: 15 मामले ₹ 6.38 लाख, कस्बा कोटला: छह मामले ₹ 2.25 लाख, कटौला: छह मामले ₹ 1.22 लाख, कुल्लू: सात मामले ₹ 1.02 लाख, नाहन: 12 मामले ₹ 37.50 लाख, नालागढ़: 18 मामले ₹ 8.55 लाख, नारग: पांच मामले ₹ 1.79 लाख,नरगोटा बगवां: चार मामले ₹ 0.65 लाख, पालमपुर: नौ मामले ₹ 3.56 लाख, पांगना: 18 मामले ₹ 23.21 लाख, पांवटा साहिब: 19 मामले ₹ 22.71 लाख, रामशहर: 14 मामले ₹ 3.53 लाख, सदर (मंडी): पांच मामले ₹ 1.83 लाख, सरकाघाट: 11 मामले ₹ 4.22 लाख, शिमला (यू): नौ मामले ₹ 3.54 लाख, शिमला (आर): 17 मामले ₹ 40.13 लाख, सिहुंता: छह मामले ₹ 3.01 लाख, सोलन: 17 मामले ₹ 56.33 लाख, सुंदरनगर: 53 मामले ₹ 18.71 लाख, टौनी देवी: सात मामले ₹ 1.63 लाख, थुनाग: 17 मामले ₹ 5.51 लाख, थुरल: छह मामले ₹ 0.66 लाख व टिक्कर: दो मामले ₹ 0.28 लाख।

[16] बलद्वाड़ा: ₹ 5.64 लाख, भरवाईं: ₹ 2.12 लाख, छतरी: ₹ 0.70 लाख, जुन्गा: ₹ 1.67 लाख, मंडी (सदर): ₹ 0.54 लाख, रामशहर: ₹ 0.23 लाख, शिमला (आर): ₹ 6.76 लाख, सिहोंता: ₹ 1.04 लाख, सोलन: ₹ 11.46 लाख, थुनाग: ₹ 5.07 लाख व टिक्कर: ₹ 1.33 लाख।

सरकार नियमों के मनमाने प्रयोग को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार की सड़कों की पहचान एवं सड़क से दूरी की गणना हेतु तंत्र के सरलीकरण के लिए प्रणाली व प्रक्रियाएं स्थापित करें।

5.7 पट्टा-विलेखों पर स्टाम्प शुल्क व पंजीयन फीस की अल्प वसूली

पट्टा-विलेखों पर देय स्टाम्प शुल्क व पंजीयन फीस की गणना हेतु बाजार दरों का उपयोग नहीं किया गया, जो ₹ 0.43 करोड़ की अल्प वसूली में परिणत हुआ।

राजस्व विभाग ने जनवरी 2012 में अधिसूचित किया कि सभी पट्टा विलेखों के पंजीयन हेतु संपत्ति के बाजार मूल्य पर स्टाम्प शुल्क पांच प्रतिशत[17] एवं पंजीयन फीस दो प्रतिशत[18] की दर पर उद्ग्राह्य होगा।

2020-21 में लेखापरीक्षा संवीक्षा से उजागर हुआ कि नमूना-जांच किए गए 10 उप-पंजीयकों (78 में से) में विभाग के पास भूमि की सर्किल दरें एवं बाजार मूल्य[19] निर्धारित करने के लिए आवश्यक संरचनाओं की निर्मित दरें उपलब्ध होने के बावजूद उप-पंजीयकों ने 33 पट्टा-विलेखों पर बाजारी मूल्य का उपयोग करने के बजाय मनमानी प्रतिफल राशि का उपयोग करते हुए स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस उद्ग्रहित की। परिणामस्वरूप बाजार मूल्य के आधार पर उद्ग्रहण योग्य ₹ 0.73 करोड़ के स्टाम्प शुल्क व पंजीयन फीस (स्टाम्प शुल्क ₹ 0.52 करोड़ + पंजीयन फीस ₹ 0.21 करोड़) के प्रति (जो उच्च राशि होती), उप-पंजीयकों ने निम्न राशि पर ₹ 0.30 करोड़ का स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन फीस (स्टाम्प शुल्क ₹ 0.22 करोड़ + पंजीयन फीस ₹ 0.08 करोड़) का उद्ग्रहण किया, जिसके लिए अभिलेख में कोई स्पष्टीकरण नहीं पाया गया एवं परिणामस्वरूप ₹ 0.43 करोड़[20] के स्टाम्प शुल्क व पंजीयन फीस (स्टाम्प शुल्क: ₹ 0.30 करोड़ + पंजीयन फीस: ₹ 0.13 करोड़) की अल्प वसूली हुई।

विभाग ने उत्तर दिया (मार्च व दिसंबर 2020 के मध्य) कि तीन उप-पंजीयकों[21] ने सात मामलों में ₹ 6.82 लाख की राशि की वसूली की। शेष उप-पंजीयकों ने बताया कि मामलों की समीक्षा की जाएगी। सरकार का उत्तर अभी भी प्रतीक्षित था (अगस्त 2022)।

इस मुद्दे को राज्य राजस्व पर विगत वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में उजागर किया गया था, परन्तु उप-पंजीयक विभागीय निर्देशों का उल्लंघन करते रहे। ऐसे विचलनों का बना रहना कमजोर आंतरिक नियंत्रणों का संकेत है। सरकार क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विभागीय अधिसूचना का लगातार पालन न करने के कारणों की जांच करें एवं सुधारात्मक कार्रवाई करे।

---

17 सूत्र: स्टाम्प शुल्क @ 5% x बाजारी मूल्य x पट्टे की अवधि / 100

18 सूत्र: पंजीयन फीस @ 2% x बाजारी मूल्य x पट्टे की अवधि / 100

19 सूत्र: संपत्ति का बाजारी मूल्य = (सर्कल दर * क्षेत्रफल) + {बिल्टअप दर * क्षेत्रफल (अगर संरचना भी बेची जा रही हो)}

20 धीरा: एक मामला, ₹ 1.93 लाख; कांगड़ा : दो मामले, ₹ 6.61 लाख; धरवाला: एक मामला, ₹ 1.49 लाख; हमीरपुर: छह मामले, ₹ 3.92 लाख; सोलनः नौ मामले, ₹ 8.73 लाख; दुलेहर: एक मामला, ₹ 1.51 लाख; जुन्गा: पांच मामले, ₹ 4.38 लाख; शिमला ग्रामीण: एक मामला, ₹ 0.98 लाख; चुराह: पांच मामले, ₹ 8.72 लाख; व चंबा: दो मामले, ₹ 1.64 लाख

21 धीरा ₹ 1.93 लाख, जुन्गा ₹ 4.15 लाख व सोलन ₹ 0.73 लाख।

लोक निर्माण विभाग

5.8 ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने हेतु देय राशि की अल्प वसूली

ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के पश्चात् सड़क के जीर्णोद्धार हेतु सही दरें लागू करने में विभाग की विफलता सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा में लापरवाही को परिलक्षित करती है, जो ₹ 0.55 करोड़ की अल्प वसूली में परिणत हुई तथा वांछित गुणवत्ता मानकों पर सड़क को सुधारने में विभाग की क्षमता के साथ समझौता करना पड़ा।

विभागीय अनुदेशों (जनवरी 2001) के अनुसार सड़कों को हुई क्षति का जीर्णोद्धार लोक निर्माण विभाग द्वारा संबंधित मण्डल के कार्यकारी अभियंता द्वारा बनाए गए प्राक्कलन पर दूरसंचार कंपनियों से प्राप्त निक्षेप निधियों से किया जाता है। वर्ष 2018-19 में भूमिगत केबल/ ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के बाद सड़क के जीर्णोद्धार हेतु मुख्य अभियंता ने क्रमशः पक्की सड़क (मेटल्ड व टारर्ड [22]) हेतु ₹ 1121 प्रति मीटर एवं कच्ची सड़क हेतु ₹ 238 प्रति मीटर की दर[23] निर्धारित की थी। इसके अतिरिक्त, जनजातीय क्षेत्रों के लिए दरें उपरोक्त दरों से 25 प्रतिशत अधिक होनी चाहिए थी।

भरमौर मण्डल के अभिलेखों की संवीक्षा से उजागर हुआ कि 2018 में गरोला से देओल तक आदिवासी क्षेत्र में आने वाली 26.10 किमी[24] की कुल लंबाई के लिए सड़क के जीर्णोद्धार कार्य[25] हेतु ₹ 2.65 करोड़ राशि का एक प्राक्कलन तैयार किया गया एवं दूरसंचार ऑपरेटर[26] को भेजा गया। प्राक्कलन में 5.0 किमी सड़क[27] को कच्ची सड़क के रूप में दर्शाया गया था जबकि रिकॉर्ड के अनुसार वह पक्की सड़क पाई गई। मण्डल ने प्राक्कलन में पक्की सड़क हेतु ₹ 1121/- प्रति मीटर की प्रयोज्य दर के बजाय कच्चा सड़क हेतु ₹ 238/- प्रति मीटर की गलत दर लागू की। इसके परिणामस्वरूप सड़क के इस हिस्से के जीर्णोद्धार पर ₹ 0.55 करोड़[28] की अल्प वसूली हुई।

यह परिच्छेद सरकार को प्रेषित किया गया (अप्रैल 2021)। सरकार ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए प्रमुख अभियंता के उत्तर (सितंबर 2021) का समर्थन किया जिसमें यह कहा गया था कि कार्यकारी अभियंता को संशोधित प्राक्कलन तैयार करने तथा अतिरिक्त राशि

---

22 पूर्व-मिश्रण कालीन बिटुमिनस कंक्रीट।

23 मुख्य अभियंता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग पत्र सं. पीडब्लू(आर) 71-ए-फाइबर केबल/डब्ल्यूएस 559-90 दिनांक 23-4-2018

24 पक्की सड़क: 17.010 तथा कच्ची सड़क: 9.090

25 खड़ामुख नयाग्राम सड़क के भाग गरोला से देओल के साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के कारण सड़क का जीर्णोद्धार।

26 रिलायंस जिओ इन्फोकॉम लिमिटेड।

27 होली अनुमंडल के अंतर्गत 13/000 से 27/200 के बीच बिछी हुई।

28 5000 आरएमटी* (1121 - 238) ₹ प्रति आरएमटी + आदिवासी क्षेत्र के लिए 25 प्रतिशत अतिरिक्त = ₹ 0.55 करोड़।

हेतु उपयुक्त मांग-नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया था (सितंबर 2021)। अनुपालन में कार्यकारी अभियंता ने संशोधित प्राक्कलन (सितंबर 2021) तैयार किया तथा दूरसंचार ऑपरेटर को ₹ 0.55 करोड़ की शेष राशि शीघ्रातिशीघ्र जमा करने के अनुरोध के साथ सूचित किया।

इंगित किया गया मामला लेखापरीक्षा द्वारा संचालित नमूना-जांच पर आधारित है। विभाग/ सरकार ऐसे समान मामलों की जांच करें एवं वास्तविक अभिलेखों के अनुसार प्राक्कलन तैयार करना सुनिश्चित करें।

5.9 सड़क निर्माण-कार्य में निष्फल व्यय एवं ठेकेदार को अनुचित लाभ

अपूर्ण सड़क निर्माण-कार्य पर ₹ 3.34 करोड़ के निष्फल व्यय सहित माप पुस्तिकाओं में फर्जी प्रविष्टियों पर भुगतान करने के अतिरिक्त हेरफेर/ सांठगांठ पूर्ण बोली के कारण ₹ 0.38 करोड़ का अनुचित लाभ प्रदान किया गया।

मंडी जिले के कोटली क्षेत्र में परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए नाबार्ड के तहत एक पुल सहित जबलाही नाला-बरनोटा करकोह सड़क (0/0 से 5/500 किमी) के निर्माण हेतु विशेष सचिव (लोक निर्माण), हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन (अप्रैल, 2011) प्रदान किया गया था। मुख्य अभियंता द्वारा ₹ 1.82 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई (फरवरी 2012)। यह कार्य वर्ष 2015 में सौंपा गया एवं अभी भी प्रक्रियाधीन है (मार्च 2022)।

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, मंडी II मंडल के अभिलेखों (जनवरी 2018) की संवीक्षा एवं तदोपरांत प्राप्त जानकारी में निम्नलिखित अनियमितताएं उजागर हुई -

5.9.1 माप पुस्तिकाओं में फर्जी प्रविष्टियों पर भुगतान

पंजाब लोक निर्माण विभाग संहिता (जिसका हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा पालन किया गया) के परिच्छेद 4.5 व 4.6 में निर्धारित है कि माप पुस्तिका को सबसे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि यह उन परिमापों, जिन्हें गिना या मापा जाना है, के सभी लेखाओं का आधार बनाता है। माप पुस्तिका एक विश्वसनीय रिकॉर्ड होना चाहिए क्योंकि इसे न्यायालय में साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत करना पड़ सकता है।

जनवरी 2015 में पहली बार सड़क निर्माण-कार्य[29] सरकारी ठेकेदार को ₹ 1.56 करोड़ में सौंपा गया एवं इसे दो वर्ष (फरवरी 2017) में पूर्ण किया जाना निर्धारित था।

सौंपे गए कार्य में अन्य बातों के साथ-साथ ₹ 0.46 करोड़[30] राशि में 0/0 किमी से 5/500 किमी तक सड़क को पांच से सात मीटर की चौड़ाई तक चौड़ा करने के लिए 43800.59 घन

---

[29] उपशीर्षः एफ/सी 5/7 मीटर चौड़ा, सीडी वर्क्स, वी शेप कच्चा ड्रेन, पी/एल एसेंशियल सोलिंग व सी/ओ 19.75 मीटर आरसीसीटी बीम ब्रिज।

[30] आरडी 0/0 से 5/500 ₹ 105.76 प्रति घन मीटर की दर से।

मीटर की खुदाई कार्य का प्रावधान था। यद्यपि यह देखा गया कि ठेकेदार ने 58017.96 घन मीटर (कार्य क्षेत्र से 32 प्रतिशत अधिक) परिमाप की खुदाई की, जिसके लिए उसे ₹ 0.61 करोड़ का भुगतान किया गया था। उसके बाद ठेकेदार ने अप्रैल 2016 में काम छोड़ दिया एवं मार्च 2017 में कार्यकारी अभियंता (मंडी मण्डल II) द्वारा अनुबंध रद्द कर दिया गया।

इसके बाद जनवरी 2018 में पहले ठेकेदार द्वारा छोड़े गए शेष कार्य के रूप में सड़क भाग 1/900 से 2/600 के 7490.53 घन मीटर के परिमाप हेतु ₹ 0.08 करोड़[31] राशि का खुदाई का कार्य पुनः एक दूसरे ठेकेदार को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्य के रूप में सितंबर-अक्टूबर 2018 में 25679 घन मीटर की खुदाई हेतु ₹ 0.38 करोड़[32] राशि का खुदाई कार्य भी अन्य 36 ठेकेदारों को सौंपा गया था।

सभी दृष्टांतों में खुदाई कार्य निष्पादित व पूर्ण किए जाने का दावा किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि ₹ 0.46 करोड़ के मूल प्राक्कलन/सौंपे गए 43800.59 घन मीटर खुदाई कार्य के विरूद्ध विभाग को स्पष्ट रूप से कुल 91187.49 घन मीटर[33] परिमाप की खुदाई ₹ 1.07 करोड़ में प्राप्त हुई।

हालांकि जब लेखापरीक्षा में विभिन्न ठेकेदारों की संबंधित माप पुस्तिकाओं में दर्ज खुदाई कार्य की संवीक्षा एवं तुलना की गई तो यह पाया गया कि पहले ठेकेदार द्वारा पहले से ही चौड़ी की गई सड़क को पुनः दूसरे ठेकेदार/36 रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी ठेकेदार द्वारा कार्य किए जाने के रूप में दर्ज किया गया था। इसे **तालिका-5.9.1** के कुछ उदाहरणों से स्पष्ट किया गया है।

तालिका-5.9.1: खुदाई कार्य की पुनरावृत्ति (ओवरलैप) (माप-पुस्तकों के अनुसार)

	प्रथम ठेकेदार द्वारा किया गया खुदाई कार्य			द्वितीय ठेकेदार/ रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्य के विभिन्न ठेकेदारों द्वारा किया गया खुदाई कार्य		
1	2	3	4	5	6	7
आरडी	पहले से ही दर्शाया गया चौड़ीकरण	प्रथम ठेकेदार द्वारा किया गया चौड़ीकरण	निष्पादन के बाद कुल किया गया चौड़ीकरण (अप्रैल 2016)	पहले से ही दर्शाया गया चौड़ीकरण (अगस्त 2018)	द्वितीय/ रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी ठेकेदार द्वारा किया गया चौड़ीकरण	निष्पादन के पश्चात् किया गया कुल चौड़ीकरण
0/0	4	3	7	4.2	0.6	4.8
0/30	3	2.7	5.7	0	6.0	6.0
0/60	3	4	7	0	7.3	7.3
0/90	0	5.6	5.6	0	6.5	6.5
0/120	0	5.2	5.2	0	5.5	5.5
0/150	2.7	3	5.7	5	1	6

[31] आरडी 1/900 से 2/600 ₹ 109 प्रति घन मीटर की दर से।

[32] आरडी 0/0 से 5/500 (1/900 से 2/420 को छोड़कर) तक सभी सड़कें ₹ 146 प्रति घन मीटर की औसत दर से।

[33] 58017.96 घन मीटर + 7490.53 घन मीटर + 25679 घन मीटर।

	प्रथम ठेकेदार द्वारा किया गया खुदाई कार्य			द्वितीय ठेकेदार/ रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्य के विभिन्न ठेकेदारों द्वारा किया गया खुदाई कार्य		
1	2	3	4	5	6	7
आरडी	पहले से ही दर्शाया गया चौड़ीकरण	प्रथम ठेकेदार द्वारा किया गया चौड़ीकरण	निष्पादन के बाद कुल किया गया चौड़ीकरण (अप्रैल 2016)	पहले से ही दर्शाया गया चौड़ीकरण (अगस्त 2018)	द्वितीय/ रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी ठेकेदार द्वारा किया गया चौड़ीकरण	निष्पादन के पश्चात् किया गया कुल चौड़ीकरण
0/180	0	6	6	3.5	2.3	5.8
0/210	0	6	6	6	0.8	6.8
0/240	0	7	7	0	5.5	5.5
0/270	2.5	3.1	5.6	3	2.0	5.0

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि मण्डल ने 2016 (स्तंभ 4) में दर्शाए गए अधिकतम अपेक्षित सड़क चौड़ीकरण के पश्चात्, 2018 (स्तंभ 5) में अधिकतम चौड़ी सड़क कम दर्शाई। एक ही खुदाई कार्य हेतु दो पृथक माप पुस्तिकाओं में माप व भुगतान दो बार दर्ज किया गया।

5.9.2 हेरफेर/ सांठगांठ वाली बोली

प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 के अनुसार "बोली में हेराफेरी" का अर्थ उद्यमों या व्यक्तियों के बीच किसी करार से है, जिसका प्रभाव बोली के लिए प्रतिस्पर्धा को समाप्त करना या कम करना या बोली लगाने की प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव डालना या उसे प्रभावित करना है।

हिमाचल प्रदेश विशिष्ट भ्रष्ट व्यवहार निवारण अधिनियम, 1983 (तत्पश्चात हिमाचल प्रदेश भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम) की धारा 8 (बी) में प्रावधान है कि किसी निर्माण-कार्य विभाग के अंतर्गत किसी कार्य हेतु कोई भी निविदाकर्ता जो स्वीकृति के लिए कम दर वाले निविदा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धा को समाप्त करने के लिए किसी अन्य निविदाकर्ता के साथ षडयंत्र में शामिल होता है, उसे दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

उपर्युक्त अधिनियम की धारा 9 (क) निर्धारित करती है कि किसी निर्माण-कार्य विभाग के किसी अधिकारी को, जिसे विभाग की ओर से निविदा स्वीकार करने का अधिकार है, जो धारा 8 के अंतर्गत दलाली (कमीशन) के लिए उकसा कर ऐसी निविदा को स्वीकार करके अपराध करता है, उसे भी दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

जैसाकि परिच्छेद 5.9.1 में संदर्भित है, पहले ठेकेदार के कार्य छोड़ने के बाद एवं उसका ठेका (अनुबंध) रद्द किए जाने के बाद, कार्य को 36 भागों में विभाजित कर प्रत्येक के लिए पृथक निविदाएं आमंत्रित कि गई। कार्य विभाजन एवं उन्हें सौंपे जाने की प्रक्रिया में हेराफेरी/सांठगांठ वाली बोली लगाने के कई संकेत मिलते हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

5.9.2.1 रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्य का अनियमित कार्य-विभाजन एवं अनियमित रूप से सौंपा जाना

हिमाचल प्रदेश विशिष्ट भ्रष्ट व्यवहार निवारण अधिनियम की धारा 13 के अनुसार निर्माण विभाग का वह अधिकारी, जो खरीद को प्रभावित करने में सक्षम बनाने के लिए दुर्भावनापूर्ण

इरादे से खरीद-आदेश को विभाजित करने का प्रयोग करता है, जो अन्यथा ऐसा करने के लिए उसके वित्तीय अधिकार के दायरे से बाहर होता है, अथवा स्थापित प्रक्रिया का खुलेआम उल्लंघन करता है, उसे दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना होगा।

पंजाब लोक निर्माण विभाग नियमावली के परिच्छेद 6.44 में निर्दिष्ट है कि केवल वही प्राधिकारी किसी कार्य के विभाजन की अनुमति/अनुमोदन कर सकता है, जो पूरे कार्य/परियोजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने में सक्षम है। उक्त नियम के बावजूद, विभागीय निर्देश[34] मौजूद हैं कि कार्यकारी अभियंता अपने स्तर पर कार्यों को विभाजित करने के लिए अधिकृत नहीं हैं, भले ही पूरी परियोजना की तकनीकी मंजूरी उनके अधिकार में हो।

जैसाकि पूर्व में उल्लिखित है, फरवरी 2012 में मुख्य अभियंता द्वारा कार्य हेतु तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी। अतः केवल मुख्य अभियंता ही कार्य के संबंध में विभाजन स्वीकृति प्रदान करने हेतु सक्षम थे। तथापि मई 2018 में कार्य को दो रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्यों में विभाजित करने के लिए अधीक्षण अभियंता से ₹ 0.39 करोड़ की स्वीकृति[35] ली गई थी। तदोपरांत जून व अगस्त 2018 में इन दो रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्यों के खुदाई घटक को मण्डलीय स्तर पर कार्यकारी अभियंता द्वारा एवं उप-मण्डलीय स्तर पर सहायक अभियंताओं द्वारा उनकी संबंधित प्रत्यायोजित शक्तियों से परे बिना किसी स्पष्टीकरण के, आगामी 36 कार्यों में विभाजित किया गया (तालिका-5.9.2)।

कार्यकारी अभियंता ने स्वीकार किया (मार्च 2022) कि कार्यकारी अभियंता कार्यों को विभाजित करने के लिए अधिकृत नहीं हैं, परन्तु आगे बताया कि कार्य की अत्यावश्यकता के कारण कार्य को विभाजित किया गया था तथा सक्षम प्राधिकारी से कार्य की *कार्योत्तर विभाजन* स्वीकृति प्राप्त की जाएगी।

हालांकि, कार्य विभाजन हेतु अत्यावश्यकता के दावे का समर्थन करने के लिए कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए।

5.9.2.2 निविदाओं का विज्ञापन करने व व्यापक प्रचार सुनिश्चित करने में विफलता

पंजाब लोक निर्माण विभाग नियमावली के आदेशों (जिसका हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा पालन किया गया) के अनुसार 50,000 से अधिक लागत के कार्यों हेतु विस्तृत सूचना निविदा आमंत्रण निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क, अनुमोदन प्राप्त ठेकेदारों, अन्य मण्डल कार्यालयों, आदि को भेजी जाए एवं प्रसार के कुछ प्रमाण प्राप्त किए जाएं। इसके अतिरिक्त विभागीय निर्देश[36] हैं कि सभी निविदा नोटिस निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क को सॉफ्टकॉपी[37]

---

34 क्रमांक पीडब्लू/सीटीआर/32-20/सामान्य निर्देश/2012-1877-1976 दिनांक 23/04/2012

35 पत्र सं. पीडब्लू-एसईआई-आर-25-26-एम-11/2017- 3615-16 दिनांक 3-5-18 के तहत ₹ 0.39 करोड़।

36 सं. पीडब्लू-सीटीआर-32-20/सामान्य निर्देश/2014/6006-105 दिनांक 08/07/2014

37 सं. आई एंड पीआर-एच-(एफ)6 (विज्ञापन)-2(डब्ल्यू)/2013-1919 दिनांक 09 जून 2014

में भेजे जाएं एवं अनुपालन न होने के मामले में विभाग के संबंधित अधिकारी निविदा सूचनाओं का प्रकाशन न होने के परिणामों हेतु जिम्मेदार होंगे।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि मण्डल में डायरी प्रविष्टियों में निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क एवं अन्य प्राप्तकर्ताओं को 36 कार्यों में से 20 हेतु विस्तृत सूचना निविदा आमंत्रण नोटिस/पत्र भेजे जाना पृष्ठांकित किए गए थे।

हालांकि जैसाकि पूर्वोक्त आदेश-पुस्तिका में अपेक्षित है, ₹ 50,000 से अधिक के निविदा मूल्य वाले इन 20 कार्यों हेतु निविदा नोटिसों के वास्तविक प्रेषण (डिस्पैच) जैसे डाक प्रमाणपत्र/स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री पर्ची या सॉफ्टकॉपी प्रेषण के किसी ईमेल ट्रेल का कोई प्रमाण नहीं मिला। और तो और निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क ने प्रकाशन हेतु किसी भी रूप/माध्यम (पोस्ट, ईमेल/पेन ड्राइव आदि) में विस्तृत सूचना निविदा आमंत्रण पत्र प्राप्त करने से इनकार किया। अन्य इच्छित प्राप्तकर्ता, जैसे अधीक्षण अभियंता (प्रथम सर्कल मंडी) ने भी मण्डल से विस्तृत सूचना निविदा आमंत्रण नोटिस/पत्र प्राप्त करने से इनकार किया। विभाग के नियंत्रणाधीन उप-मण्डलीय कार्यालयों के पास भी उनकी डायरी प्रविष्टि में उक्त विस्तृत सूचना निविदा आमंत्रण नोटिस/पत्र प्राप्त होने का कोई अभिलेख नहीं था। शेष 16 कार्यों को ₹ 50,000 से कम की निविदा दी गई थी, जिसे व्यापक प्रचार की आवश्यकता से हटा दिया गया था। इस प्रकार, सम्बंधित मण्डल/उप-मण्डल द्वारा विस्तृत सूचना निविदा आमंत्रण का उचित प्रचार नहीं किया गया, जो बाद के बिन्दुओं से प्रमाणित सांठगांठ वाली बोली का समर्थन करता है।

कार्यकारी अभियंता ने उत्तर दिया (मार्च 2022) कि सरकार के निर्देशानुसार एक लाख से अधिक की निविदाएं पंजीकृत डाक/ई-मेल के माध्यम से निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क को भेजी जाती हैं तथा एक लाख से कम की निविदाओं को गिरिराज या किसी अन्य समाचार-पत्र में प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं होती।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इस दावे के समर्थन में कोई दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया एवं उक्त आदेश नियमावली स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करती है कि ₹ 50,000 से अधिक की निविदाओं का प्रचार किया जाए एवं प्रसार का प्रमाण प्राप्त किया जाए। इसके साथ ही निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क को सॉफ्टकॉपी भेजना व प्रकाशन सुनिश्चित करना मण्डलीय अधिकारी की जिम्मेदारी थी, जिसे पूरा नहीं किया गया।

इसके अतिरिक्त निविदा सूचनाएं प्रकाशित न करना बोली-प्रक्रिया से प्रतिस्पर्धा समाप्त करने के लिए उकसाने के समान है, जो कि हिमाचल् प्रदेश भ्रष्ट आचरण अधिनियम की धारा 9 (ए) के तहत अपराध है।

5.9.2.3 बोली चक्रानुक्रम (रोटेशन) के माध्यम से संदेहास्पद सांठगांठ वाली बोली

बोली रोटेशन स्कीम में षड्यंत्रकारी लाभ के हिस्से को आपस में बांटने के लिए सहमत होते हैं तथा इस प्रकार सभी षड्यंत्रकारी अपनी बोली जमा करते हैं परन्तु बारी-बारी से हर षड्यंत्रकारी

सबसे कम बोली लगाने वाला बन जाता है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग स्पष्ट करता है कि "एक कठोर बोली रोटेशन स्वरुप (पैटर्न) संभावना के सिद्धांत की अवहेलना करता है तथा सांठगांठ होने की जानकारी देता है।"

लेखापरीक्षा संवीक्षा में कुछ संदेहास्पद पैटर्न उजागर हुए जो इन 36 कार्यों की निविदा में बोली रोटेशन के माध्यम सांठगांठ वाली बोली की उच्च संभावना को सूचित करते है, जैसाकि तालिका-5.9.2 में दर्शाया गया है।

तालिका-5.9.2: रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्यों की बोली व उन्हें सौंपा जाना

(₹ राशि में)

क्र. सं.	रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी ठेकेदार[38] का नाम	आरडी (से-तक)		न्यूनतम बोलीकर्ता 1 द्वारा मंजूर मोल-भाव दर	उद्धृत दरें			अनुमानित लागत	प्रदान की गई राशि
					न्यूनतम 1 बोलीकर्ता द्वारा	न्यूनतम 2 बोलीकर्ता द्वारा	न्यूनतम 3 बोलीकर्ता द्वारा		
(1)	(2)	(3)		(4)	(5)			(6)	(7)
1	गिरधारी लाल	0/000	0/150	185	225	230	240	89938	128168
2	ध्यान सिंह	0/150	0/330	190	230	235	245	92013	131122
3	गिरधारी लाल	0/330	0/480	231	280	290	300	99093	141034
4	ध्यान सिंह	0/480	0/615	206	250	255	260	97512	138593
5	भुवनेश ठाकुर	0/615	0/735	240	310	320	330	95599	135008
6	भुवनेश ठाकुर	0/735	0/870	223	280	290	300	95584	135520
7	रविंदर कुमार	0/870	1/015	197	240	250	265	96109	136269
8	रविंदर कुमार	1/015	1/210	196	250	255	260	95263	135210
9	जितेंद्र कुमार	1/210	1/435	169	200	210	215	91670	130000
10	जितेंद्र कुमार	1/435	1/645	185	225	230	240	89282	126282
11	मस्तराम	1/645	1/795	225	275	280	290	89544	126461
12	मस्तराम	1/795	1/900	199	240	245	250	78585	111263
13	धनंजय	2/420	2/510	187	225	230	235	95771	135884
14	जीवन लाल	2/510	2/675	213	265	270	275	96018	136689
15	मस्तराम	2/675	2/820	203	250	270	280	49271	69833
16	मस्तराम	2/820	2/893	202	250	270	280	49219	69864
17	गिरधारी लाल	2/893	2/937	228	300	310	320	48954	69569
18	गिरधारी लाल	2/937	2/977	184	225	235	250	48088	68433
19	रविंदर कुमार	2/977	3/064	209	260	290	300	49980	71152
20	रविंदर कुमार	3/064	3/078	246	320	350	360	48801	69351
21	जितेंद्र कुमार	3/078	3/122	214	270	280	290	48919	70080
22	जितेंद्र कुमार	3/122	3/160	250	325	350	360	49192	70044
23	भुवनेश ठाकुर	3/160	3/187	231	290	300	310	48886	69402
24	भुवनेश ठाकुर	3/187	3/231	222	285	290	300	49579	70555
25	ध्यान सिंह	3/231	3/269	186	240	250	260	48908	69230

[38] विभिन्न ठेकेदारों द्वारा उद्धृत दरों को निम्नलिखित रंग योजना में दिखाया गया है:-गिरिधर लाल, ध्यान सिंग, भुवनेश ठाकुर, रविन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, मस्त राम, जीवन लाल, धंजय, रोशन लाल, गायत्री, धरमेन्द्र कुमार, भगत राम, हरीश कुमार, भाग सिंग, खेम चंद, यादव सिंह, हेम सिंह

क्र. सं.	रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी ठेकेदार[38] का नाम	आरडी (से-तक)		न्यूनतम बोलीकर्ता 1 द्वारा मंजूर मोल-भाव दर	उद्धृत दरें			अनुमानित लागत	प्रदान की गई राशि
					न्यूनतम 1 बोलीकर्ता द्वारा	न्यूनतम 2 बोलीकर्ता द्वारा	न्यूनतम 3 बोलीकर्ता द्वारा		
(1)	(2)	(3)		(4)	(5)			(6)	(7)
26	ध्यान सिंह	3/269	3/297	244	310	320	330	47820	67936
27	यादव सिंह	3/297	3/425	191	240	250	260	48692	69193
28	यादव सिंह	3/425	3/504	198	260	280	300	49961	70776
29	धनंजय	3/504	3/630	165	250	260	270	47349	67494
30	धनंजय	3/630	3/780	164	250	260	270	47021	67105
31	जितेंद्र कुमार	3/780	4/015	177	198	200	210	90530	129361
32	गिरधारी लाल	4/015	4/330	188	215	220	225	99817	142515
33	रविंदर कुमार	4/330	4/615	156	190	200	210	93295	133570
34	रविंदर कुमार	4/615	4/765	152	170	180	200	92308	132342
35	ध्यान सिंह	4/765	5/135	152	170	180	190	95419	137002
36	ध्यान सिंह	5/135	5/500	147	160	170	180	83266	119368
	योग							**2637256**	**3751678**

i. हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देश[39] निर्देशित करते हैं कि "विज्ञापित निविदा प्रणाली में प्राप्त बोलियों की संख्या तीन से कम न हो। प्राप्त बोलियों की संख्या तीन से कम होने पर सामान्यतः ऐसी निविदा को अस्वीकार किया जा सकता है एवं पुनः निविदा प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।" 36 रिमूवल ऑफ फॉर्मेशन डेफिशिएंसी कार्यों की बोली में कुल 17 प्रतिभागी ठेकेदार थे। परन्तु 36 कार्यों में से प्रत्येक के लिए हर बोली में ठीक तीन ठेकेदारों ने भाग लिया (उपरोक्त तालिका में कॉलम 4)। इससे पता चलता है कि ये 17 ठेकेदार तीन न्यूनतम बोलियों की पूर्वोक्त आवश्यकता को पूरा करने एवं पुन: निविदा से बचने के लिए बारी-बारी से बोली प्रस्तुत कर रहे थे।

ii. 36 कार्यों में से प्रत्येक के लिए तीन निविदा आवेदन फार्मों की बिक्री की गई। एक मूल फॉर्म में विवरण[40] (नीले पेन में) भरा गया था एवं अन्य दो फॉर्म की कार्बन कॉपी बेची गई थी। यह पाया गया कि जिस बोलीदाता को मूल प्रपत्र बेचा गया था वह 36 कार्यों में से प्रत्येक में न्यूनतम 1 बोलीदाता बन गया, जबकि न्यूनतम 2 व न्यूनतम 3 बोलीदाताओं के पास हमेशा कार्बन प्रतियों में फॉर्म होते थे। यह तभी संभव था जब न्यूनतम1 बोलीदाता पूर्व-निर्धारित था तथा उसकी कागजी कार्रवाई पहले तैयार की गई थी, जबकि कार्बन प्रति में न्यूनतम 2 व न्यूनतम 3 बोलीदाताओं की कागजी कार्रवाई न्यूनतम तीन बोलियों की उक्त आवश्यकता के अनुपालन को दर्शाने के लिए तैयार की गई थी। इससे पता चलता है कि बोली

---

39 सं. आईएनडी/(विविध)एफ(6-10)4/80-111दिनांक 24.10.2013

40 जैसे मण्डल, उपखण्ड का नाम, रनिंग डिस्टेंस के साथ कार्य का नाम, कार्य की अनुमानित लागत, बयाना राशि आदि।

निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से आमंत्रित नहीं की गई थी क्योंकि संभाव्यता का नियम बताता है कि यदि फॉर्म बेतरतीब ढंग से बेचे गए थे तो न्यूनतम1 बोलीकर्ता को कम से कम कुछ मामलों में कार्बन प्रति फॉर्म बेचा जा सकता था।

iii. 36 कार्यों में से 28 में बोलीकर्ता 14 बार लगातार दो हिस्सों के लिए न्यूनतम 1 बोली लगाने में सफल रहे। सड़क के लगातार हिस्से एक ही बोलीकर्ता को 14 बार देने का यह पैटर्न निष्पक्ष व पारदर्शी बोली-प्रक्रिया में एक अप्रत्याशित घटना है तथा ऐसा होने का एकमात्र तर्कसंगत स्पष्टीकरण यह है कि सांठगांठ वाली बोली/बोली रोटेशन हो रहा था।

iv. सभी 36 कार्यों में, मूल रूप से उद्धृत दर (*कॉलम* 5, तालिका-5.9.2) एवं न्यूनतम 1 बोलीदाता (कॉलम 4) की निर्धारित दर के मध्य औसत अंतर 21.02 प्रतिशत (8.13 प्रतिशत से 34 प्रतिशत के मध्य) था। यह स्पष्ट नहीं है कि यदि उन्होंने अपनी मूल रूप से उद्धृत दरों पर उचित रूप से अनुबंध जीता था तो सभी न्यूनतम 1 बोलीदाता अपनी दरों को इतने अधिक मार्जिन से कम करने के लिए क्यों सहमत हुए। यदि न्यूनतम 1 बोलीदाताओं में बोली जीतने के बाद इतनी तेजी से उद्धृत दर कम करने की क्षमता थी तो मूल रूप से उच्च दरें उद्धृत करने का कोई तर्क नहीं बनता क्योंकि न्यूनतम 1 व न्यूनतम 2 बोलीदाताओं के मध्य केवल 4.55 प्रतिशत (1 से 10.34 प्रतिशत के मध्य) का औसत अंतर था तथा न्यूनतम 1 बोलीदाता इतने कम मार्जिन के साथ निविदा खोने का जोखिम उठा सकता था। इससे पता चलता है कि न्यूनतम 1 बोलीदाताओं की मूल रूप से उद्धृत दरें प्रतिस्पर्धा-विरोधी व भ्रामक दरें थीं एवं प्रत्येक बोली में सबसे कम बोली लगाने वाला पूर्व-निर्धारित हो सकता था।

v. समझौते-वार्ता के बाद भी सभी 36 कार्यों हेतु न्यूनतम 1 बोलीदाताओं की समझौता दरें अनुमानित दरों (*कॉलम* 6 *व* 7, तालिका-5.9.2) से लगातार 41-43 प्रतिशत अधिक थीं। इससे पता चलता है कि सभी बोलीदाताओं ने निविदा में बहुत अधिक दरें उद्धृत करने एवं समझौते-वार्ता बाद भी उच्च लाभ मार्जिन प्राप्त करने के लिए सांठगांठ की थी।

vi. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग नियमावली के परिच्छेद 18.7 के अनुसार, "निविदा दस्तावेजों की बिक्री के रजिस्टर में निविदा दस्तावेज जारी करने का कालानुक्रमिक रिकॉर्ड होना चाहिए, जिसमें उन व्यक्तियों के नाम जिन्हें जारी किया गया है, जारी किए गए फॉर्मों की संख्या एवं प्राप्त राशि दर्शाई गई हो। इसके अतिरिक्त, रजिस्टर को एक सहायक रोकड़ बही (कैशबुक) के रूप में माना जाना चाहिए तथा इसके पृष्ठ मशीनी क्रमांकित होने चाहिए।" यह देखा गया कि किसी विशेष कार्य हेतु बेचे गए तीनों फॉर्मों की बिक्री प्रविष्टियां निविदा बिक्री रजिस्टर में संयुक्त रूप से की गई थीं। यह इंगित करता है कि या तो निविदा बिक्री रजिस्टर कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के लिए सभी निविदाएं प्रदान करने के बाद बनाया गया था अथवा किसी विशेष कार्य के लिए सभी तीन फॉर्मों को एक ही समय में बेचा गया था जो सांठगांठ

वाली बोली के समर्थन का संकेत देता है। इसके साथ ही उपरोक्त नियमावली का उल्लंघन करते हुए रजिस्टर में किसी भी प्रविष्टि में दिनांक अंकित नहीं किया गया था तथा सभी पृष्ठ बिना क्रमांक वाले थे।

सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन के बिना अनुबंध को कई कार्यों में विभाजित करना, निविदाओं के प्रचार की कमी, छेड़छाड़ की गई निविदाओं के कई संकेत जैसे इन सभी तथ्यों से पता चलता हैं कि मण्डल ने नियमों व प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया था तथा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए सभी कार्यों को उच्च दरों पर सौंपने में सांठगांठ वाली बोली लगाने की सुविधा प्रदान की थी।

कार्यकारी अभियंता ने प्रत्युत्तर दिया (मार्च 2022) कि:

- **यह संयोग ही था कि इस कार्य के प्रत्येक हिस्से के लिए केवल तीन ठेकेदारों ने भाग लिया एवं आवेदन किया तथा तदनुसार यह कार्यालय इन ठेकेदारों को निविदा रद्द करने या बोली दस्तावेज जारी करने से मना नहीं कर सका।**
- **उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभागी ठेकेदारों को सामान्य रूप से कार्य हेतु आवेदन करने पर निविदा फॉर्म जारी किए गए थे परन्तु संयोग से जिन ठेकेदारों को सामान्यतः कलम लिखित निविदा फॉर्म जारी किए गए उनकी उद्धृत दरें सबसे कम पाई गईं तथा जिनको सामान्यतः निविदा फॉर्म की कार्बन प्रतियां जारी की गईं उनकी उद्धृत दरें उच्च पाई गईं। टेंडर प्रक्रिया के दौरान सरकार के निर्देशों के अनुसार पारदर्शिता के सभी उपायों का पालन किया गया था परन्तु कभी-कभी संयोगवश इस प्रकार की स्थिति आ जाती है।**
- **इसके अतिरिक्त यह संयोगवश हुआ था कि सड़क के सिलसिलेवार हिस्सों के लिए उन्हीं बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत दरें सबसे कम पाई गई तथा उसे तदनुसार न्यूनतम बोलीदाता/ठेकेदार को प्रदान किया गया।**

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि तीनों अलग-अलग संयोग होने की संभावना लगभग शून्य[41] है तथा यह असंभव/दुर्लभ से दुर्लभ की श्रेणी में आता है। इसके अतिरिक्त एक ही बोली प्रक्रिया में एक ही समय में घटित होने वाली ये तीन घटनाएं और भी दुर्लभ हैं। इस प्रकार ये घटनाएं केवल "संयोग" नहीं हैं, बल्कि संयोग के नियम की अवहेलना करती हैं तथा सांठगांठ/बोली में हेरफेर को परिलक्षित करती हैं।

5.9.3 पुल निर्माणकार्य के कार्यान्वयन में विलम्ब

प्रथम ठेकेदार द्वारा कार्य छोड़ने के पश्चात्, अगस्त 2017 में आरडी 0/357 पर जबलाही नाला पर 19.75 मीटर स्पैन आरसीसी टी-बीम पुल के निर्माण हेतु ₹ 0.55 करोड़ की लागत पर

[41] गणितीय रूप से दशमलव के 20वें स्थान तक माने जाने के बाद भी प्रायिकता शून्य होती है।

निविदा प्रदान की गई तथा इसे छः माह (फरवरी 2018) में पूर्ण किया जाना निर्धारित था। हालांकि यह पाया गया कि चार वर्ष से अधिक के विलम्ब के पश्चात् भी मात्र ₹ 0.36 करोड़ राशि के कार्य का कार्यान्वयन हुआ (मार्च 2022) एवं कार्य अब तक अपूर्ण है, जिससे सड़क निर्माण पर ₹ 3.34 करोड़ का संपूर्ण व्यय निष्फल हो गया (दिसंबर 2021)।

इस प्रकार माप पुस्तिकाओं में फर्जी प्रविष्टियों पर भुगतान कर अनुचित लाभ देने, हेरफेर/सांठगांठ वाली बोली के कारण ₹ 0.38 करोड़ का अनुचित लाभ एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त होने के 11 वर्ष के विलम्ब के पश्चात् भी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण ₹ 3.34 करोड़ के निष्फल व्यय होने के अतिरिक्त क्षेत्र के लोग अभीष्ट लाभ से भी वंचित हैं।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष राज्य सरकार को प्रेषित किए गए (मार्च 2022) एवं उत्तर प्रतीक्षित था (अगस्त 2022)।

सिफारिशें:

- ***अधिकार न होने के बावजूद भी कार्यकारी अभियंताओं द्वारा कार्य का विभाजन करने की कठोरता से जांच की जाए एवं जवाबदेही तय की जाए।***
- ***निविदा प्रचार/विज्ञापन हेतु विभिन्न पतों पर पत्र (ईमेल/रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट) प्रेषित करने का प्रमाण अनिवार्य किया जाए एवं जवाबदेही तय जाए।***
- ***गिरिराज (राज्य सरकार का साप्ताहिक प्रकाशन)/अन्य समाचारपत्रों में निविदाओं का प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रकाशन न किए जाने पर मण्डलीय/उप-मण्डलीय अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।***
- ***लेखापरीक्षा नमूना-जांच में इंगित की गई सांठगांठ वाली बोली की पड़ताल हेतु विस्तृत जांच की जाए एवं जवाबदेही तय की जाए।***
- ***लेखापरीक्षा नमूना-जांच में इंगित की गई माप पुस्तिकाओं में हुई फर्जी प्रविष्टियों की जांच की जाए एवं उचित कार्रवाई की जाए।***

5.10 सड़क के सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण के कार्य पर ठेकेदार को अनुचित लाभ

निलंबित सड़क कार्य हेतु ठेकेदार को ₹ 6.15 करोड़ का अनधिकृत/अनियमित अग्रिम भुगतान करके एवं उसे समायोजित/वसूली न करके, विलंब हेतु ₹ 0.82 करोड़ के परिसमापन क्षति का उद्ग्रहण न करके, ₹ 0.62 करोड़ की अस्वीकृत मूल्य वृद्धि प्रदान करके अनुचित लाभ प्रदान किया गया; इसके अतिरिक्त ठेकेदार को अग्रिम भुगतान करने के लिए अन्य योजना(ओं) हेतु प्राप्त नाबार्ड ऋण राशि को पथांतरित (डायवर्ट) कर दिया गया जिससे ब्याज देयता उत्पन्न हुई।

शिमला जिले में सैंज चौपाल नेरवा शाल्लू सड़क के 10 किलोमीटर के हिस्से (आरडी 20/0 किमी से 30/0 किमी) के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए भारत सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति (मई 2017) एवं केन्द्रीय सड़क निधि योजना के माध्यम से ₹ 10.00 करोड़ की व्यय स्वीकृति प्रदान की तथा मुख्य अभियंता, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (शिमला अंचल) ने ₹ 10.12 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की (सितंबर 2017)। जून 2018 में कार्यकारी अभियंता, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, चौपाल मण्डल ने एक ठेकेदार को एक वर्ष के भीतर यानी जुलाई 2019 तक पूर्ण करने की शर्त के साथ ₹ 8.15 करोड़ में निर्माण-कार्य सौंपा। पूर्ण किए जाने वाले कार्यों में बढ़ाई गई चौड़ाई में फोरमेशन कटिंग, संरचनाओं को बनाए रखना, मौजूदा क्रॉस-ड्रेनेज का विस्तार, दानेदार उप-आधार, पानी से बंधे मैकडैम ग्रेड- II व III, बिटुमेन मैकडैम, बिटुमेन कंक्रीट, आवश्यक नालियां व पैरापेट्स प्रदान करना/बिछाना शामिल था।

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, चौपाल मण्डल के अभिलेखों की संवीक्षा (जनवरी 2021) से उजागर हुआ कि कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि से 2.5 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद मार्च 2022 तक कार्य अभी भी अपूर्ण था। इसके अतिरिक्त जहां अनुबंध-मूल्य के केवल 10 प्रतिशत मूल्य का कार्य निष्पादित व मापा गया, वहीं मण्डल द्वारा ठेकेदार को मूल्य-वृद्धि के अतिरिक्त, अनुबंध-मूल्य की 86 प्रतिशत राशि का भुगतान पहले ही करके अनुचित लाभ प्रदान किया गया, जैसाकि अनुवर्ती परिच्छेदों में चर्चा की गई हैं-

5.10.1 ₹ 6.15 करोड़ का अनधिकृत व अनियमित अग्रिम भुगतान

पंजाब लोक निर्माण विभाग कोड एवं केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा कोड (दोनों कोड का अनुपालन हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है) में तीन प्रकार के अग्रिमों का प्रावधान है - विशेष व पूंजी-गहन कार्यों हेतु अग्रिम जुटाना (मोबिलाइज़ेशन एडवांस), कार्य-स्थल (साईट) पर लाई गई सामग्री की सुरक्षा पर सुरक्षित अग्रिम एवं "कार्य निष्पादित परन्तु अमापित" के लिए अग्रिम भुगतान। दोनों कोड निर्देश देते हैं कि "ठेकेदारों को नियमानुसार अग्रिम निषिद्ध है तथा एक ऐसी प्रणाली को बनाए रखने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए जिसके तहत किए गए कार्यों को छोड़कर कोई भुगतान नहीं किया जाता है[42]"।

- **"कार्य निष्पादित परन्तु अमापित"** के संबंध में अग्रिम भुगतान हेतु पंजाब लोक निर्माण विभाग कोड में अनिवार्य सरकारी स्वीकृति निर्धारित है, जबकि केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा कोड में यह निर्धारित है कि कम से कम अधीक्षक अभियंता की स्वीकृति अनिवार्य है। अग्रिम को तीन महीने के भीतर समायोजित करने की दृष्टि से इस तरह के अग्रिम भुगतानों के पश्चात्

[42] पंजाब लोक निर्माण विभाग कोड के अध्याय II कार्य नियम 2.105 में और केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा को 10.2.22 व 10.2.23 में।

दो महीने के भीतर विस्तृत मापन किया जाना चाहिए। केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा कोड में यह भी निर्धारित है कि पहले अग्रिम की वसूली से पूर्व दूसरे अग्रिम की अनुमति केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दी जानी चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि सितंबर 2019 में कार्यकारी अभियंता ने ठेकेदार को ₹ 1.65 करोड़ का पहला अग्रिम भुगतान किया (पूर्ण होने की निर्धारित तिथि समाप्त होने के बाद अर्थात जुलाई 2019) एवं फिर मार्च 2020 में पहले अग्रिम भुगतान की वसूली के बिना ₹ 4.50 करोड़ का दूसरा अग्रिम भुगतान किया। दोनों उदाहरणों में कार्यकारी अभियंता वरिष्ठ अधिकारियों की पूर्व स्वीकृति के बिना ऐसे अग्रिम भुगतान करने के लिए अधिकृत नहीं था। इसके साथ-साथ दो वर्ष के विलम्ब (मार्च 2022) के बाद भी अग्रिम भुगतान को समायोजित/वसूली नहीं की गई।

- अनुबंध के खण्ड 42 एवं 43 के अनुसार ठेकेदार को पूर्ण किए गए कार्य के अनुमानित मूल्य का मासिक विवरण अभियंता को प्रस्तुत करना था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि कार्य सौंपे जाने से दूसरे अग्रिम भुगतान (मार्च 2020) की तिथि (जून 2018) तक ठेकेदार ने ऐसा कोई बिल जमा नहीं किया था एवं विभाग ने उक्त कार्य हेतु ठेकेदार से बिल प्राप्त किए बिना अग्रिम भुगतान प्रदान किया था।

- केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा कोड में निर्धारित है कि वास्तव में निष्पादित कार्य हेतु वास्तविक रूप से निष्पादित कार्य की प्रमात्रा से कम ना हो, तक अग्रिम भुगतान एक अधिकारी (उप-मंडलाधिकारी के पद से नीचे का नहीं) के प्रमाणपत्र पर ही किया जा सकता है तथा ऐसा प्रमाणपत्र प्रदान करने वाला अधिकारी किसी भी अधिक भुगतान के लिए, काम के परिणामस्वरूप हो, व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि सहायक अभियंता (उप-मंडलाधिकारी) ने प्रमाणित किया कि ठेकेदार द्वारा ₹ 8.15 करोड़ का कार्य निष्पादित किया गया, परन्तु मापा नहीं गया। प्रमाणपत्र के आधार पर ₹ 6.15 करोड़ (₹ 8.15 करोड़ की कुल अनुबंध राशि में से) अग्रिम भुगतान (सितंबर 2019 व मार्च 2020) किया गया। हालांकि राज्य गुणवत्ता प्रबंधन विंग की रिपोर्ट से पता चला (फरवरी 2020) कि फरवरी 2020 तक केवल लगभग ₹ 0.49 करोड़ का कार्य निष्पादित किया गया **(परिशिष्ट-5.1)**। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अग्रिम भुगतान उस कार्य के लिए किया गया जिसे भुगतान के समय बड़े पैमाने पर निष्पादित नहीं किया गया था, जो अत्यधिक अनियमित था।

इस प्रकार, बिना आवश्यक प्राधिकार/स्वीकृति प्राप्त किए, नियमों का उल्लंघन करते हुए एवं ऐसे कार्य के लिए जो इस तरह के अग्रिम भुगतान के समय किए गए दावे की तुलना में बहुत

कम सीमा तक निष्पादित किया गया था, ₹ 6.15 करोड़ का अग्रिम भुगतान ठेकेदार को किया गया, जैसा कि बाद में गुणवत्ता जांच निरीक्षण में उजागर हुआ।

5.10.2 दुर्भावनापूर्ण इरादों से अग्रिम भुगतान का गलत लेखांकन एवं असमायोजन

- केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा कोड के खंड 10.5.14 के तहत ठेकेदार को किया गया अग्रिम भुगतान कार्य पर अंतिम परिव्यय के रूप में नहीं लिया जाए। अग्रिम भुगतान एवं उनके बाद के समायोजनों के रिकॉर्ड हेतु निर्माण-कार्य सार (वर्क्स एब्सट्रैक्ट) में एक उचंत शीर्ष, "ठेकेदार - अग्रिम भुगतान" खोला जाए। केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा कोड का खंड 10.2.23 निर्धारित करता है कि निष्पादित परन्तु अमापित कार्य हेतु ठेकेदार को दिए गए अग्रिम के विवरण देते हुए सम्बंधित उप-अभियंता के सूचनार्थ मंडलाधिकारी एक मासिक विवरणी प्रस्तुत करेगा ताकि भुगतान पर नज़र रखी जा सके।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि उपरोक्त प्रावधान का उल्लंघन करते हुए दो अग्रिम भुगतान उचंत शीर्ष "ठेकेदार-अग्रिम भुगतान" में रखने के बजाय सीधे कार्य हेतु प्रभारित किया गया था। इसका अर्थ था कि अग्रिम भुगतानों की प्रास्थिति की निगरानी बंद कर दी गई थी तथा उनके समायोजन/वसूली पर नज़र नहीं रखी गई।

- आगे यह भी देखा गया कि फरवरी 2021 में मण्डल ने सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर 2020 एवं जनवरी 2021 में किए गए खुदाई के 77272.72 घन मीटर परिमाण के विस्तृत माप के आधार पर ठेकेदार का ₹ 0.85 करोड़ का पहला चालू खाता बिल पास किया। हालांकि मण्डल ने बिल पास करते समय अग्रिम भुगतान के प्रति बिल की राशि समायोजित नहीं की। इसके स्थान पर पूर्व में किए गए अग्रिम भुगतान के अतिरिक्त ठेकेदार को ₹ 0.85 करोड़ का भुगतान किया गया, जो कि अनियमित था।

5.10.3 ₹ 0.82 करोड़ की परिसमापन क्षति का अनुद्ग्रहण

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना/अनुबंध के खंड 49 व धारा 4 (अनुबंध डेटा) के अनुसार, ठेकेदार प्रत्येक दिन के विलम्ब हेतु अनुबंध मूल्य के 1/2000वें की दर से परिसमापन क्षति, जो अनुबंध मूल्य के अधिकतम 10 प्रतिशत तक हो सकता है, के भुगतान हेतु उत्तरदायी था।

सितंबर-दिसंबर 2020 व जनवरी 2021 में विस्तृत माप किए गए एवं फरवरी 2021 में मण्डल द्वारा ठेकेदार का प्रथम चालू खाता बिल पारित किया गया। लेखापरीक्षा ने देखा कि ₹ 8.15 करोड़ की कुल ठेका राशि में से केवल ₹ 0.85 करोड़ का कार्य निष्पादित किया गया था। इस प्रकार, फरवरी 2021 तक ठेकेदार ने कार्य की निर्धारित तिथि (जुलाई 2019) से 1.5 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी कार्य के कुल दायरे का लगभग 10 प्रतिशत ही निष्पादित किया था।

चूंकि ठेकेदार ने कार्य के निष्पादन में काफी विलम्ब किया था, अतः ठेकेदार से ₹ 0.82 करोड़ (₹ 8.15 करोड़ के अनुबंध मूल्य का 10 प्रतिशत) की परिसमापन क्षति उद्ग्रहित/वसूली की जानी चाहिए थी। तथापि, ऐसा विभाग द्वारा नहीं करके ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

5.10.4 अग्रिम भुगतानों पर किए गए ₹ 0.62 करोड़ के वृद्धि भुगतान

एक वर्ष से अधिक अवधि के अनुबंधों हेतु श्रम, सामग्री, ईंधन आदि की कीमतों में वृद्धि/कमी के कारण अनुबंध मूल्य में समायोजन/वृद्धि के लिए "मूल्य समायोजन" खंड होना एक सामान्य प्रथा है, जबकि एक वर्ष के अनुबंध अवधि हेतु इस "मूल्य समायोजन" खंड[43] की आवश्यकता नहीं है। चूंकि मौजूदा मामले में अनुबंध की अवधि केवल 12 माह थी, इसलिए इसमें "मूल्य समायोजन/वृद्धि" का कोई प्रावधान नहीं था। तथापि, विभाग ने कार्य निष्पादन में विलम्ब हेतु परिसमापन क्षति लगाने के बजाय, बिना किसी औचित्य के एवं ठेका-अनुबंध के स्पष्ट उल्लंघन में, ठेकेदार को किए गए अग्रिम भुगतान की राशि पर मूल्य वृद्धि के लिए उसे ₹ 0.09 करोड़ व ₹ 0.53 करोड़ का भुगतान किया (मार्च 2021) जिससे ठेकेदार को और अनुचित लाभ दिया गया।

5.10.5 नाबार्ड की निधियों का अनियमित पथांतरण (डायवर्जन) एवं ₹ 0.32 करोड़ की ब्याज देयता

यद्यपि केन्द्रीय सड़क निधि के तहत कार्य स्वीकृत किया गया था, तथापि लेखापरीक्षा में पाया गया कि ठेकेदार को भुगतान करने के लिए नाबार्ड ऋण शीर्ष से ₹ 4.50 करोड़ की राशि डायवर्ट की गई। यह एक गंभीर वित्तीय अनियमितता थी तथा इसका अर्थ यह हुआ कि नाबार्ड शीर्ष से उस कार्य हेतु किए गए अग्रिम भुगतान पर लगभग ₹ 0.32 करोड़ (मार्च 2022 तक) की ब्याज देयता[44] राज्य कोषागार पर हो गई, जिसे नाबार्ड के तहत स्वीकृत भी नहीं किया गया था।

इस प्रकार, मार्च 2021 तक विभाग ने ठेकेदार को निम्नवत रूप से अनुचित लाभ पहुंचाया था- अग्रिम भुगतान (₹ 6.15 करोड़),

- कार्य के निष्पादन में विलम्ब हेतु परिसमापन क्षति (₹ 0.82 करोड़) का अनुद्ग्रहण,
- कार्य के कार्य-क्षेत्र के केवल 10 प्रतिशत निष्पादन हेतु मूल्य वृद्धि भुगतान (₹ 0.62 करोड़),
- ठेकेदार को ब्याज रहित अग्रिम देने के लिए नाबार्ड ऋण राशि का डायवर्जन, जिससे राज्य कोषागार पर लगभग ₹ 0.32 करोड़ की ब्याज देयता होगी (मार्च 2022 तक)।

---

43 केंद्रीय लोक निर्माण नियमावली 2014 का खंड 33.10 (2)

44 पहले वर्ष में ₹ 0.17 करोड़ का ब्याज + दूसरे वर्ष में ₹ 0.15 करोड़ का ब्याज (@ 3.9 प्रतिशत की ब्याज दर = 5.40 - 1.5 (निधि संवितरण के समय प्रचलित बैंक दर - 1.5 प्रतिशत) मार्च 2022 तक दो वर्षों के लिए सात समान वार्षिक किश्तों में चुकाई जाने वाली ऋण राशि के लिए) ।

- इसके अतिरिक्त, अग्रिम भुगतानों की वसूली/समायोजन के बिना प्रथम चालू खाता बिल (₹ 0.85 करोड़) का अनियमित भुगतान।

मार्च 2022 तक कार्य अपूर्ण था। विभाग ने ठेकेदार को कुल ₹ 7.62 करोड़[45] (₹ 8.15 करोड़ के कुल अनुबंध मूल्य का 93 प्रतिशत) का भुगतान किया था एवं ठेकेदार द्वारा कार्य छोड़ने की स्थिति में यह जोखिम था कि विभाग ठेकेदार से अग्रिम भुगतान, वृद्धि भुगतान व परिसमापन क्षति की राशि की वसूली नहीं कर सकेगा।

कार्यकारी अभियंता ने पहले बताया (जनवरी 2021) कि अग्रिम भुगतान इसलिए किया गया क्योंकि ठेकेदार ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य को बेतरतीब ढंग से निष्पादित किया था जिसे मापा नहीं जा सकता था। उत्तर स्वीकार्य नहीं था क्योंकि यह स्पष्ट नहीं था कि कैसे बेतरतीब निष्पादन कार्य के मापन में बाधा उत्पन्न कर सकता है; यदि कार्य निष्पादित किया जा सकता है, तो इसे मापा जा सकता है।

तदोपरांत कार्यकारी अभियंता ने बताया (फरवरी 2022) कि वन मामले से अनापत्ति प्राप्त न होने के कारण निष्पादित कार्य के वास्तविक माप द्वारा अग्रिम भुगतान समायोजित नहीं किया जा सका। यह उत्तर भी स्वीकार्य नहीं है। यह स्पष्ट नहीं है कि वन मामले की गैर-मंजूरी किस प्रकार अग्रिम भुगतान के लिए कार्य का विस्तृत माप लेने में बाधा उत्पन्न कर सकती है क्योंकि वन विभाग को विभाग द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण के अनुसार हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग/सरकार की गैर-वन भूमि के 10 किलोमीटर की हिस्से में केवल 22 वृक्ष[46] खड़े थे।

अपने तीसरे उत्तर में कार्यकारी अभियंता ने बताया (मार्च 2022) कि नवंबर 2019 से मार्च 2020 तक बर्फबारी एवं कोविड-19 महामारी संबंधी लॉकडाउन के कारण माप नहीं किया जा सका तथा वह अग्रिम भुगतान हेतु अधिकृत था।

यह उत्तर अस्वीकार्य था क्योंकि प्रथम चालू खाता बिल (₹ 0.85 करोड़) को अंतिम रूप देने के लिए सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर 2020 व जनवरी 2021 (हिमपात वाले माह) में विस्तृत माप किया गया था। इसके अतिरिक्त, कोविड-19 संबंधित लॉकडाउन केवल मार्च 2020 के अंत में लगाए गए थे। अंत में, इस दावे के समर्थन में, कि उच्च प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना कार्यकारी अभियंता अग्रिम भुगतान हेतु अधिकृत है, कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

---

45 ₹ 6.15 करोड़+ ₹ 0.62 करोड़ + ₹ 0.85 करोड़।

46 वन विभाग को विभाग द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण के अनुसार (पहली बार जनवरी 2020 में बनाया गया) 10 किमी (20/0 से 30/0) के हिस्से में 22 वृक्षों को काटने की आवश्यकता थी।

इस प्रकार, इस परिच्छेद हेतु कार्यकारी अभियंता के उत्तर न तो सुसंगत एवं न ही मान्य थे तथा स्वीकार नहीं किए जा सकते थे।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष राज्य सरकार को प्रेषित किए गए (मार्च 2022) एवं उत्तर प्रतीक्षित था (अगस्त 2022)।

मामले की जांच कराई जाएं एवं संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएं। कार्य पूर्ण करने के लिए भी कदम उठाएं ताकि परिकल्पित लाभों की प्राप्ति की जा सके।

जल शक्ति विभाग

5.11 नलकूपों के निर्माण पर अनावश्यक एवं निष्फल/अप्रभावी व्यय

नलकूप योजनाओं हेतु प्रस्तावित स्थलों पर कार्य प्रारंभ करने से पूर्व जल-निकासी का वैज्ञानिक व्यवहार्यता मूल्यांकन न करना परित्यक्त योजनाओं पर ₹ 0.92 करोड़ के अनावश्यक व्यय एवं मामूली रूप से कार्यशील योजनाओं पर अप्रभावी व्यय के रूप में परिणत हुआ, इसके अतिरिक्त अन्य योजनाएं अनुमोदन के सात वर्ष बीत जाने के बाद भी अपूर्ण रही, जिसके परिणामस्वरूप लाभार्थी सिंचाई सुविधाओं से वंचित रह गए।

भारतीय मानक ब्यूरो दिशानिर्देश जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार पर प्रयोज्य हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (एसपी (क्यूएडब्ल्यूएसएम) 56: 1994) द्वारा "नल (ट्यूब)/बोरवेल की अवस्थिति, संचालन व रखरखाव - दिशानिर्देश" के परिच्छेद 4.2 एवं 4.2.1 में कहा गया है कि भौतिक विशेषताओं जैसे घनत्व, लोच, चुंबकीय संवेदनशीलता, विद्युत प्रतिरोधकता, रेडियोधर्मिता आदि का उपयोग करते हुए भूभौतिकीय तरीके जल-भूगर्भीय (हाइड्रोजियोलॉजिकल) विशेषताओं को निरुपित कर सकते है एवं अच्छे जलवाही स्तर (एक्वीफर्स)/ भूजल क्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता हेतु बोरहोल की ड्रिलिंग के लिए सटीक स्थान दे सकते है एवं इस प्रकार सर्वेक्षण क्षेत्र में भूजल क्षमता के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। इसमें आगे कहा गया है कि "भूभौतिकीय सर्वेक्षण यद्यपि हाइड्रोजियोलॉजिकल जांच की तुलना में महंगा है, तथापि यह बहुत अधिक महंगी ड्रिलिंग के निष्फल व्यय को, विशेष रूप से कठोर चट्टान (हार्ड रॉक) क्षेत्रों में, कम कर सकता है।"

नाबार्ड ऋण योजना[47] के तहत क्रमशः अगस्त 2009 व मार्च 2015 में नालागढ़ (सोलन जिला) के गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए दो सिंचाई परियोजनाओं[48]

---

47 आरआईडीएफ XIV व आरआईडीएफ XX

48 नालागढ़ क्षेत्र में ₹ 4.09 करोड़ में 6 नलकूप (अगस्त 2009), ₹ 5.33 करोड़ में 7 नलकूपों (राजपुरा, मियांपुर बगलेहर, ग्राम पंचायत गोयल जमाला में कल्याणपुर हरिजन बस्ती, भोगपुर, घरोटी (बाईपास), ग्राम पंचायत खिलियां में नग्गर व प्लासरा कालू) (मार्च 2015)।

(परियोजना-I: ₹ 4.09 करोड़ में छ: नलकूप व परियोजना-II: ₹ 5.33 करोड़ में सात नलकूप) को मंजूरी दी गई थी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार दो परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 13 नलकूप ड्रिल किए जाने थे, जिसमें 30 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हेतु प्रत्येक नलकूप में 30 लीटर प्रति सेकंड जल-निकासी अनुमानित थी। इसके अतिरिक्त सिविल कार्य (पंप हाउस, डिलीवरी टैंक, आउटलेट, पक्के व कच्चे फील्ड चैनल का निर्माण) का निष्पादन किया जाना था तथा उपकरण (पंपिंग मशीनरी व पाइप) खरीदे जाने थे।

जल शक्ति मंडल, नालागढ़ के अभिलेखों की संवीक्षा (फरवरी 2018 व मार्च 2021) से उजागर हुआ कि प्रस्तावित ट्यूबवेल कार्य-स्थलों (साइटों) पर उपलब्ध भूजल क्षमता (जल-निकासी) का पता लगाने हेतु उक्त भारतीय मानक ब्यूरो दिशानिर्देशों में अनुशंसित वैज्ञानिक विधियों (भू-भौतिक परीक्षण- विद्युत प्रतिरोधकता विधि, चुंबकीय या रिमोट सेंसिंग तकनीक, आदि) का उपयोग नहीं किया गया था। इसके स्थान पर विभाग पूरी तरह से उसके हाइड्रोलॉजी विंग द्वारा प्रस्तुत (अप्रैल 2008 व अप्रैल 2009) व्यवहार्यता रिपोर्ट पर निर्भर था, जो केवल प्रारंभिक स्थलाकृतिक क्षेत्र सर्वेक्षण एवं भूवैज्ञानिक स्थितियों व आस-पास के क्षेत्रों में ट्यूबवेल के जल-निकासी डेटा से युक्त हाइड्रोजियोलॉजिकल सर्वेक्षण पर आधारित था।

विभाग के हाइड्रोलॉजी विंग द्वारा तैयार की गई व्यवहार्यता रिपोर्ट के आधार पर, उसने दो सिंचाई परियोजनाओं में सभी 13 नलकूपों का ड्रिलिंग कार्य किया, जिसके बाद यह पता चला कि 30 लीटर प्रति सेकंड की अनुमानित जल-निकासी के प्रति सभी नलकूप स्थलों पर वास्तविक जल-निकासी 4 लीटर प्रति सेकंड व 16 लीटर प्रति सेकंड के मध्य थी। परिणामस्वरूप सात नलकूपों को ड्रिलिंग कार्य के बाद छोड़ दिया गया, वहीं कम जल-निकासी के बावजूद विभाग ने अन्य छ: नलकूपों के सिविल कार्य का निर्णय लिया। नलकूप परियोजनाओं की विस्तृत प्रास्थिति की **तालिका-5.11.1** एवं नीचे दिए गए परिच्छेदों में चर्चा की गई है -

तालिका- 5.11.1: नलकूप परियोजनाओं की प्रास्थिति

क्र. सं.	गांव में नलकूप योजना	ड्रिल पूर्ण	अनुमानित जल-निकासी (लीटर प्रति सेकंड)	वास्तविक जल-निकासी (लीटर प्रति सेकंड)	व्यय (₹ करोड़ में)			फरवरी 2022 तक स्थिति
					ड्रिल	सिविल कार्य	कुल	
परियोजना-I: 6 नलकूप (सेरी पहाड़, सेरी देश, राख घनसोत, दत्तोवाल, अंबवाला व जयवाला)								
1.	सेरी पहाड़	मार्च 2011	30	5	0.18	-	0.18	परित्यक्त
2.	सेरी देश			8				
3.	राख घनसोत			8				
4.	दत्तोवाल			7.28	0.22[49]	1.79	2.01	कम जल-निकासी कर कार्यशील
5.	अंबवाला			13				
6.	जयवाला			16				

[49] ₹ 0.40 (6 नलकूपों की ड्रिलिंग पर कुल व्यय) - ₹ 0.18 (तीन परित्यक्त) = ₹ 0.22 करोड़।

क्र. सं.	गांव में नलकूप योजना	ड्रिल पूर्ण	अनुमानित जल-निकासी (लीटर प्रति सेकंड)	वास्तविक जल-निकासी (लीटर प्रति सेकंड)	व्यय (₹ करोड़ में)			फरवरी 2022 तक स्थिति
					ड्रिल	सिविल कार्य	कुल	
परियोजना- II: सात नलकूप (राजपुरा, मियांपुर बगलेहर, ग्राम पंचायत गोयल जमाला में कल्याणपुर हरिजन बस्ती, भोगपुर, घरोटी (बाईपास), ग्राम पंचायत खिलियां में नग्गर व प्लासरा कालू)								
7.	राजपुरा	जुलाई 2016	30	4	0.26	-	0.74	परित्यक्त
8.	मियांपुर बगलेहर	मार्च 2016		7.28	0.17			
9.	कल्याणपुर हरिजन बस्ती	फरवरी 2016		10	0.18			
10.	प्लासरा कालू	अगस्त 2016		9	0.13			
11.	भोगपुर	मई 2016		12	0.20	0.38	0.79	प्रक्रियाधीन[50]
12.	घरोटी (बाईपास)	जुलाई 2016		14	0.11			
13.	नग्गर	अगस्त 2016		14	0.10			

- **परित्यक्त नलकूप -**

जैसाकि उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है, सात नलकूपों (क्रमांक 1, 2, 3, 7, 8, 9, 10) के मामले में ड्रिलिंग कार्य पूर्ण होने के पश्चात् वास्तविक जल-निकासी केवल 4 लीटर प्रति सेकंड से 10 लीटर प्रति सेकंड के मध्य पाई गई। इस प्रकार, योजनाएं व्यवहार्य नहीं थीं तथा कोई सिविल कार्य नहीं किया गया। ड्रिलिंग कार्य पर ₹ 0.92 करोड़[51] का अनावश्यक व्यय हुआ तथा ये सात नलकूप परित्यक्त रहे।

- **कार्यशील/प्रक्रियाधीन नलकूप -**

छ: नलकूपों (क्रमांक 4, 5, 6, 11, 12, 13) में ड्रिलिंग कार्य पूर्ण होने के पश्चात् वास्तविक जल-निकासी 7.28 लीटर प्रति सेकंड व 16 लीटर प्रति सेकंड के मध्य पाई गई, इसके बावजूद विभाग ने इन नलकूप योजनाओं के लिए सिविल कार्य किया।

फरवरी 2022 तक तीन नलकूपों (क्रमांक 11, 12, 13) का सिविल कार्य ₹ 0.79 करोड़ व्यय करने के बाद भी प्रक्रियाधीन था। अन्य तीन नलकूप (क्रमांक 4, 5, 6) जिन पर ₹ 2.01 करोड़ का व्यय किया गया था, बहुत कम जल-निकासी पर कार्य कर रहे थे। हालांकि कार्यशील तीनों नलकूपों में कम जल-निकासी को देखते हुए यह संभावना नहीं थी कि ये नलकूप परिकल्पित 30 हेक्टेयर भूमि की पर्याप्त सिंचाई कर पाएंगे।

इस प्रकार, भूजल क्षमता के आकलन हेतु पूर्वोक्त भारतीय मानक ब्यूरो के दिशानिर्देशों में निर्धारित अधिक विश्वसनीय भूभौतिकीय विधियों को न अपनाने के परिणामस्वरूप जहां सात परित्यक्त नलकूप योजनाओं पर ₹ 0.92 करोड़ का अनावश्यक व्यय एवं कम जल-निकास

---

[50] वितरण प्रणाली एवं पंप हाउस व आउटलेट निर्माण में पाइप उपलब्ध कराना/बिछाना।

[51] ₹ 0.92 करोड़ = ₹ 0.18 करोड़ + ₹ 0.74 करोड़।

वाली तीन कार्यशील नलकूप योजनाओं पर ₹ 2.01 करोड़ का अप्रभावी उपयोग हुआ, वहीँ तीन नलकूप योजनाएं ₹ 0.79 करोड़ के व्यय के बाद भी अपूर्ण रहीं। लाभार्थियों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का उद्देश्य सात परित्यक्त नलकूप योजनाओं के मामले में अप्राप्य रहा तथा कम कवरेज को देखते हुए तीन कार्यशील योजनाओं में केवल मामूली रूप से प्राप्त किया गया। इसके अतिरिक्त इन योजनाओं के सम्बन्ध में नाबार्ड को फर्जी दावे प्रस्तुत करने से वित्तीय अनियमितता एवं राज्य कोषागार से अतिरिक्त ब्याज देयता उत्पन्न हुई।

परियोजना 1 के संदर्भ में कार्यकारी अभियंता ने बताया (नवम्बर 2019 व नवम्बर 2020) कि हाइड्रोलॉजी विंग द्वारा जल-निकासी तीव्रता के आकलन हेतु केवल सर्वेक्षण किया गया था एवं अनुमान से कम जल-निकासी वाले नलकूपों हेतु आनुपातिक रूप से कृषि योग्य क्षेत्र का निर्धारण किया गया। योजना की पूर्णता में विलम्ब तथा जल-निकासी के व्यवहार्यता मूल्यांकन में विफलता का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। परियोजना 2 के संबंध में उत्तर प्रतीक्षित है।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष राज्य सरकार को प्रेषित किया गया (मार्च 2022) एवं उत्तर प्रतीक्षित था (अगस्त 2022)।

विभाग निष्पादन से पूर्व योजनाओं के प्रस्तावित स्थलों पर जल-निकासी का वैज्ञानिक व्यवहार्यता मूल्यांकन सुनिश्चित करें ताकि आगामी चरण में ड्रिलिंग एवं सिविल कार्यों पर अनावश्यक व्यय न हो।

5.12 सीवरेज योजना के कार्यान्वयन पर अनावश्यक एवं निष्फल व्यय

अपर्याप्त योजना तथा भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित न करने के कारण ठियोग नगर में सीवरेज योजना के कार्यान्वयन में 12 वर्षों का अत्यधिक विलम्ब हुआ जिससे ₹ 5.12 करोड़ का व्यय निष्फल रहा।

सीवरेज एवं सीवेज प्रशोधन 1993 पर केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ[52]) मैनुअल के परिच्छेद 1.4 में निर्धारित है कि सीवरेज परियोजनाओं के प्रकार व आकार के आधार पर सीवरेज योजना की डिजाइन एवं पूर्ण होने के मध्य की अवधि तीन से छ: वर्ष तक होनी चाहिए।

जल शक्ति विभाग के मत्याना मंडल के अभिलेखों की संवीक्षा (दिसंबर 2020) से उजागर हुआ कि खराब कार्ययोजना एवं कार्यान्वयन न होने के कारण तथा योजना[53] पर किए गए कुल ₹ 5.12 करोड़ के व्यय के बावजूद ठियोग शहर में सीवरेज योजना पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के 12 वर्ष बाद भी अपूर्ण व अकार्यशील बनी हुई है।

---

[52] केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ), शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार।

[53] इसमें से ₹ 0.63 करोड़ दबे हुए पाइपों व मैनहोलों पर बेकार हो गए थे।

5.12.1 खराब योजना एवं संशोधित तकनीकी स्वीकृति

जून 2006 में ठियोग शहर में सीवरेज योजना हेतु ₹ 4.23 करोड़ की प्रशासनिक रूप से स्वीकृति मिली थी। दो क्षेत्रों (क्षेत्र I व क्षेत्र II) में सीवरेज नेटवर्क बिछाने एवं प्रत्येक क्षेत्र में सीवेज प्रशोधन संयंत्र के निर्माण का प्रावधान करने की योजना बनाई गई थी। इसे चार वर्ष के भीतर अर्थात जून 2010 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित किया गया था तथा 2041 तक 12,019 लोगों की अनुमानित आबादी को सुविधा प्रदान करने के लिए इसका 30 वर्षों का अभिकल्पित (डिज़ाइंड) कार्यकाल था।

जून 2007 में क्षेत्र I व II में दो सीवेज प्रशोधन संयंत्र (प्रत्येक क्षेत्र में एक सीवेज प्रशोधन संयंत्र) के निर्माण हेतु ₹ 0.98 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई थी। हालांकि तकनीकी स्वीकृति के चार वर्ष बाद भी कार्य पर कोई प्रगति नहीं हुई। 2011 में निजी भूमि की संलिप्तता एवं चिन्हित स्थल[54] की अनुपयुक्त अवस्थिति के कारण विभाग ने क्षेत्र I में सीवेज प्रशोधन संयंत्र के निर्माण की योजना त्यागने का निर्णय लिया। इसके स्थान पर निर्णय लिया गया कि:

- क्षेत्र I के सीवरेज नेटवर्क के बड़े हिस्से को क्षेत्र II के सीवरेज नेटवर्क व सीवेज प्रशोधन संयंत्र से जोड़ा जाए, तथा
- क्षेत्र I के उन बचे हुए हिस्सों, जिन्हें क्षेत्र II से जोड़ना संभव नहीं था, के लिए सेप्टिक टैंक प्रदान किया जाए।

क्षेत्र II में विस्तारित क्षमता के साथ सीवेज प्रशोधन संयंत्र के निर्माण एवं क्षेत्र I में दो सेप्टिक टैंकों के निर्माण हेतु मुख्य अभियंता (दक्षिण क्षेत्र) ने ₹ 2.32 करोड़ की संशोधित तकनीकी स्वीकृति (अप्रैल 2012) दी थी। 18 माह (मई 2015 तक) में पूर्ण करने हेतु एक ठेकेदार को ₹ 2.64 करोड़ में कार्य सौंपा गया था (दिसंबर 2013)। पांच वर्ष के विलम्ब से आज की तिथि तक (फरवरी 2020) केवल सीवेज प्रशोधन संयंत्र का निर्माण किया गया। दो सेप्टिक टैंक अब तक नहीं बन पाए।

कार्यक्षेत्र के सापेक्ष निष्पादित कार्य की प्रास्थिति **तालिका-5.12.1** में दी गई है।

तालिका-5.12.1: फरवरी 2022 तक सीवेज प्रशोधन संयंत्र व सेप्टिक टैंकों पर हुए कार्य की प्रास्थिति

संघटक	कार्यक्षेत्र	निष्पादित वास्तविक कार्य	शेष
क्षेत्र II में सीवेज प्रशोधन संयंत्र	एक सीवेज प्रशोधन संयंत्र (1.15 एमएलडी क्षमता)	एक सीवेज प्रशोधन संयंत्र (1.15 एमएलडी क्षमता) (फरवरी 2020)	-
क्षेत्र I के बचे हुए क्षेत्रों के लिए सेप्टिक टैंक	सेप्टिक टैंक 1 - 150 उपयोगकर्ता सेप्टिक टैंक 2 - 300 उपयोगकर्ता	निरंक	2 सेप्टिक टैंक

[54] धूप रहित क्षेत्र जहां सीवेज प्रशोधन संयंत्र का प्रदर्शन निम्नतर था।

5.12.2 अत्यधिक विलम्ब एवं अकार्यशील योजना

जैसाकि उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है, पूर्ण होने की निर्धारित तिथि (मई 2015) से लगभग पांच वर्ष बीत जाने के बाद अपेक्षित सीवेज प्रशोधन संयंत्र फरवरी 2020 में पूर्ण किया गया।

हालांकि सीवेज प्रशोधन संयंत्र अकार्यशील रहा तथा सम्पूर्ण योजना फरवरी 2022 में सीवेज प्रशोधन संयंत्र पूर्ण होने के दो वर्ष व्यतीत होने के बावजूद परिचालित नहीं हुई। कार्य की प्रास्थिति को निम्नवत रूप से सारांशित किया जा सकता है :

(i) सीवरेज नेटवर्क पर 50 प्रतिशत से भी कम कार्य निष्पादित किया गया था एवं नेटवर्क मार्गरेखा (एलाइनमेंट) के विभिन्न हिस्सों में भू-विवाद के कारण 2009 से कार्य को रोक दिया गया था।

(ii) इसमें से, निर्मित सीवरेज नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अर्थात राष्ट्रीय राजमार्ग (पहले राष्ट्रीय राजमार्ग 22; अब राष्ट्रीय राजमार्ग 5, राहीघाट से जानोघाट तक की सड़क पर) के किनारे बिछाए गए 91 मैनहोल व 2,160 रनिंग मीटर पाइप लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल) द्वारा किए गए मेटलिंग व टैरिंग कार्य के कारण 2012-13 से राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे दब गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा मेटेलिंग व टारिंग कार्य किए जाने के समय जल शक्ति विभाग मण्डल ने मैनहोल व पाइप को दबने से रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

(iii) तदोपरांत जल शक्ति विभाग मण्डल राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे दबे मैनहोल का पता नहीं लगा सका क्योंकि माप-पुस्तिकाओं में उनकी सटीक अवस्थिति को लेने वाली रनिंग डिस्टेंस दर्ज नहीं की गई थी।

(iv) जल शक्ति विभाग मण्डल लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल) से सड़क के अपेक्षित हिस्से को खोदने की अनुमति मांग रहा है, परन्तु उसे सड़क के उस हिस्से में मैनहोल की सही अवस्थिति पता नहीं है।

दरअसल 2009 से सीवरेज नेटवर्क के शेष भाग पर कोई कार्य नहीं किया गया।

निर्माण-कार्य का कार्यक्षेत्र एवं किया गया अधिकतम निष्पादन **तालिका 5.12.2** में दर्शाया गया है।

तालिका-5.12.2: फरवरी 2022 तक सीवरेज नेटवर्क निष्पादन कार्य की प्रास्थिति

संघटन	कार्यक्षेत्र	निष्पादित वास्तविक कार्य	राष्ट्रीय राजमार्ग 22 में दबे कार्य	बचा शेष कार्य (%)
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5) = (2) - (3)**
पाइप उपलब्ध कराना एवं बिछाना	12,020 रनिंग मीटर	6,265 रनिंग मीटर	2160 रनिंग मीटर	5,755 रनिंग मीटर (48%)
मैनहोल	403 संख्या	283 संख्या	91 संख्या	120 संख्या (30%)
फ्लशिंग टैंक	46 संख्या	निरंक	-	46 संख्या (100%)

5.12.3 निष्फल एवं अनावश्यक व्यय

इस प्रकार, पूर्ण होने की निर्धारित तिथि (जून 2010) से 12 वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी ठियोग शहर की योजना अपूर्ण एवं अकार्यशील बनी हुई है। यद्यपि फरवरी 2020 में सीवेज प्रशोधन संयंत्र पूर्ण हो गया था तथापि केवल 52 प्रतिशत सीवरेज नेटवर्क बिछाया गया (उपरोक्त **तालिका-5.12.2**) तथा एक भी सेप्टिक टैंक का निर्माण नहीं किया गया। अतएव जैसाकि मूल रूप से कल्पना की गई थी, योजना अभीष्ट लाभार्थियों को सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाई। 30 वर्षों (2011 से प्रारंभ) के अभिकल्पित कार्यकाल में से 11 वर्ष (37 प्रतिशत) आबादी को कोई सेवा/ लाभ प्रदान किए बिना पहले ही बीत चुके हैं क्योंकि मार्च 2022 तक कोई सीवरेज कनेक्शन जारी नहीं किया जा सका था। अपूर्ण योजना पर ₹ 5.12 करोड़ का अनावश्यक व्यय किया गया, जिसमें से ₹ 0.63 करोड़ दबे हुए पाइपों व मैनहोलों पर निष्फल हो गया।

योजना की प्रास्थिति का आरेखीय चित्रण नीचे दर्शाया गया है -



कार्यकारी अभियंता, जल शक्ति विभाग मण्डल, ठियोग ने निर्माण स्थल पर भू-विवाद को विलम्ब हेतु जिम्मेदार ठहराया तथा सीवेज प्रशोधन संयंत्र के संबंध में उन्होंने उत्तर दिया कि सीवेज प्रशोधन संयंत्र से सीवरेज लाइन कनेक्ट न होने के कारण आज तक (मार्च 2022) कोई कनेक्शन जारी नहीं किया गया।

उत्तर स्वीकार्य नहीं था क्योंकि अत्यधिक विलम्ब एवं संभावित लागत वृद्धि से बचने के लिए कार्य सौंपने से पहले सीवेज प्रशोधन संयंत्र व अन्य घटकों हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। इसके अतिरिक्त, सीवेज प्रशोधन संयंत्र को पूर्ण हुए (फरवरी 2020) दो वर्ष से अधिक समय हो गया है तथा सीवेज प्रशोधन संयंत्र के काम न करने से पूरी योजना

अकार्यशील हो गई है। घटकों को दबने व अनुपयोगी रहने देने, कार्ययोजना में कमियों एवं सेप्टिक टैंकों का निर्माण न करने हेतु लापरवाही के लिए लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष राज्य सरकार को प्रेषित किया गया (मार्च 2022) एवं उत्तर प्रतीक्षित था (अगस्त 2022)।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाते करते समय एवं कार्य सौंपने से पूर्व सीवेज प्रशोधन संयंत्र हेतु भूमि की उपलब्धता व सीवरेज पाइप बिछाना सुनिश्चित करें। योजना चरण पर व्यवहार्यता मूल्यांकन किया जाए ताकि बाद में डिजाइन/कार्यक्षेत्र में परिवर्तन व परिणामी समय में विलम्ब एवं संभावित लागत वृद्धि से बचा जा सके।

ग्रामीण विकास विभाग

5.13 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं का अनुचित कार्यान्वयन

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से ₹ 2.06 करोड़ की कम निष्पादन गारंटी की मांग की एवं खराब कार्यान्वयन के लिए उल्लंघनकर्ताओं पर ₹ 0.74 करोड़ की संविदात्मक वसूली अधिरोपित करने में विफल रहा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने में विफल होने से 11,100 के लक्ष्य की तुलना में 5,262 (47 प्रतिशत) अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने एवं 70 प्रतिशत प्रशिक्षितों के अनुबंध के प्रति 36 प्रतिशत अभ्यर्थियों की नियुक्ति से, खराब प्रदर्शन के कारण एवं उस पर किए गए ₹ 2.05 करोड़ के व्यय से अभीष्ट उद्देश्य की पूर्ति न होने के कारण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को तीन परियोजनाएं पूर्ण किए बिना बंद करनी पड़ी।

भारत सरकार ने ग्रामीण युवाओं को योग्यता (कौशल) प्रदान करने एवं उन्हें नियमित मासिक आय वाला रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के एक अंग के रूप में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना नामक एक युवा रोजगार योजना प्रस्तुत की (सितंबर 2014)। भारत सरकार हिमाचल प्रदेश राज्य हेतु प्रशिक्षण लागत का 90 प्रतिशत प्रदान करती है एवं शेष 10 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। यह योजना कपड़ा, पर्यटन व आतिथ्य, स्वास्थ्य देखभाल, लेखा, सौंदर्य कल्याण, खुदरा व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन आदि सहित विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की राष्ट्रीय इकाई वह एजेंसी है, जो राष्ट्रीय नीति-निर्माण, वित्तपोषण, तकनीकी सहायता व सुगमता हेतु जिम्मेदार है। राज्य में यह योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन- राज्य ग्रामीण विकास विभाग के

अधीन एक पंजीकृत सोसायटी[55] द्वारा कार्यान्वित की जाती है, जो कौशल प्रशिक्षण व नौकरी दिलाने वाली (प्लेसमेंट) परियोजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को लागू करने वाली कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों[56] को सह-वित्तपोषण एवं कार्यान्वयन सहयोग करती हैं। कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों की भूमिका योग्य अभ्यर्थियों को इकट्ठा करना, परामर्श देना, कौशल प्रशिक्षण देना एवं विभिन्न व्यवसायों में उनकी नियुक्ति (प्लेसमेंट) करनी थी।

निदेशक, ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय के अभिलेखों की संवीक्षा (जुलाई 2020) एवं बाद में प्राप्त सूचना (फरवरी व जुलाई 2021) में निम्नवत उजागर हुआ:

(i) निधियों का अल्प उपयोग

वर्ष 2016-20 के दौरान योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा निधियों की उपलब्धता एवं उस पर किए गए व्यय का विवरण **तालिका-5.13.1** में दिया गया है।

तालिका-5.13.1: 2016-20 के दौरान निधियों की उपलब्धता एवं किया गया व्यय

(₹ करोड़ में)

वर्ष	निधियों की उपलब्धता					व्यय	अंत शेष
	अथ शेष	प्राप्तियां			कुल		
		भारत सरकार	राज्य	ब्याज			
2016-17	-	39.32	4.37	0.24	43.93	0.09 (0)	43.84
2017-18	43.84	3.62	--	1.56	49.02	9.24 (19)	39.78
2018-19	39.78	1.84	5.86	1.10	48.58	12.29 (25)	36.29
2019-20	36.29	25.83	--	1.13	63.25	7.72 (12)	55.53
2020-21	55.53	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	55.53	3.50 (06)	52.03
योग		**70.61**	**10.23**	**4.03**	**84.87**	**32.84**	

स्रोतः विभाग द्वारा दी गई सूचना। टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशता को दर्शाते हैं।

2017-21 के दौरान निधियों के उपयोग की प्रतिशतता छः से 25 के मध्य रही। इस प्रकार, निधियों का अल्प उपयोग हुआ जो दर्शाता है कि परियोजनाओं का कार्यान्वयन अपेक्षानुसार नहीं किया गया जैसाकि अनुवर्ती उप-परिच्छेदों में दर्शाया गया है।

(ii) योजना के दिशा-निर्देशों का अनुपालन न करने पर शास्ति की अवसूली

दिशानिर्देशानुसार कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रशिक्षण व प्लेसमेंट का लक्ष्य पूर्ण करना था, जिसमें विफल रहने पर कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों पर शास्ति लगाई जाएगी। चल रही परियोजनाओं पर लगाई गई शास्ति का विवरण **परिशिष्ट-5.2** में दिया गया है।

---

55 हिमाचल प्रदेश सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 2006 के तहत 28 मार्च 2011 को पंजीकृत।

56 भारतीय ट्रस्ट अधिनियम या कोई राज्य सोसायटी पंजीकरण अधिनियम या कोई राज्य सहकारी समितियां या बहु-राज्य सहकारी अधिनियम या कंपनी अधिनियम 2013 या सीमित देयता भागीदारी अधिनियम 2008 या राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर एक सरकारी या अर्ध-सरकारी संगठन के तहत पंजीकृत संस्थाएं जो राज्य के प्रधान सचिव (ग्रामीण विकास) की अध्यक्षता में परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा चयनित की जानी है।

जैसाकि **परिशिष्ट-5.2** से स्पष्ट है, आठ परियोजनाओं में (क्रमांक 9 को छोड़कर) ₹ 29.00 लाख (₹ 0.50 लाख से ₹ 5.50 लाख तक) की शास्ति अधिरोपित की गई एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6 व 7 के मामले में शास्ति की पूर्ण वसूली कर ली गई जबकि कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के क्रमांक 1 व 8 के मामले में ₹ 11.00 लाख राशि की शास्ति की वसूली शेष है। वहीं कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी के क्रमांक 9 पर खराब प्रदर्शन के बावजूद शास्ति नहीं लगाई गई। प्रशिक्षण व प्लेसमेंट के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए 2019-22 की कार्ययोजना में उपरोक्त कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को स्पिलओवर (लक्ष्यहीन प्रभाव) की अनुमति दी गई थी।

नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण व प्लेसमेंट के लक्ष्यों की उपलब्धि कम थी जैसाकि उप-परिच्छेद (v) के तहत विवर्णित है। उपरोक्त कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के खराब प्रदर्शन के कारण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने समझौता-ज्ञापन के प्रावधान के अनुसार ₹ 0.63 करोड़ की शास्ति/ वसूली अधिरोपित कर परियोजना बंद कर दी (फरवरी 2019)। राज्य वित्तीय नियमों/ भारत सरकार के निर्देश (सितंबर 2017) के प्रावधान में आवश्यक पर्याप्त निष्पादन गारंटी के अभाव में, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन परियोजनाओं का निष्पादन नहीं कर सका तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से वसूली नहीं कर सका।

विभाग ने कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को अग्रिम (पहली किस्त) रूप से अदा की गई ₹ 0.58 करोड़ (₹ 0.05 करोड़ की शास्ति/ वसूली राशि को छोड़कर) की वसूली के मामले को कलेक्टर-सह-जिला मजिस्ट्रेट, इंदौर के साथ राज्य के राजस्व वसूली अधिनियम के तहत भू-राजस्व बकाया की भांति कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों की परिसंपत्तियों से वसूली करने के लिए उठाया था (सितंबर 2019)।

अत: मार्च 2021 तक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से ₹ 0.74 करोड़[57] की वसूली अधिरोपित करने में विफल रहा।

(iii) परियोजना प्रारंभ न होने के कारण ब्याज की अवसूली

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं भारतीय कृषि वित्त निगम लिमिटेड ने 19 जुलाई 2017 को ₹ 4.11 करोड़ की लागत की परियोजना के कार्यान्वयन हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सितम्बर 2017 में कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी को ₹ 1.03 करोड़ की पहली किस्त जारी की गई। हालांकि, कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी परियोजना कार्यान्वित किए बिना पीछे हट गई (दिसंबर 2017) एवं तदनुसार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने फरवरी 2018 में अनुबंध को समाप्त कर दिया। कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

---

[57] नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान से ₹ 0.63 करोड़ एवं चल रही नौ परियोजनाओं से ₹ 0.11 करोड़ की वसूली की जानी है, जैसाकि **परिशिष्ट-5.2** में वर्णित है।

को ₹ 1.03 करोड़ की पहली किस्त वापस की (फरवरी 2018) परन्तु राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी से ₹ 1.03 करोड़ जो छः माह (सितंबर 2017 से फरवरी 2018 तक 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से) तक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी के पास थी, पर ₹ 0.05 करोड़ के ब्याज की वसूली अधिरोपित किए बिना कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी को ₹ 0.10 करोड़ की निष्पादन गारंटी वापस कर दी (फरवरी 2018)। मार्च 2021 तक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्याज की वसूली करने में विफल रहा।

निदेशक ग्रामीण विकास ने बताया (फरवरी 2021) कि ब्याज राशि की गणना इस धारणा पर की गई थी कि ब्याज कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा अर्जित किया गया होगा। परन्तु यह पुष्टि की गई कि कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा कोई ब्याज अर्जित नहीं किया गया क्योंकि यह एक अधिविकर्ष खाता था एवं ब्याज वसूली का कोई सवाल ही नहीं था। तथापि, तथ्य यह रहा कि संबंधित कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी ने ₹ 1.03 करोड़ की राशि छः माह तक अपने पास रखी थी। यद्यपि कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी ने बैंक में उसके अधिविकर्ष खाते पर ब्याज अर्जित नहीं किया, तथापि उसे समझौता-ज्ञापन के प्रावधान (शर्त सं. 12.5) के अनुसार 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करना था। तदनुसार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी से ब्याज की वसूली करनी चाहिए थी।

(iv) कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी से निष्पादन बैंक गारंटी की कम प्राप्ति

केंद्र सरकार सामान्य वित्तीय नियम/ हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम में ठेका देने पर सफल ठेकेदार से अनुबंध राशि के पांच से 10 प्रतिशत के बीच निष्पादन गारंटी लेने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना परियोजना में किसी कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा अपर्याप्त या विलंबित निष्पादन या दिशानिर्देशों व प्रोटोकॉल के उल्लंघन की स्थिति में सरकार को आश्वस्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी से परियोजना की कुल स्वीकृत लागत के 6.25 प्रतिशत के न्यूनतम मूल्य हेतु निष्पादन गारंटी प्राप्त करने की शुरुआत (सितंबर 2017) की।

हालांकि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी से भारत सरकार के उपरोक्त निर्देशों (सितंबर 2017) के अनुसार परियोजना की कुल अनुमोदित लागत के 6.25 प्रतिशत के न्यूनतम मूल्य पर निष्पादन गारंटी खंड सम्मिलित करके न तो समझौता-ज्ञापन में बदलाव किया और न ही उक्त सामान्य वित्तीय नियम/ हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम के संदर्भ में परियोजना की कुल अनुमोदित लागत के पांच प्रतिशत न्यूनतम दर पर निष्पादन गारंटी प्राप्त की। इसके विपरीत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी को जारी पहली किस्त पर निष्पादन गारंटी प्राप्त की जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी से ₹ 2.06 करोड़ कम निष्पादन गारंटी प्राप्त हुई, जैसाकि **तालिका-5.13.2** में विवर्णित है।

तालिका-5.13.2: कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से निष्पादन गारंटी की कम प्राप्ति

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी	परियोजना लागत	जारी पहली किस्त	अपेक्षित निष्पादन गारंटी*	प्राप्त निष्पादन गारंटी#	कम निष्पादन गारंटी
1.	एएफसी इंडिया लिमिटेड	4.11	1.03	0.21	0.10	0.11
2.	अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड	9.44	2.36	0.48	0.24	0.24
3.	कार्डिएक रिसर्च एंड एजुकेशन फाउंडेशन	11.78	2.95	0.59	0.29	0.30
4.	दिशा एजुकेशन सोसाइटी	8.76	2.19	0.44	0.22	0.22
5.	हेराउड ट्रेनिंग एंड एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	4.55	1.14	0.23	0.11	0.12
6.	मानव विकास एवं सेवा संस्थान	3.23	0.81	0.16	0.08	0.08
7.	मास इन्फोटेक सोसायटी	7.17	1.79	0.36	0.18	0.18
8.	नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान	2.31	0.58	0.12	0.06	0.06
9.	ओरियन सिक्योरिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड	7.06	1.77	0.35	0.18	0.17
10.	पावर टू एम्पावर स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड	4.52	1.13	0.23	0.11	0.12
11.	स्मार्ट ब्रेन्स	4.24	1.06	0.21	0.11	0.10
12.	सम्वित एजुकेशन ट्रस्ट	4.22	1.05	0.21	0.11	0.10
13.	टीम लीज सर्विस इंडिया लिमिटेड	10.43	2.61	0.52	0.26	0.26
योग		**81.82**	**20.47**	**4.11**	**2.05**	**2.06**

स्रोत: विभाग द्वारा दी गई जानकारी।

**सामान्य वित्तीय नियम/ हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम के प्रावधान के अनुसार कुल परियोजना लागत के न्यूनतम पांच प्रतिशत की दर से।*

#पहली किश्त के 10 प्रतिशत की दर से।

परियोजनाओं के कार्यान्वयन में योजना के दिशानिर्देशों का पालन करने में कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी की विफलता के मामले में कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से निष्पादन गारंटी (निवारक उपाय होने के नाते) की कम प्राप्ति ने सरकारी धन को जोखिम में डाल दिया। परिणामस्वरूप राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन समय पर कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से परियोजनाओं को कार्यान्वित नहीं करवा सका एवं तीन कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों की परियोजनाएं पूर्ण किए बिना समाप्त करनी पड़ी जैसाकि नीचे उप-परिच्छेद (v) के तहत दर्शाया गया है।

(v) कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों का चयन एवं लक्ष्यों की प्राप्ति न होना

- **कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों का चयन**

कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के चयन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रस्तावों हेतु अनुरोध जारी करना, कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करना, मूल्यांकन एजेंसी द्वारा प्रस्ताव का मूल्यांकन (स्क्रीनिंग, गुणात्मक मूल्यांकन, कार्यक्रम

कार्यान्वयन एजेंसियों के मुख्यालय का फील्ड दौरा एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को रिपोर्ट जमा करना), सचिव (ग्रामीण विकास) की अध्यक्षता में परियोजना अनुमोदन समिति द्वारा परियोजनाओं का अनुमोदन शामिल है।

वर्ष 2016-19 हेतु कार्ययोजना के अनुमोदनोपरांत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने प्रस्तावों हेतु निमंत्रण जारी किया (अगस्त 2016) एवं मूल्यांकन एजेंसी के रूप में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को मूल्यांकन का कार्य सौंपा क्योंकि यह 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाला निगम है एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन एंजेसियों के चयन की सभी अपेक्षित आवश्यकताओं को पूरा करता है। प्रस्तावों का विस्तृत मूल्यांकन करने के बाद हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने सचिव (ग्रामीण विकास) की अध्यक्षता में गठित परियोजना अनुमोदन समिति द्वारा कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के अनुमोदनार्थ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को 22 कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों (प्रथम चरण: आठ व द्वितीय चरण: 14) के संबंध में सिफारिशें प्रस्तुत कीं। प्रथम चरण में परियोजना अनुमोदन समिति ने छ:[58] (आठ में से) कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को मंजूरी दी (मार्च 2017) तथा द्वितीय चरण में कार्यक्रम अनुमोदन समिति ने सात[59] (14 में से) कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को मंजूरी दी।

- **लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**

वर्ष 2016-19 की कार्ययोजना के अनुसार हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को ₹ 135.04 करोड़ की अनुमानित लागत से 15,000 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य सौंपा गया। परियोजना अनुमोदन समिति के अनुमोदन के अनुसार, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने उपर्युक्त 13 कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को प्लेसमेंट से जुड़े कौशल विकास पाठ्यक्रमों[60] में प्रशिक्षण प्रदान करने एवं प्लेसमेंट पश्चात् सहयोग के माध्यम से नौकरी की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रवृत्त किया (मई 2017 व अगस्त 2017 के मध्य)। इन कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों की प्रशिक्षण क्षमता एवं प्लेसमेंट टाई-अप के अनुसार ₹ 81.82 करोड़ की परियोजना लागत में 11,100 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य सौंपा गया। कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को 70 प्रतिशत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट उपलब्ध कराना था। यदि प्लेसमेंट 70 प्रतिशत से कम है, तो कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को आनुपातिक रूप से लागत स्वीकार करनी होगी।

---

58 अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड; टीम लीज; हेराउड ट्रेनिंग एंड एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड; ओरियन सिक्योरिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड; मास इन्फोटेक सोसायटी व स्मार्ट ब्रेनस।

59 एएफसी इंडिया लिमिटेड; कार्डिएक रिसर्च एंड एजुकेशन फाउंडेशन; दिशा एजुकेशन सोसाइटी; मानव विकास एवं सेवा संस्थान; नालंदा कंप्यूटर और व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान; पावर टू एम्पावर स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड व संवित एजुकेशन ट्रस्ट।

60 कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, मोटर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, आतिथ्य निर्माण यात्रा व पर्यटन आदि।

कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा मंजूरी की तिथि (मई 2017 व अगस्त 2017) से दो वर्ष के भीतर परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जाना था। जारी किए गए स्वीकृति आदेश के अनुसार कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को भुगतान 25:50:15:10 के अनुपात में चार किश्तों में जारी किया जाना था। सभी 13 कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रथम किस्त प्रदान की गई (₹ 20.45 करोड़) एवं द्वितीय किस्त सात कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों (₹ 15.43 करोड़) को जुलाई 2020 तक प्रदान की गई। प्रशिक्षण लक्ष्यों व प्लेसमेंट की उपलब्धि का परियोजना-वार विवरण **तालिका-5.13.3** में दिया गया है।

तालिका-5.13.3: मई 2017 से मार्च 2021 के दौरान प्रशिक्षण लक्ष्यों एवं नौकरी में प्लेसमेंट की उपलब्धि का विवरण

(परियोजना की लागत ₹ करोड़ में)

क्र. सं.	कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी	स्वीकृति की तिथि	परियोजना लागत	व्यय	प्रशिक्षण लक्ष्य, उपलब्धि एवं प्लेसमेंट की संख्या		
					लक्ष्य	प्रशिक्षित	नियुक्त
1.	एएफसी इंडिया लिमिटेड	अगस्त 2017	4.11	0	700	0	0
2.	अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड	मई 2017	9.44	1.00	800	221 (28)	0
3.	कार्डिएक रिसर्च एंड एजुकेशन फाउंडेशन	अगस्त 2017	11.78	5.32	1,400	611 (44)	176 (29)
4.	दिशा एजुकेशन सोसाइटी	अगस्त 2017	8.76	0.25	1,300	224 (17)	26 (12)
5.	हेराउड ट्रेनिंग एंड एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	मई 2017	4.55	2.03	800	286 (36)	181 (63)
6.	मानव विकास एवं सेवा संस्थान	अगस्त 2017	3.23	3.14	500	406 (81)	170 (42)
7.	मास इन्फोटेक सोसायटी	मई 2017	7.17	2.85	1,300	627 (48)	248 (40)
8.	नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान	अगस्त 2017	2.31	0.80	400	148 (37)	44 (30)
9.	ओरियन सिक्योरिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड	मई 2017	7.06	5.37	1200	950 (79)	256 (27)
10.	पावर टू एम्पावर स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड	अगस्त 2017	4.52	2.13	700	541 (77)	124 (23)
11.	स्मार्ट ब्रेनस	मई 2017	4.24	2.75	500	411 (82)	223 (54)
12.	संवित एजुकेशन ट्रस्ट	अगस्त 2017	4.22	0.75	700	324 (46)	212 (65)
13.	टीम लीज सर्विस इंडिया लिमिटेड	मई 2017	10.43	7.54	800	513 (64)	232 (45)
योग			**81.82**	**33.93**	**11,100**	**5,262 (47)**	**1,892 (36)**

स्रोत: विभाग द्वारा दी गई जानकारी।

- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने कार्ययोजना 2016-19 के अनुसार प्रशिक्षण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु 15,000 उम्मीदवार के प्रशिक्षण का समग्र लक्ष्य नहीं सौंपा, जिसने शुरुआत में 3,900 उम्मीदवार की कमी का संकेत दिया।

- एक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (एएफसी इंडिया लिमिटेड) परियोजना कार्यान्वित किए बिना पीछे हट गई (दिसंबर 2017)। तीन कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों (अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड, दिशा एजुकेशन सोसाइटी व नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान) की प्रशिक्षण लक्ष्य की उपलब्धि 17 से 37 प्रतिशत के मध्य रही। अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड ने किसी भी प्रशिक्षित अभ्यर्थी को प्लेसमेंट की सुविधा नहीं दी। दिशा एजुकेशन सोसाइटी एवं नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किए गए प्लेसमेंट का प्रतिशत क्रमशः 12 व 30 थी। इन तीनों परियोजनाओं के निष्पादन की धीमी गति के कारण विभाग ने ये परियोजनाएं बंद कर दी (सितम्बर 2019)। इस प्रकार परियोजनाओं पर कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किए गए ₹ 2.05 करोड़[61] के व्यय का परिणाम अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण एवं नियुक्ति वाला नहीं रहा।
- शेष नौ कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों ने मार्च 2021 तक प्रशिक्षण के सौंपे गए लक्ष्य का 36 से 82 प्रतिशत प्राप्त किया। इन कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा प्लेसमेंट के लक्ष्य की उपलब्धि 23 से 65 प्रतिशत के मध्य थी। यह परिचायक है कि पूर्णता की निर्धारित तिथि से 19 से 22 माह की अवधि समाप्त होने के बावजूद किसी भी कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी ने प्रशिक्षण व नियुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया।

➢ **निगरानी में कमी**

उपर्युक्त चर्चा के अनुसार प्रशिक्षण व नियुक्ति के लक्ष्य प्राप्त न करने हेतु निगरानी में कमी को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जैसाकि नीचे दर्शाया गया है:

(क) राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने उसके अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों की समीक्षा बैठकों की आवधिकता निर्धारित नहीं की। जुलाई 2018, अक्टूबर 2018, दिसंबर 2018 व जुलाई 2019 के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन/ निदेशक-सह-विशेष सचिव (ग्रामीण विकास) की अध्यक्षता में आयोजित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कुछ समीक्षा बैठकों में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के लक्ष्य की उपलब्धि के विवरण पर चर्चा नहीं की गई।

(ख) कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों/ प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की मानक संचालन प्रक्रिया के परिच्छेद 5.2.1.2 के अनुसार गुणवत्ता टीम एक वर्ष में कम से कम छः बार किसी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करेगी।

---

[61] अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड: ₹ 1.00 करोड़, दिशा एजुकेशन सोसाइटी: ₹ 0.25 करोड़ व नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान: ₹ 0.80 करोड़।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की सिफारिश पर हार्डशेल प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म- एमआरआईजीएस (कौशल विकास के बेहतर शासन की निगरानी व विनियमन) पर कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों (प्रशिक्षण केंद्र) का वित्तीय वर्ष 2017-19 हेतु निरीक्षण किया गया। हालांकि कुछ तकनीकी कारणों से ऑनलाइन निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। परिणामस्वरूप लेखापरीक्षा में उपरोक्त अवधि के दौरान किए गए निरीक्षणों की प्रमाणिकता सत्यापित नहीं की जा सकी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई निरीक्षण रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019-20 के दौरान राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की गुणवत्ता टीम द्वारा किए जाने वाले नौ कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों के निर्धारित 54 निरीक्षणों के प्रति उसने केवल 31 निरीक्षण[62] किए, जो 23 कम निरीक्षणों में परिणत हुआ। यद्यपि लेखापरीक्षा को उपलब्ध कराई गई राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की अगस्त-अक्टूबर 2019 व जनवरी-फरवरी 2020 की निरीक्षण रिपोर्ट यह निर्दिष्ट नहीं करती कि कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों ने लक्ष्य प्राप्त नहीं किया। 2020-21 के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण कोई निरीक्षण नहीं किया गया।

इस प्रकार योजना के तहत परियोजनाओं का कार्यान्वयन निम्नलिखित कमियों से बाधित रहा:

- 2016-21 के दौरान ₹ 84.87 करोड़ की उपलब्ध निधियों के प्रति राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने ₹ 52.03 करोड़ के अव्ययित शेष को छोड़ते हुए ₹ 32.84 करोड़ (39 प्रतिशत) का व्यय किया, जो परियोजनाओं के निष्पादन की धीमी गति का परिचायक है।
- कार्य निष्पादन न करने/ खराब प्रदर्शन के लिए चूककर्ताओं (कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों) से ₹ 0.74 करोड़ की शास्ति/ वसूली अधिरोपित करने में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विफल रहा।
- कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से कुल परियोजना लागत पर प्राप्त की जाने वाली अपेक्षित ₹ 4.11 करोड़ निष्पादन गारंटी के प्रति राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने ₹ 2.05 करोड़ की निष्पादन गारंटी प्राप्त की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 2.06 करोड़ कम निष्पादन गारंटी प्राप्त हुई।
- विगत पांच वर्षों से पर्याप्त निधियां उपलब्ध होने के बावजूद राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप 11,100 अभ्यर्थियों के लक्ष्य में से 5,262 (47 प्रतिशत) अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया (15,000 के प्रारंभिक लक्ष्य की तुलना में 3900 कम)। इसके अतिरिक्त 70 प्रतिशत

---

[62] टीम लीज: चार; कार्डिएक: तीन; ओरियन: चार; पॉवर टू एम्पावर: तीन; मास इन्फोटेक: तीन; संवित: पांच; मानव विकास: चार; स्मार्ट ब्रेन्स: तीन व हेराउड: दो।

प्रशिक्षुओं को अपेक्षित प्लेसमेंट के स्थान पर कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियां केवल 36 प्रतिशत प्लेसमेंट ही कर सके।

- प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट दोनों के संदर्भ में खराब प्रदर्शन के कारण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को तीन परियोजनाएं बंद करनी पड़ी एवं ₹ 2.05 करोड़ के व्यय से भी योजना का अभीष्ट उद्देश्य प्राप्त नहीं किया जा सका।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (ग्रामीण विकास) ने बताया (अप्रैल 2022) कि सुविस्तृत मापदंड एवं कोविड-19 महामारी के अचानक फैलने के कारण अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त नहीं किए जा सके। इसके अतिरिक्त बंद की गई परियोजनाओं की तीन उल्लंघनकर्ता कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से बकाया राशि की वसूली नहीं की जा सकी क्योंकि दो कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों (अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड, हैदराबाद एवं दिशा एजुकेशन सोसाइटी, रायपुर) के संबंध में मामला हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय में विचाराधीन है तथा तीसरी कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (नालंदा कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, इंदौर) से वसूली की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। तथापि, तथ्य यह है कि निगरानी की कमी के कारण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन समय पर कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से परियोजना का तीव्र निष्पादन करवाने में विफल रहा। राज्य वित्तीय नियमों के अनुसार निष्पादन गारंटी परियोजना लागत के कुल मूल्य पर प्राप्त की जानी थी, न कि जारी की गई राशि पर ताकि जनता के धन को हानि/ धन के दुरूपयोग से सुरक्षित किया जा सके।

सरकार विचार करें:

- ***योजना की प्रगति पर समुचित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की स्थापना की जाए।***
- ***निष्पादन गारंटी के संदर्भ में प्रवर्तनीय प्रावधान बनाने हेतु अनुबंध में उचित परिवर्तन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों से परियोजना की कुल लागत के आधार पर उचित दरों से इसकी वसूली की जाए।***

परिवहन विभाग

5.14 प्रावधानों में विरोधाभास के परिणामस्वरूप बस-अड्डों के छूट प्राप्तकर्ताओं द्वारा *अड्डा शुल्क* का अनुचित संग्रहण

छूट प्राप्तकर्ताओं को कार्य पूर्ण होने की तिथि के बजाय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की तिथि से *अड्डा शुल्क* संग्रहित करने की अनुमति देने से उन्हें ₹ 2.76 करोड़ का अनुचित लाभ मिला।

हिमाचल प्रदेश शहरी परिवहन व बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण ने डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन तथा हस्तांतरण के आधार पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी[63] के माध्यम से

[63] राज्य सरकार को केवल बाधारहित भूमि उपलब्ध करानी थी।

चिंतपूर्णी (मार्च 2016), धर्मशाला (जुलाई 2017) व कुल्लू (मार्च 2017) में मौजूदा बस अड्डों पर वाणिज्यिक परिसर के साथ-साथ आधुनिक बस टर्मिनस के निर्माण व विकास हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए। निर्माण कार्य दो छूट प्राप्तकर्ताओं को छूट अनुबधों (अनुबंध) पर हस्ताक्षर कर सौंप दिए गए।

निदेशक-मंडल के अनुबधों/निर्णय के खंड सं. 3.4 के अनुसार परियोजनाओं हेतु छूट अवधि निर्माण-कार्य पूर्ण होने की तिथि से 30 वर्ष थी। निर्माण की अवधि अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 36 माह की थी। छूट प्राप्तकर्ताओं के लिखित आवेदन पर यह अवधि दस और वर्षों के लिए बढ़ायी जा सकती थी।

अनुबंध के खंड 32.1(ए) के अनुसार छूट प्राप्तकर्ता, उपयोगकर्ताओं से परिचालन की तिथि अर्थात उस तिथि से जब बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण द्वारा नियुक्त स्वतंत्र अभियंता अनंतिम प्रमाण पत्र जारी करता है एवं उसके वाणिज्यिक संचालन शुरू करने पर यथोचित *अड्डा शुल्क* [64] लगाने (वर्ष-वार पूर्व-निर्धारित दरों पर), संग्रहित करने एवं उसे रखने हेतु अधिकृत होगा। अतः छूट प्राप्तकर्ता परियोजना पूर्ण होने पर ही *अड्डा शुल्क* एवं उपयोगकर्ता[65] प्रभार लगा सकता था एवं निर्माण अवधि के दौरान *अड्डा शुल्क* एकत्र करने का अधिकार बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण को था।

इसके अतिरिक्त खण्ड 32.1(ई) में धर्मशाला एवं कुल्लू के छूट प्राप्तकर्ताओं को *अड्डा शुल्क* लगाने का अधिकार अनुबंध हस्ताक्षर करने की तिथि से प्रदान किया गया था। यद्यपि चिंतपूर्णी में यह प्रावधान नहीं था।

अभिलेखों की संवीक्षा (नवम्बर 2020) से उजागर हुआ कि छूट प्राप्तकर्ताओं ने अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के तुरंत बाद *अड्डा शुल्क* प्रभारित करना प्रारंभ कर दिया था। यह पाया गया कि 31 मार्च 2021 तक छूट प्राप्तकर्ताओं द्वारा ₹ 2.76 करोड़ (वस्तु व सेवा कर को छोड़कर) की राशि, जैसाकि नीचे दर्शाया गया है, एकत्रित की गई।

---

64 टर्मिनल के निकास द्वार पर यात्रियों से भरी या खाली सभी बसों द्वारा देय शुल्क या टैरिफ अड्डा शुल्क होता है।

65 उपयोगकर्ता शुल्क का अर्थ उपयोगकर्ता से छूट प्राप्तकर्ता द्वारा प्रभारित, उद्ग्रहित, टैरिफ, कीमत, उप-लाइसेंस शुल्क, पार्किंग शुल्क, रात्रि पार्किंग शुल्क, विज्ञापन राजस्व या राजस्व के सभी स्रोत या *अड्डा शुल्क* के अतिरिक्त उद्ग्रहण, मांग, संग्रहण, बनाए रखे गए या विनियोजित करने के नाम से प्राप्त धन की राशि से है।

तालिका-5.14.1: परियोजनाओं एवं संग्रहित *अड्डा शुल्क* का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	बस अड्डे का नाम	छूट प्राप्तकर्ता का नाम	सौंपे जाने की तिथि	अनुबंध की तिथि	*अड्डा शुल्क* संग्रहण की अवधि	संग्रहित *अड्डा शुल्क* (वस्तु व सेवा कर को छोड़कर)	परिचालन की स्थिति
1	चिंतपूर्णी	मेसर्स मुकेश रंजन ठेकेदार, पंजाब	10.08.2016	29.11.2016	01.12.2016 से 23.09.2017	0.07	24.09.2017
2	धर्मशाला	--तदैव--	23.08.2017	25.08.2017	06.09.2017 से 31.03.2021	1.44	कार्य प्रारंभ नहीं हुआ
3	कुल्लू	सीएसए इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली	13.06.2017	16.08.2017	22.09.2017 से 31.03.2021	1.25	प्रक्रियाधीन
योग						**2.76**	

धर्मशाला व कुल्लू के मामले में जहां अनुबंध के खण्ड 32.1(ई) के तहत परिचालन की तिथि के पूर्व संग्रहण किया गया; वहीँ चिंतपूर्णी के मामले में मूल अनुबंध में ऐसा कोई खण्ड न होने के बावजूद संग्रहण किया गया। चिंतपूर्णी के मामले में निदेशक-मंडल की 58वीं बैठक (27.05.2017) में अनियमित संग्रहण की मंजूरी दी। हालांकि लेखापरीक्षा द्वारा इसे इंगित किए जाने के पश्चात् निदेशक मंडल का निर्णय वापस ले लिया गया (03.12.2019) एवं बीएसएमडीए ने छूट प्राप्तकर्ता से ₹ 0.89 करोड़ की वसूली अनुमानित की गयी। मामले को छूट प्राप्तकर्ता द्वारा उठाये जाने पर वसूली की राशि को संशोधित कर ₹ 0.07 करोड़ कर दिया गया।

इस प्रकार धर्मशाला एवं कुल्लू के मामलों में विरोधाभासी प्रावधानों को शामिल करने तथा चिंतपूर्णी के मामले में अनियमित अनुमति के परिणामस्वरूप छूट प्राप्तकर्ताओं को ₹ 2.76 करोड़ का अनुचित लाभ मिला। छूट की अवधि का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् प्रारंभ होना तर्कसंगत था। यह छूट-प्राधिकारी को छूट प्राप्तकर्ताओं के लिए स्वीकार्य लागत वसूली की समय-सीमा के विषय में स्पष्ट दृष्टिकोण बनाने में मददगार साबित होता, जिसके बिना छूट प्राप्तकर्ता निर्माण में विलम्ब के लिए प्रोत्साहित होता। यह इस तथ्य से भी पता चलता है कि छूट प्राप्तकर्ता ने धर्मशाला में कार्य प्रारंभ किए बिना ही 06.09.2017 से 31.03.2021 तक *अड्डा शुल्क* एकत्र कर लिया था। इसी प्रकार, कुल्लू में भी 22.09.2017 से

31.03.2021 तक कार्य प्रक्रियाधीन था। ठेके के अनुसार निर्माण कार्य 36 माह में पूर्ण करना था। इस प्रकार, परस्पर विरोधी खंड छूट प्राप्तकर्ता के अनुचित लाभ के लिए समर्थकारी उपकरण के रूप में कार्य कर रहे थे।

सरकार ने अपने उत्तर (मई 2022) में बताया कि धर्मशाला व कुल्लू के संदर्भ में प्रस्ताव आमंत्रण के तहत संग्रह सही ढंग से किया गया था; हालांकि इस तरह के दोषपूर्ण बोली दस्तावेज, बोली की शर्तों व अनुबंध की शर्तों को तैयार करने में हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों की संलिप्तता की जांच हेतु निर्देश जारी किए गए थे (मार्च 2019)। इसमें आगे बताया गया कि चिंतपूर्णी के मामले में छूट प्राप्तकर्ता द्वारा ₹ 0.07 करोड़ की संग्रहित की गई राशि की वसूली बाकी थी।

सरकार भविष्य में इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति से बचने एवं आम लोगों पर अनावश्यक रूप से बोझ डालने से बचने के लिए प्रणाली व प्रक्रियाएं बनाएं।

अध्याय-6

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर स्वतंत्र लेखापरीक्षा टिप्पणियां

अध्याय 6: सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर स्वतंत्र लेखापरीक्षा टिप्पणियां

हिमाचल प्रदेश विद्युत संचार निगम लिमिटेड

6.1 बोली दस्तावेज में उपयुक्त खंड सम्मिलित न करने के परिणामस्वरूप परीक्षण शुल्क का परिहार्य भुगतान

बोली दस्तावेज में उपयुक्त खंड सम्मिलित करने में कंपनी की विफलता के परिणामस्वरूप ₹ 10 करोड़ के परीक्षण शुल्क का परिहार्य भुगतान हुआ।

ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता एवं डिजाइन को मान्य करने के लिए शार्ट सर्किट सहनशक्ति परीक्षण[1] किया जाता है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी (अगस्त 2010) विनियमों[2] के अनुसार हर प्रकार एवं रेटिंग[3] के विद्युत ट्रांसफार्मर का शार्ट सर्किट सहनशक्ति परीक्षण आयोजित करना[4] अपेक्षित था। सितंबर 2014 में भी केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त विनियमों के अंतर्गत परीक्षण की आवश्यकता को दोहराया गया था।

हिमाचल प्रदेश विद्युत संचार निगम लिमिटेड (कम्पनी) ने नवंबर 2020 के दौरान गुम्मा में एक सब-स्टेशन[5] को प्रारंभ किया। अक्टूबर 2011 के दौरान इस सब-स्टेशन (चार 105 मेगा वोल्ट एम्पेअर, सिंगल फेज, 400/220 किलो वोल्ट विद्युत ट्रांसफार्मर सहित) के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। अनुबंध की शर्तों[6] के अनुसार प्रस्तावित/उच्च डिजाइन व रेटिंग ट्रांसफार्मर पर शार्ट सर्किट परीक्षण यदि पहले से ही किया गया हो तो बोलीदाता को इसका प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित था। ट्रांसफार्मर का शार्ट सर्किट परीक्षण पहले से नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता को इसकी आपूर्ति करने से पहले मालिकों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में नि:शुल्क शार्ट सर्किट परीक्षण करना था। ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 315 एमवीए, 400 केवी तीन फेज स्वचालित ट्रांसफार्मर के शार्ट सर्किट परीक्षण के प्रमाणपत्र के आधार पर ठेका दिया गया (25 अक्टूबर 2013)।

---

1 यह सुनिश्चित करने के लिए कि आईएस: 2026 (भाग I) -1977 में निर्दिष्ट शर्तों के अंतर्गत 5 सेकंड के लिए बाहरी शार्ट सर्किट से उष्णता और गतिशील प्रभावों को नुकसान पहुंचाए बिना कार्य करने के लिए ट्रांसफार्मर को डिजाईन व निर्मित किया गया है।

2 विनियम 2010 (विद्युत संयंत्रों व विद्युत लाइनों के निर्माण के लिए तकनीकी मानक) के उप-विनियम 10(3) (जी), 37(4) (के) व 43(2) (vi)

3 सिंगल फेज/थ्री फेज/ ऑटो ट्रांसफार्मर/ स्टेप-डाउन/स्टे प-अप (टाइप) व ट्रांसफार्मर की क्षमता (रेटिंग)।

4 जब तक कि पिछले पांच वर्षों के भीतर समान डिजाइन एवं रेटिंग के ट्रांसफॉर्मर पर ऐसा परीक्षण नहीं किया गया हो।

5 400/220 केवी गैस रोधी स्विचगियर (जीआईएस) सब-स्टेशन।

6 तकनीकी विनिर्देशों की धारा-4 के खंड 4.52 (ए)

लेखापरीक्षा संवीक्षा (दिसंबर 2020) से उजागर हुआ कि ठेकेदार द्वारा मुख्य विद्युत प्राधिकरण के उपर्युक्त विनियमों के अनुसार शार्ट सर्किट सहनशक्ति परीक्षण करना या प्रत्येक प्रकार एवं रेटिंग के विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित था। हालांकि बोली की शर्त (4.52 ए) ने बोलीदाताओं को विद्युत ट्रांसफार्मर की उच्च रेटिंग की परीक्षण रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने की अनुमति दी, जिसे चयनित बोलीदाता ने बोली के साथ प्रदान किया था। इस बीच 2010 के विनियम को दोहराते हुए मुख्य विद्युत प्राधिकरण ने हिमाचल प्रदेश सरकार को सभी उपक्रमों को सलाह देने के लिए कहा (सितंबर 2014) कि निर्माताओं द्वारा आपूरित ट्रांसफार्मर का विनियमों की आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए शार्ट सर्किट परीक्षण किया जाएं। कंपनी ने तब निर्णय लिया (अक्टूबर 2014) कि आपूर्तिकर्ता एक 105 एमवीए, सिंगल फेज, 400/220 केवी ट्रांसफार्मर पर शार्टसर्किट परीक्षण आयोजित करेगा, जिसका ₹ 10 करोड़[7] का वित्तीय भार कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। परीक्षण मई 2016 के दौरान किया गया जिसके लिए कंपनी ने अक्टूबर 2016 व दिसंबर 2019 के दौरान भुगतान किया।

विनियम अगस्त 2010 में जारी किए गए थे अतः कंपनी को अक्टूबर 2011 के दौरान बोलियां आमंत्रित करते समय बोलीदाताओं को आपूरित की जाने वाली डिजाइन व रेटिंग अर्थात 105 एमवीए, सिंगल फेज़ 400/220 केवी ट्रांसफार्मर के लिए शार्टसर्किट सहनशक्ति परीक्षण के संबंध में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद ही अनुमति देने का उपयुक्त शर्त सम्मिलित करना चाहिए था। यदि यह सुनिश्चित किया जाता तो ₹ 10 करोड़ के परीक्षण शुल्क के भुगतान से बचा जा सकता था। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि कंपनी ने 132 केवी जीआईएस चंबी के लिए बोलियां आमंत्रित करते समय (जुलाई 2014) उपयुक्त शर्त डाला था।

शार्टसर्किट परीक्षण के मुद्दे पर ठेकेदार ने स्पष्ट किया (मई 2014) कि यदि कंपनी परीक्षण कराना चाहती है तो वह प्रभार्य आधार पर अर्थात ₹ 10 करोड़ में किया जा सकता है। कंपनी ने 18 अक्टूबर 2014 को ठेकेदार के साथ बैठक की जिसमें यह निर्णय लिया गया कि शार्टसर्किट परीक्षण के प्रभार के बदले ठेकेदार ट्रांसफार्मर की वारंटी 540 दिन से बढ़ाकर 1080 दिन कर देगा। तथापि वारंटी अवधि के विस्तार से शार्टसर्किट परीक्षण के शुल्क का समायोजन नहीं किया जा सका क्योंकि इसे ट्रांसफार्मर की लागत का दो प्रतिशत प्रतिवर्ष का भुगतान करके बढ़ाया जा सकता था, जैसा कि हिमाचल प्रदेश विद्युत (पावर) निगम लिमिटेड द्वारा सैंज जल विद्युत परियोजना के मामले में किया गया था जो इस मामले में ₹ 54.40 लाख होता है। इस प्रकार यदि कंपनी ने बोली में उपयुक्त खंड डाला होता तथा यदि वारंटी का विस्तार भी किया होता, तो इससे ₹ 9.46 करोड़[8] बचाए जा सकते थे।

---

[7] बोली लगाने के चरण पर ठेकेदार द्वारा उद्धृत परीक्षण के लिए दर जो बोली राशि का हिस्सा नहीं थी।

[8] ₹ 10 करोड़ घटा ₹ 54.40 लाख।

प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया (अक्टूबर 2021) कि सितंबर 2014 के दौरान केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी शार्टसर्किट परीक्षण की अनिवार्यता को देखते हुए परीक्षण आवश्यक था। उत्तर मान्य नहीं था क्योंकि अगस्त 2010 में जारी विनियमों के अनुसार प्रत्येक प्रकार के ट्रांसफार्मर का अनिवार्य रूप से परीक्षण किया जाना था अतएव वह बोली आमंत्रण से पहले प्रयोज्य था। कंपनी ने 132 केवी जीआईएस चंबी के मामले में भी एक उपयुक्त खंड डाला था। इस प्रकार, कंपनी को परीक्षण शुल्क के भुगतान से बचने के लिए उच्च डिजाइन व रेटिंग के परीक्षण प्रमाणपत्र को स्वीकार करने की अपेक्षा विशिष्ट डिजाइन व रेटिंग के ट्रांसफार्मर की परीक्षण रिपोर्ट के संबंध में उपयुक्त खंड सम्मिलित करना चाहिए था।

सिफारिश: कंपनी परिहार्य भुगतानों से बचाव हेतु कार्य सौंपने से पहले प्रासंगिक नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत् बोर्ड लिमिटेड

6.2 हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में एकीकृत विद्युत विकास योजना के तहत प्रणाली सुदृढ़ीकरण से संबंधित ठेकों की लेखापरीक्षा

कंपनी ने सौर संयंत्रों से संबंधित ठेके सौंपे (2018-19) जिसकी दरें हिम ऊर्जा द्वारा अनुमोदित दरों से ₹ 5.14 करोड़ अधिक थीं। उसने अनुचित आधार पर समय विस्तार को अनुमति दी जिसके परिणामस्वरूप ₹ 57.60 लाख राशि की परिसमापन क्षति का उदग्रहण नहीं हुआ। ठेकेदारों को सौर संयंत्रों पर पांच प्रतिशत की प्रयोज्य दर के स्थान पर 18 प्रतिशत की दर से वस्तु एवं सेवाकर का भुगतान किया गया (जनवरी 2019 से दिसंबर 2019) जो ₹ 21.03 लाख के अतिरिक्त भुगतान में परिणत हुआ।

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 3 दिसंबर 2014 को एकीकृत विद्युत विकास योजना का शुभारम्भ किया। इस एकीकृत विद्युत विकास योजना के मुख्य उद्देश्य थे:

- शहरी क्षेत्रों में सौर पैनल के प्रावधान सहित उप-संचार एवं वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण;
- शहरी क्षेत्रों में वितरण ट्रांसफार्मर/फीडर/उपभोक्ताओं की मीटरिंग; तथा
- वितरण प्रभाग को आईटी सक्षम बनाना एवं वितरण नेटवर्क मजबूत बनाना।

इस योजना के पांच भागों में से प्रणाली सुदृढ़ीकरण एक प्रमुख भाग था। प्रणाली सुदृढ़ीकरण के तहत ऊर्जा वित्त निगम ने 12 सर्कलों में ₹ 111.15 करोड़ राशि की बारह परियोजनाएं स्वीकृत (21 मार्च 2016) की, जिसके प्रति कंपनी ने सर्कल-वार ठेके/पैकेज सौंपे। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्णता समयावधि 20 सितंबर 2018 निर्धारित थी।

31 मार्च 2022 तक एकीकृत विद्युत विकास योजना में ऋण व स्व-अंश सहित प्राप्त अनुदान एवं वास्तविक व्यय के विवरण नीचे **तालिका-6.2.1** में दिए गए हैं:

तालिका-6.2.1: निधियों की प्राप्ति व व्यय

(₹ करोड़ में)

स्वीकृत अनुदान	प्राप्त अनुदान	व्यय			कुल व्यय
		प्रयुक्त अनुदान	कंपनी का अंश	ऋण राशि	
94.49	94.13	94.13	5.60	10.79	110.52

सितंबर 2021 के दौरान प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु ठेकों की लेखापरीक्षा की गई। लेखापरीक्षा के दौरान देखी गई प्रमुख लेखापरीक्षा आपत्तियों पर अनुवर्ती परिच्छेदों में चर्चा की गई है:

1. उच्च दरों पर कार्य अनुबंध करना-

विनियमों[9] के अनुसार सौर संयंत्रों के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ हिमाचल प्रदेश ऊर्जा विकास एजेंसी (हिम ऊर्जा) राज्य की नोडल एजेंसी थी। हिम ऊर्जा विक्रेताओं को सूचीबद्ध करती है एवं एक किलोवाट से 500 किलोवाट तक के विद्युत् उत्पादन की क्षमता की नेट मीटरिंग के साथ सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए दरें तय करती है। 12 परियोजनाओं में से नौ में प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु सौंपे गए पैकेज में सौर ऊर्जा संयंत्र एक मद के रूप में (जो किसी अन्य घटक पर निर्भर नहीं था) शामिल था। एक स्वतंत्र मद होने के नाते सौर संयंत्रों के लिए ठेका अलग से दिया जा सकता था जैसा कि अन्य तीन (कांगड़ा, ऊना व डलहौजी) सर्कलों में किया गया था।

नौ सर्कलों में प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु समेकित ठेके के तहत सौर संयंत्रों हेतु प्रदत्त दरें हिम ऊर्जा द्वारा अनुमोदित दरों की तुलना में असामान्य रूप से अधिक थीं। जबकि शेष तीन सर्कलों[10] में सौर संयंत्रों को कंपनी द्वारा हिम ऊर्जा द्वारा अनुमोदित दरों पर अलग से प्रदान किया गया, वहीं शेष कार्यों को तैयार (टर्नकी) आधार पर सौंपा गया था। सौर संयंत्रों हेतु हिम ऊर्जा द्वारा निर्धारित दरों को जानते हुए कंपनी सभी बारह सर्कलों में हिम ऊर्जा द्वारा निर्धारित दरों पर सौर संयंत्रों के लिए अलग-अलग कार्य आदेश जारी कर सकती थी जैसा कि उक्त तीन सर्कलों के मामले में किया गया था। अगर कंपनी ने हिम ऊर्जा की दरों पर सौर संयंत्रों का कार्य अलग से दिया होता, तो वह ₹ 5.14 करोड़ बचा सकती थी। अधिक व्यय का विवरण **तालिका-6.2.2** में दिया गया है:

---

9 दिनांक 31 जुलाई 2015 को अधिसूचित हिमाचल प्रदेश विद्युत् विनियामक आयोग (रूफटॉप सोलर पीवी ग्रिड इंटरेक्टिव सिस्टम नेट मीटरिंग पर आधारित) विनियम, 2015

10 काँगड़ा, ऊना एवं डलहौज़ी।

तालिका-6.2.2: अतिरिक्त भुगतान के विवरण

(राशि ₹ में)

फर्म का नाम	सर्कल का नाम	हिम ऊर्जा द्वारा अनुमोदित दरें (प्रति किलोवाट)	कार्य अनुबंध पत्र के अनुसार दर (प्रति किलोवाट)	अतिरिक्त दर (प्रति किलोवाट)	कार्य अनुबंध पत्र के अनुसार मात्रा (किलोवाट में)	अतिरिक्त व्यय
मेसर्स श्याम इंडस पावर सॉल्यूशंस	शिमला	47,000	1,29,388	82,388	98	80,74,024
मेसर्स श्याम इंडस पावर सॉल्यूशंस	रोहडू	47,000	1,27,138	80,138	64.4	51,60,887
मेसर्स रुतु इंटरप्राइजेज	सोलन	42,000	88,438	46,438	443	2,05,72,034
मैसर्स यूटीआरआई	रामपुर	49,700	79,198	29,498	21.2	6,25,358
मेसर्स पीके इंटरप्राइजेज	मंडी	49,700	1,43,217	93,517	34	31,79,578
मेसर्स पीके इंटरप्राइजेज	कुल्लू	49,700	1,31,987	82,287	42	34,56,054
मेसर्स रतन लाइट हाउस	बिलासपुर	47,000	1,33,011	86,011	60.2	51,77,862
मेसर्स देवराय इंजीनियरिंग	हमीरपुर	47,000	1,01,135	54,135	73.4	39,73,509
मेसर्स चौधरी एसोसिएट्स	नाहन	49,700	96,500	46,800	24.3	11,37,240
योग						**5,13,56,546**

कंपनी ने नौ सर्कलों में हिम ऊर्जा की अनुमोदित दरों की तुलना में 117 प्रतिशत से 217 प्रतिशत अधिक दरों पर सौर संयंत्रों से संबंधित ठेका प्रदान किया (2018-19)। यह भी देखा गया कि तीन (कांगड़ा, ऊना व डलहौजी) सर्कलों में कंपनी ने सूची में शामिल विक्रेताओं को हिम ऊर्जा द्वारा अनुमोदित दरों पर सौर पैनल का कार्य प्रदान किया (2018-19 के दौरान)।

प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया कि निविदाएं टर्नकी आधार पर आमंत्रित की गई थीं एवं प्रस्ताव समग्र मूल्य के आधार पर स्वीकार किए गए थे न कि स्वतंत्र मदों के आधार पर।

उत्तर मान्य नहीं था क्योंकि हिम ऊर्जा द्वारा अनुमोदित विक्रेताओं के सौर पैनल की दर प्रबंधन के जानकारी में थी एवं कंपनी सौर संयंत्रों हेतु अलग ठेके देकर ₹ 5.14 करोड़ बचा सकती थी जैसा कि कांगड़ा, ऊना व डलहौजी सर्कलों के लिए किया गया।

2. ठेकेदार को अनुचित लाभ-

मई 2018 में कुल्लू सर्कल में प्रणाली सुदृढ़ीकरण का ठेका एक ठेकेदार को दिया गया। ठेके की विशेष शर्तों के खंड 26 के अनुसार ठेकेदार कार्य पूर्ण करने में विलम्ब के लिए प्रति सप्ताह आधा प्रतिशत की दर से ठेका मूल्य के अधिकतम 10 प्रतिशत तक परिसमापन क्षति का भुगतान करेगा।

कार्य 31 मार्च 2019 तक पूर्ण किया जाना था। यद्यपि ठेकेदार द्वारा कार्य की गति शुरू से ही बहुत धीमी थी एवं कार्यालय अधीक्षण अभियंता (परिचालन) सर्कल, कुल्लू एवं वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता (विद्युत मण्डल), मनाली ने नियमित रूप से सूचित किया कि ठेकेदार के कारण कार्य विलंबित हो रहा है। तथापि बाद में क्षेत्रीय कार्यालय की अनुशंसा पर मुख्य अभियंता (परिचालन) ने कंपनी द्वारा सामग्री[11] की विलंबित आपूर्ति की दलील देते हुए परिसमापन क्षति लगाए बिना 30.09.2020 तक समय विस्तार स्वीकृत (मार्च 2021) किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 57.60 लाख की परिसमापन क्षति का उदग्रहण नहीं हुआ। अभिलेख में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं था जिससे यह पता चलता हो कि क्षेत्रीय कार्यालयों ने सामग्री की मांग/ सामग्री मांगपत्र स्टोर को भेजा था एवं बाद में स्टोर द्वारा सामग्री की अनुपलब्धता से सम्बंधित अस्वीकरण किया था। इसके अतिरिक्त भण्डार की संवीक्षा से पता चला कि कंपनी द्वारा आपूरित की जाने वाली सामग्री उस अवधि के दौरान कंपनी के स्टोर में उपलब्ध थी।

ठेकेदार ने योजना के कई घटकों को स्वीकृत विस्तार अर्थात 30.09.2020 तक पूर्ण नहीं किया। यह इस तथ्य से प्रमाणित था कि ठेकेदार ने फरवरी 2021 में परिनिर्माण बिल जमा किया था। इस प्रकार, बिना किसी परिसमापन क्षति की वसूली के स्वीकृत समय विस्तार ठेकेदार को अनुचित लाभ में परिणित हुआ।

प्रबंधन ने अपने उत्तर (अप्रैल 2022*)* में बताया कि हिमाचल प्रदेश विद्युत् बोर्ड लिमिटेड द्वारा आपूरित की जाने वाली सामग्री की विलम्बित उपलब्धता एवं कोविड 19 के कारण देशव्यापी बंद के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका। प्रबंधन का उत्तर स्वीकार्य नहीं था क्योंकि यह देखा गया था कि कंपनी के अधिकारियों ने ठेकेदार को विभिन्न पत्र/नोटिस लिखे थे कि कार्य विलंबित हो रहा था। इसके अतिरिक्त निर्धारित समापन अवधि (मार्च 2019*)* तक सामग्री की अनुपलब्धता के कारण ठेकेदार की किसी भी मांग को अस्वीकार नहीं किया गया था। जहां तक कोविड 19 के कारण देश व्यापी बंद का संबंध है*,* यह कार्य पूर्ण होने में विलम्ब हेतु मान्य नहीं है क्योंकि 25 मार्च 2020 को अर्थात कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के एक वर्ष पश्चात देश व्यापी बंद किया गया था।

[11] स्टील ट्यूबलर पोल, एलटी एबी केबल, विद्युत मीटर आदि।

3. वस्तु व सेवा कर का अधिक भुगतान-

मार्च व अप्रैल 2018 के दौरान शिमला एवं रोहड़ू सर्कलों हेतु 162 किलोवाट[12] क्षमता की नेट मीटरिंग के साथ सौर पैनल की आपूर्ति और निर्माण का कार्य सौंपा गया था। एलओए में निर्दिष्ट[13] किया गया था कि बोली मूल्य में वस्तु व सेवाकर एवं अन्य कर (यदि कोई हो) शामिल हैं तथा केवल[14] दस्तावेजी प्रमाण के आधार पर ही वास्तविक रूप से देय होंगे। जून 2017 में सौर ऊर्जा संयंत्रों पर वस्तु एवं सेवाकर घटा दिया गया था (पांच प्रतिशत तक)।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि कंपनी द्वारा जनवरी 2019 व दिसंबर 2019 के मध्य की गई आपूर्ति हेतु बिना किसी दस्तावेजी साक्ष्य के 18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवाकर लगाते हुए भुगतान किया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 21.03 लाख की वस्तु एवं सेवाकर राशि का अतिरिक्त/अधिक भुगतान हुआ जैसाकि **तालिका-6.2.3** में वर्णित है।

तालिका-6.2.3: वस्तु व सेवा कर के अधिक भुगतान का विवरण

(₹ राशि में)

विवरण	सर्कल कार्यालय	मात्रा (किलोवाट)	पूर्व-कार्य दर प्रति किलोवाट	18% की दर से भुगतान की गई वस्तु व सेवा कर दरें	5% की दर पर वस्तु व सेवा कर देय	अधिक भुगतान
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7 (5-6 x 3)**
नेट मीटरिंग के साथ सोलर पैनल	रोहड़ू	64.4	98,547	17,738	4,927	8,25,028
	शिमला	98	1,00,291	18,052	5,015	12,77,626
योग						**21,02,654**

प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया (अप्रैल 2022) कि ठेकेदारों को जो भी अधिक भुगतान किया गया था उसकी वसूली फर्म से की जा रही है। यद्यपि अभी तक (अगस्त 2022) वसूली नहीं हो पाई है।

इस प्रकार ठेके की लेखापरीक्षा ने दिखाया कि कंपनी सौर पैनल हेतु अलग से ठेका देकर मितव्ययिता सुनिश्चित नहीं कर सकी जिससे ₹ 5.14 करोड़ का अतिरिक्त व्यय हुआ। इसी

---

12 शिमला 98 केडब्ल्यू+ रोहड़ू 64.4 केडब्ल्यू।

13 सशर्त संख्या 8

14 धारा 13 का खंड II

भांति यह बकाया परिसमापन क्षति की वसूली न करके एवं अतिरिक्त वस्तु एवं सेवा कर जारी करके अपने वित्तीय हितों की रक्षा करने में विफल रही।

सिफारिश: कंपनी ठेकों का कार्यान्वयन मितव्यय तरीके से सुनिश्चित करें।

शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड

6.3 अनुबंध मांग एवं मानक वोल्टेज आपूर्ति में संशोधन न करने के कारण परिहार्य व्यय

शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड की तीन उठाऊ जलापूर्ति योजनाओं में वास्तविक अधिकतम दर्ज मांग के अनुसार अनुबंध मांग को संशोधित करने में विफलता के कारण ₹ 5.67 करोड़ के मांग शुल्क का परिहार्य व्यय/ देयता हुई। शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा गलत तरीके से लगाए गए ₹ 0.23 करोड़ के संविदा मांग उल्लंघन प्रभार का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने मानक आपूर्ति वोल्टेज से कम वोल्टेज पर ऊर्जा आपूर्ति का लाभ उठाया, जिसके परिणामस्वरूप कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार के कारण ₹ 5.14 करोड़ का परिहार्य व्यय हुआ।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत, हिमाचल प्रदेश सरकार व नगर निगम, शिमला की संयुक्त रूप से प्रवर्तित कंपनी के रूप में निगमित (जून 2018) शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड बृहत्तर (ग्रेटर) शिमला क्षेत्र में पानी एवं सीवरेज सेवाओं के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। यह गुम्मा, गिरी व अश्विनी खड्ड में अपने तीन उप-मंडलों के माध्यम से उठाऊ जलापूर्ति योजनाओं का संचालन करती है। इन उठाऊ जलापूर्ति योजना में स्थापित अपकेंद्री पंपों को संचालित करके पानी उठाया जाता है। इन पंपों पर 2018-19 (₹ 99.64 करोड़) एवं 2019 20 (₹ 103.45 करोड़) के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को भुगतान किए गए ऊर्जा शुल्क हेतु ₹ 203.09 करोड़ का व्यय किया गया था, जो शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के कुल संचालन व रखरखाव लागत का 70 प्रतिशत (लगभग) है।

शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड पर लागू राज्य वित्तीय नियमों में यह परिकल्पना की गई है कि सार्वजनिक धन से व्यय करने वाले प्रत्येक अधिकारी को वित्तीय औचित्य के उच्च मानकों द्वारा निर्देशित किया जाएगा। प्रत्येक अधिकारी कड़ी मितव्ययिता को भी लागू करेगा तथा यह देखेगा कि सभी प्रासंगिक नियमों व विनियमों का पालन किया जाता है।

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के प्रशुल्क की सामान्य शर्तें निर्धारित करती हैं कि:

(क) जिन उपभोक्ताओं की ऊर्जा खपत ₹/ किलो वोल्ट एम्पिअर प्रति घंटा (केवीएएच) में बिल की जाती है, उनसे किलो वोल्ट एम्पिअर प्रति घंटा प्रभारों के अतिरिक्त, गणना की गई

दरों[15] पर किसी भी लगातार 30 मिनट की कालखंड अवधि के दौरान माह या अनुबंध मांग[16] (किलो वोल्ट एम्पिअर में) के 90 प्रतिशत पर ऊर्जा मीटर पर वास्तविक अधिकतम (किलो वोल्ट एम्पिअर केवीए में) दर्ज की गई मांग पर 'मांग शुल्क' लिया जाएगा, जो भी अधिक हो परन्तु वर्तमान में लागू अनुबंध मांग की उच्चतम सीमा तक यदि, ऊर्जा मीटर पर दर्ज वास्तविक अधिकतम मांग अनुबंध की मांग से अधिक है, उपभोक्ता से मांग शुल्क के तीन गुना की दर से "अनुबंध मांग उल्लंघन शुल्क" लगाया जाएगा, जिस सीमा तक उल्लंघन अनुबंध मांग से अधिक हुआ।

(ख) 'मानक आपूर्ति वोल्टेज'[17] से कम वोल्टेज पर विद्युत की आपूर्ति करने वाले उपभोक्ताओं से अन्य शुल्कों के अतिरिक्त दो, तीन व पांच प्रतिशत की दर से कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार भी लगाया जाएगा, जैसाकि नीचे दिए गए उप-परिच्छेद (iv) के तहत **तालिका-6.3.3** में दिए गए विवरण के अनुसार 'मानक आपूर्ति वोल्टेज' से वास्तव में प्राप्त आपूर्ति वोल्टेज के स्तर तक 'स्टेप डाउन[18] के प्रत्येक स्तर' के लिए ऊर्जा शुल्क का बिल दिया गया है।

उठाऊ जलापूर्ति योजना गुम्मा (14), गिरी (दो) व अश्विनी खड्ड (दो) के 18 विद्युत मीटरों के संबंध में प्रबंध निदेशक, शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड, शिमला के कार्यालय के अभिलेखों की जांच (अगस्त 2020) में उजागर हुआ कि:

(i) दर्ज अधिकतम मांग से अधिक मौजूदा अनुबंध मांग

जून 2018 से मई 2020 की अवधि के दौरान गुम्मा (दो) व अश्विनी खड्ड (दो) में चार मीटरों की 'अनुबंध मांग का 90 प्रतिशत' स्थापित मीटरों (**परिशिष्ट-6.1**) में अधिकतम दर्ज/ खपत की गई मांग से काफी अधिक था, जिसे **तालिका-6.3.1** में संक्षेप में दर्शाया गया है।

---

15 शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के उठाऊ जलापूर्ति योजनाओं में लागू मांग शुल्क की दर: जून 2018 से जून 2019 तक ₹ 400 प्रति केवीए/ माह की दर से और 01 जुलाई 2019 से और उसके बाद ₹ 300 प्रति केवीए/ माह की दर से।

16 अनुबंध मांग विद्युत शक्ति की वह मात्रा है जो एक उपभोक्ता एक विशिष्ट अंतराल में उपयोगिता से मांगता है (उपयोग की जाने वाली इकाई केवीए या केडब्ल्यू है) जबकि बिलिंग चक्र पर अधिकतम केवीए आवश्यकता को अधिकतम मांग कहा जाता है।

17 मानक वोल्टेज जिस पर उपभोक्ता को किसी भी कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार के भुगतान के बिना एक सामान्य या समर्पित या संयुक्त समर्पित प्रदायक के माध्यम से विद्युत दी जाएगी।

18 उदाहरण के रूप में 'स्टेप डाउन के प्रत्येक स्तर के लिए' अभिव्यक्ति का अर्थ होगा कि किसी विशेष मामले में यदि मानक आपूर्ति वोल्टेज 33 केवी है और वास्तव में उपलब्ध आपूर्ति वोल्टेज 11 केवी से कम है, तो स्टेप डाउन की संख्या दो होगी और दर लागू कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार का आठ प्रतिशत (पांच प्रतिशत + तीन प्रतिशत) होगा।

तालिका-6.3.1: अनुबंध मांग एवं अधिकतम दर्ज मांग का विवरण

उठाऊ जलापूर्ति योजना इकाई (अवधि)	के. नं./ मीटर नं.	अनुबंध मांग (केवीए)	संविदा मांग का 90 प्रतिशत (केवीए में)	वास्तविक अधिकतम मांग दर्ज की गई (केवीएएच में)	दर्ज की गई मांग के आधार पर संशोधित/ प्रस्तावित अनुबंध मांग (केवीए में)
गुम्मा (जून 2018 से अप्रैल 2020)	1112605289	4557.77	4101.99	525 to 2415.6	1500
	1112605290	5868.61	5281.75	2750 to 3980*	4000
अश्विनी खड्ड (जुलाई 2019 से जुलाई 2020)	12383282	718	646.2	320 to 362.1	400**
	12249906	1470	1323	362.1 to 384.8	400**

स्रोत: शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा दी गई सूचना।

** अगस्त 2018 से अप्रैल 2020 के दौरान वास्तविक मांग जून व जुलाई 2018 के दौरान अनुबंध मांग से अधिक हो गई थी।*

*** संभावित मीटर रीडिंग ट्रेंड के आधार पर प्रस्तावित।*

इसके अतिरिक्त, विकास पर्यावरण सेवा लिमिटेड द्वारा आयोजित एक ऊर्जा व जल लेखापरीक्षा (2017) में ऊर्जा लागत को कम करने के लिए दर्ज की गई वास्तविक अधिकतम मांग के ऐतिहासिक आंकड़ों के आधार पर अनुबंध मांग को कम करने की अनुशंसा की गई थी। हालांकि शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने गुम्मा में मीटरों की अनुबंध मांग को कम करने के लिए जून 2019 में ही हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के साथ मामला उठाया था। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड को सलाह दी (दिसंबर 2019) कि वह इस मामले को मशोबरा में संबंधित इलेक्ट्रिकल प्रभाग के साथ उठाए। हालांकि शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने मई 2020 में मशोबरा में विद्युत मंडल को अनुबंध मांग में कमी का प्रस्ताव भेजने में (तकनीकी जनशक्ति की कमी के कारण) पांच माह का समय लिया। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने मई 2020 से मीटर (1112605289: 1500 केवीए व 1112605290: 4000 केवीए) के संबंध में अनुबंध मांग (वास्तविक आवश्यकतानुसार) को संशोधित (जून 2020) किया। अगस्त 2020 में लेखापरीक्षा संवीक्षा ने अश्विनी खड्ड में अन्य मीटर की संविदा मांग में संशोधन न किए जाने को इंगित किया तथापि अश्विनी खड्ड में अनुबंध मांग को सितंबर 2021 तक संशोधित नहीं किया गया था।

इस प्रकार शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने वास्तविक दर्ज की गई मांग के आधार पर अनुबंध मांग में कमी हेतु समय पर कार्रवाई नहीं की जिसके परिणामस्वरूप जून 2018 से जुलाई 2020 **(परिशिष्ट-6.1)** के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को भुगतान किए गए मांग शुल्क के कारण ₹ 3.70 करोड़ का परिहार्य व्यय हुआ, जैसाकि **तालिका-6.3.2** में संक्षिप्त में दर्शाया गया है।

तालिका-6.3.2: मांग प्रभारों का परिहार्य भुगतान

(₹ करोड़ में)

उठाऊ जलापूर्ति योजना इकाई (अवधि)	के.नं./ मीटर संख्या	अवधि	मांग शुल्क की दरें (₹ केवीए/ माह)	मांग शुल्क का भुगतान	देय मांग प्रभार* (परिशिष्ट-6.1)	मांग प्रभारों का परिहार्य भुगतान
गुम्मा	1112605289	जून 2018 से जून 2019	400	2.13	0.78	1.35
		जुलाई 2019 से अप्रैल 2020	300	1.23	0.47	0.76
	1112605290	अगस्त 2018 से जून 2019	400	2.32	1.66	0.66
		जुलाई 2019 से अप्रैल 2020	300	1.58	1.14	0.45
अश्विनी खड्ड	12383282	जुलाई 2019 से जुलाई 2020	300	0.25	0.14	0.11
	12249906	जून 2019 से जुलाई 2020	300	0.52	0.14	0.37
योग				**8.03**	**4.33**	**3.70**

स्रोत: शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा दी गई सूचना।

**मांग प्रभार वास्तविक दर्ज की गई मांग या संशोधित/ प्रस्तावित संविदा मांग का 90 प्रतिशत पर देय है।*

(ii) अनुबंध मांग उल्लंघन शुल्क का गलत आरोपण

जुलाई 2019 व मई 2020 के दौरान उठाऊ जलापूर्ति योजना गुम्मा में दर्ज की गई वास्तविक अधिकतम मांग 1848 केवीए की अनुबंध मांग के प्रति 1663.2 केवीएएच थी, हालांकि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने इन दो माह के लिए ₹ 0.23 करोड़ के अनुबंध मांग उल्लंघन शुल्क को गलत तरीके से लगाया था एवं इसका भुगतान शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा किया गया था। यद्यपि शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने अनुबंध मांग उल्लंघन शुल्क के गलत अधिरोपण का मामला हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के साथ उठाया (अप्रैल 2021), इसे सितंबर 2021 तक समायोजित नहीं किया गया था। मामले को अगस्त 2020 में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किया गया था जबकि शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने अप्रैल 2021 में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के साथ मामला उठाया था तथा इस राशि का समायोजन लंबित है।

इस प्रकार शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा संविदा मांग उल्लंघन प्रभारों के गलत अधिरोपण पर समय पर कार्रवाई करने में विफलता के कारण ₹ 0.23 करोड़ का परिहार्य भुगतान हुआ।

(iii) विद्युत की शून्य खपत पर मांग शुल्क

उठाऊ जलापूर्ति योजना, गुम्मा के तहत शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड गुम्मा (प्रथम चरण) से ड्राबला (द्वितीय चरण) से क्रेगनानो तक पानी उठाता है। ड्राबला में पंपिंग हेतु विद्युत आपूर्ति मीटर (के.नं.1112605291) में दर्ज की जा रही है।

यह देखा गया कि 66 केवी/ 22 केवी (गोशु गुम्मा स्थित सबस्टेशन) पर ड्राबला पंपिंग स्टेशन पर अतिरिक्त प्रदायक लाईन पर एक अन्य मीटर (के.नं.1112605321) भी स्थापित किया गया था। चूंकि विद्युत आपूर्ति मीटर (के.नं.1112605291) में दर्ज की जा रही थी, जून 2018 से जून 2020 तक अतिरिक्त प्रदायक लाईन मीटर (के.नं.1112605321) में विद्युत की खपत शून्य थी, जिसे हटाने करने की आवश्यकता थी एवं अतिरिक्त प्रदायक लाईन की आपूर्ति को ड्राबला में मीटर (के.नं. 1112605291) से जोड़ा जा सकता था।

तथापि शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने अतिरिक्त प्रदायक लाईन मीटर (के.नं. 1112605321) को हटाने के लिए समय पर कार्रवाई नहीं की थी। जब शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के साथ इस मुद्दे को उठाया (अगस्त 2019), हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने सीटी/ पीटी[19] यूनिट प्रदान करने के लिए चार स्तंभ संरचना के निर्माण हेतु ₹ 9.73 लाख की मांग भेजी, जो ड्राबला में प्रदायक लाईन को मीटर (के.नं. 1112605291) के साथ जोड़ेगी। शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के पास ₹9.73 लाख (नवंबर 2019) जमा किए थे। हालांकि, मामले को आगे नहीं बढ़ाया गया तथा हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने मई 2022 तक अतिरिक्त प्रदायक लाईन मीटर को हटाया नहीं था। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने ₹ 1.97 करोड़ (मांग शुल्क: ₹ 1.93 करोड़[20] अनुबंध मांग 2819 केवीए के 90 प्रतिशत की दर से एवं देय तिथि तक राशि का भुगतान नहीं करने के लिए अधिभार: ₹ 0.04 करोड़) के मांग शुल्क का दावा करते हुए अतिरिक्त प्रदायक लाईन मीटर (के. नं. 1112605321) हेतु सितंबर 2018 से जून 2020 तक बिल जारी किया, हालांकि खपत शून्य थी। जून 2019 तक इस राशि के प्रति ₹ 1.02 करोड़ के मांग शुल्क का भुगतान किया गया एवं ₹ 0.95 करोड़ (मांग शुल्क: ₹ 0.91 करोड़ व नियत तिथि तक राशि का भुगतान नहीं करने के लिए अधिभार, आदि ₹ 0.04 करोड़) अगस्त 2020 तक बकाया थे।

(iv) कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार

'मानक आपूर्ति वोल्टेज'[21] से कम वोल्टेज पर विद्युत की आपूर्ति का लाभ उठाने हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड बिल किए गए ऊर्जा शुल्क की राशि पर **तालिका-6.3.3** में

---

19 वर्तमान परिवर्तक/ संभावित परिवर्तक।

20 सितंबर 2018 से जून 2019: 2537.10 केवीएएच X400X10 = ₹ 1,01,48,400 व जुलाई 2019 से जून 2020 = 2537.10 केवीएएच X300X12 = ₹ 91,33,560

21 मानक वोल्टेज जिस पर उपभोक्ता को किसी भी कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार के भुगतान के बिना एक सामान्य या समर्पित या संयुक्त समर्पित प्रदायक के माध्यम से बिजली दी जाएगी।

दी गई दरों पर, 'मानक आपूर्ति वोल्टेज' से 'स्टेप डाउन के प्रत्येक स्तर' के लिए वास्तव में प्राप्त आपूर्ति वोल्टेज के स्तर तक कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार प्रभारित करेगा।

तालिका-6.3.3: मानक आपूर्ति वोल्टेज के प्रति कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार की दर

मानक आपूर्ति	वास्तव में प्राप्त आपूर्ति वोल्टेज	कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार (प्रतिशत)
11 केवी या 15 केवी या 22 केवी	10.23 केवी या 30.415 केवी या 2.2 केवी	5
33 केवी	11 केवी या 22 केवी	3
66 केवी	33 केवी	2
>= 132 केवी	66 केवी	2

लेखापरीक्षा ने देखा कि जून 2018 से मार्च 2021 तक छः मीटर (गुम्मा: 04 व गिरी: 02) पर तीन प्रतिशत या आठ प्रतिशत की दर से कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार लगाया गया था (वास्तविक उपयोग वोल्टेज मानक आपूर्ति वोल्टेज के स्तर से दो स्तर नीचे होने के मामले में) जैसाकि **तालिका-6.3.4** में विवर्णित है।

तालिका-6.3.4: कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार का विवरण

क्र. सं.	मीटर नं. (के. नं.)	कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार	संयोजित भार (के डब्ल्यू)*	मानक वोल्टेज आपूर्ति	वास्तविक वोल्टेज प्राप्ति	कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार की दर (प्रतिशत)	कम वोल्टेज आपूर्ति अधिरोपित अधिभार (₹ करोड़ में)
1.	1112605289	गुम्मा	4102.00	33 केवी	15 केवी	3	0.06
2.	1112605290	गुम्मा	5281.70	33 केवी	2.2 केवी	8	1.69
3.	1112605291	गुम्मा	2819.67	33 केवी	2.2 केवी	8	1.38
4.	1112605293	गुम्मा	3319.12	33 केवी	2.2 केवी	8	0.74
5.	एचपीयू 00318	गिरी	2425.00	33 केवी	11 केवी	3	0.64
6.	एचपीयू 00204	गिरी	2816.00	33 केवी	11 केवी	3	0.63
कुल							**5.14**

स्रोत: शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा आपूरित सूचना।

** मानक आपूर्ति वोल्टेज: <=50 केडब्ल्यू-2.2 केवी या 400 वोल्ट; 51 केडब्ल्यू से 2000 केडब्ल्यू - 6.6 केवी, 11 केवी, 15 केवी या 22 केवी तक; 2001 केडब्ल्यू से 10000 केडब्ल्यू तक - 33 केवी या 66 केवी व >10000 केडब्ल्यू - >=132 केवी।*

शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने मानक आपूर्ति वोल्टेज से कम वोल्टेज पर ऊर्जा आपूर्ति का लाभ उठाया जिसके परिणामस्वरूप जून 2018 से मार्च 2021 के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को वास्तव में भुगतान किए गए कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार के कारण ₹ 5.14 करोड़ का परिहार्य व्यय हुआ **(परिशिष्ट-6.2)**।

जुलाई 2020 में शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड डिवीजन-ठियोग के कार्यकारी अभियंता से मीटर संख्या एचपीयू 00318 व एचपीयू 00204 के संबंध में कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार एवं उल्लंघन शुल्क माफ करने का अनुरोध किया परन्तु फरवरी 2021 तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

स्पष्ट है, उक्त राज्य वित्तीय नियमों के प्रावधान के विपरीत शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड का प्रबंधन अपने उठाऊ जलापूर्ति योजना की ऊर्जा लागत के संबंध में कठोर मितव्ययता को लागू करने में विफल रहा।

- शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने ऊर्जा मीटरों में वास्तविक अधिकतम दर्ज की गई मांग के अनुसार अनुबंध मांग के संशोधन के लिए समय पर कार्रवाई नहीं की जिसके परिणामस्वरूप ₹ 3.70 करोड़ के मांग शुल्क का परिहार्य व्यय/ देयता हुई।
- अनुबंध मांग प्रभार गलत अधिरोपित करने के कारण शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड को ₹ 0.23 करोड़ का भुगतान करना पड़ा।
- शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने अतिरिक्त प्रदायक लाईन मीटर की स्थापना रद्द करने के लिए समय पर कार्रवाई नहीं की जिसके कारण शून्य खपत के बाद भी ₹ 1.97 करोड़ के मांग शुल्क की देयता बनी।
- शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने मानक आपूर्ति वोल्टेज से कम वोल्टेज पर ऊर्जा आपूर्ति प्राप्त की जिसके परिणामस्वरूप कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार के कारण ₹ 5.14 करोड़ का परिहार्य व्यय हुआ।

प्रधान सचिव (शहरी विकास) ने बताया (सितम्बर 2021) कि तकनीकी जनशक्ति की कमी एवं विकास पर्यावरण सेवा लिमिटेड रिपोर्ट की समुचित जांच एक समय लेने वाली प्रक्रिया होने के कारण अनुबंध मांग में कमी हेतु समय पर कार्रवाई नहीं की जा सकी। अनुबंध मांग उल्लंघन शुल्क के संबंध में अनुबंध मांग के सुधार के लिए मामला हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के साथ उठाया गया है। कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार के मामले में प्रबंध निदेशक, शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड ने बताया (फरवरी 2021) कि मुद्दों का समाधान शीघ्रातिशीघ्र करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के साथ पत्राचार किया गया था। तथापि तथ्य यह है कि ऊर्जा मीटरों के वास्तविक प्राप्त वोल्टेज के अनुसार मानक आपूर्ति वोल्टेज में संशोधन न करने के कारण शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार का परिहार्य भुगतान वहन करना पड़ा।

सिफारिश: सरकार वास्तविक अधिकतम दर्ज की गई मांग के अनुसार शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड की उठाऊ जल आपूर्ति योजनाओं के ऊर्जा मीटरों की अनुबंध मांग के युक्तिकरण/ संशोधन में तेजी लाने पर विचार करें, ताकि ऊर्जा लागत को कम किया जा सके तथा शिमला

जल प्रबंधन निगम लिमिटेड की उठाऊ जल आपूर्ति योजनाओं हेतु निर्धारित मानक आपूर्ति वोल्टेज पर आपूर्ति का लाभ उठाएं ताकि कम वोल्टेज आपूर्ति अधिभार के भुगतान की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

(चंदा मधुकर पंडित)
प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)
हिमाचल प्रदेश

शिमला
दिनांक: 03 दिसम्बर 2022

प्रतिहस्ताक्षरित

(गिरीश चंद्र मुर्मू)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

नई दिल्ली
दिनांक: 13 दिसम्बर 2022

परिशिष्ट

परिशिष्ट

परिशिष्ट-1.1

(संदर्भ: परिच्छेद 1.2)

अन्य कर-भिन्न राजस्व प्राप्तियों के विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	प्रमुख प्राप्ति शीर्ष	2019-20 में वास्तविक राशि	2020-21 में वास्तविक राशि
1.	0050-लाभांश व लाभ	248.44	245.43
2.	0051- लोक सेवा आयोग	8.65	5.86
3.	0056- जेल	0.23	0.24
4.	0057- आपूर्ति व निपटान	0.03	0.01
5.	0058- लेखन सामग्री व मुद्रण	12.04	8.27
6.	0071- पैंशन एवं अन्य सेवा निवृत्ति लाभों में अंशदान व वसूली	12.02	14.04
7.	0075- विविध सामान्य सेवाएं	5.17	11.41
8.	0202- शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति	238.59	196.08
9.	0210- चिकित्सा व सार्वजनिक स्वास्थ्य	24.79	13.21
10.	0211- परिवार कल्याण	-0.02	0.008
11.	0215- जलापूर्ति और स्वच्छता	67.07	66.93
12.	0216- आवास	3.55	3.91
13.	0217- शहरी विकास	6.62	5.95
14.	0220- सूचना और प्रचार	2.41	1.12
15.	0230- श्रम और रोजगार	7.8	8.2
16.	0235- सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	38.79	11.15
17.	0250- अन्य सामाजिक सेवाएँ	0.02	0.07
18.	0401- फसल पालन	8.48	11.92
19.	0403- पशुपालन	0.98	0.99
20.	0405- मत्स्य पालन	3.16	3.16
21.	0407- वृक्षारोपण	0.01	0.01
22.	0408- खाद्य भंडारण व भंडारगृह	0.03	0.71
23.	0425- सहकारिता	6.84	9.51
24.	0435- अन्य कृषि कार्यक्रम	0.63	0.77
25.	0515- अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	3.51	20.41
26.	0575- अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	0.11	0.41
27.	0700- वृहद सिंचाई	1.36	0.01
28.	0701- मध्यम सिंचाई	0.15	0.23
29.	0702- लघु सिंचाई	0.84	1.17
30.	0851- ग्राम एवं लघु उद्योग	1.89	1.3
31.	0852- उद्योग	7.3	8.15
32.	1054- सड़कें व पुल	12.44	12.89
33.	1055- सड़क परिवहन	0.64	0.24
34.	1425- अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान	0.21	0.002
35.	1452- पर्यटन	5.89	6.46
36.	1456- नागरिक आपूर्ति	2.08	0.2
37.	1475- अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएं	13.36	5.65
सकल योग		**746.11**	**676.08**

परिशिष्ट-1.2

(संदर्भ: परिच्छेद 1.2)

विभाज्य संघीय करों एवं शुल्कों की निवल आय के अंश का विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	प्रमुख प्राप्ति शीर्ष	2020-21 में वास्तविक राशि
1.	0005-901-केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर	1,419.55
2.	0008-901- एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर	0
3.	0020-901-निगम कर	1,429.44
4.	0021-901-निगम कर के अतिरिक्त अन्य आय पर कर	1,464.84
5.	0028-901-आय व व्यय पर अन्य कर	0
6.	0032-901-संपत्ति कर	0
7.	0037-901- सीमा शुल्क	257.07
8.	0038-901-केंद्रीय उत्पाद शुल्क	160.44
9.	0044-901-सेवा कर	19.39
10.	0045-901- वस्तुओं व सेवाओं पर अन्य कर एवं शुल्क	3.19
सकल योग		**4,753.92**

परिशिष्ट-1.3

(संदर्भ: परिच्छेद 1.7.2)

स्वायत्त निकायों/ प्राधिकरणों/ संस्थानों की सूची

क्र.सं.	निकाय/ प्राधिकरण का नाम	वह धारा जिसके अंतर्गत लेखापरीक्षा की गई है
1.	हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कार्य श्रमिक कल्याण बोर्ड, शिमला	**धारा 19 (3) के तहत लेखापरीक्षा की गई एवं पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तैयार किए गए।**
2.	हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड	
3.	प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण	
4.	हिमाचल प्रदेश शहर परिवहन एवं बस अड्डा प्रबंधन व विकास प्राधिकरण	
5.	हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग	
6.	हिमाचल प्रदेश राज्य पशु चिकित्सा परिषद, शिमला	
7.	हिमाचल प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला	
8.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर	
9.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर	
10.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नाहन	
11.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊना	
12.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला	
13.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किन्नौर (रामपुर स्थित)	
14.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडी	
15.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू	
16.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धर्मशाला (कांगड़ा स्थित)	
17.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोलन	
18.	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा	
19.	नियंत्रक, सीएसके, हिमाचल प्रदेशकेवीवी, पालमपुर	**धारा 14 व 15 के तहत लेखापरीक्षा की गई एवं निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार व जारी किए गए।**
20.	वाईएस परमार बागवानी विश्वविद्यालय, नौणी, सोलन	
21.	बीज एवं जैविक उपज प्रमाणन एजेंसी, बॉयलौगंज, शिमला	
22.	पशुधन विकास बोर्ड, बॉयलौगंज, शिमला	
23.	हिमाचल प्रदेश राज्य मिल्कफेड सहकारी समिति, टूट्, शिमला	
24.	हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग एंड कंज्यूमर फेडरेशन लिमिटेड (हिमफेड)	
25.	हिमाचल प्रदेश स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, टेक्नोलॉजी एंड एनवायरनमेंट, कसुम्पटी, शिमला	
26.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, हमीरपुर	
27.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, बिलासपुर	
28.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, नाहन	
29.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, ऊना	
30.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, शिमला	
31.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, किन्नौर	
32.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, मंडी	
33.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, कुल्लू	

क्र.सं.	निकाय/प्राधिकरण का नाम	वह धारा जिसके अंतर्गत लेखापरीक्षा की गई है
34.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, कांगड़ा (धर्मशाला स्थित)	**धारा 14 व 15 के तहत लेखापरीक्षा की गई एवं निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार व जारी किए गए।**
35.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, सोलन	
36.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, चंबा	
37.	जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण, केलांग	
38.	एड्स नियंत्रण सोसायटी	
39.	हिमाचल प्रदेश नर्सिंग क्षेत्रीय परिषद्	
40.	राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, शिमला	
41.	भाषा, कला और संस्कृति अकादमी	
42.	एससी/एसटी कॉरपोरेशन, सोलन	
43.	समाज कल्याण बोर्ड, शिमला	
44.	काउंसिल ऑफ चाइल्ड वेलफेयर, शिमला	
45.	सर्व शिक्षा अभियान, शिमला	
46.	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय	
47.	रिन चेन जेन पो सोसाइटी, कांगड़ा	
48.	राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (हिमाचल प्रदेश)	
49.	राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान	
50.	कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी, शिमला	
51.	राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान	
52.	राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण	
53.	हिमाचल प्रदेश आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सक बोर्ड	

परिशिष्ट-2.1

(संदर्भ: परिच्छेद 2.7.1)

अधिक अग्रेषित इनपुट कर क्रेडिट का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
1	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, चंबा	02AAACN0149C1ZB	एनएचपीसी	2070400695	चंबा सर्कल	0	2,66,03,770	2,66,03,770
					उप-योग	**0**	**2,66,03,770**	**2,66,03,770**
2	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, नूरपुर	02AXAPS6730J1ZI	एसके एंटरप्राइजेज	2060600699	डमटाल सर्कल	0	13,44,078	13,44,078
3		02AEKPA1659R1ZB	आनंद एंड संस जसूर	2060500841	नूरपुर सर्कल	2,10,390	3,28,702	1,18,312
					उप-योग	**2,10,390**	**16,72,780**	**14,62,390**
4	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, कांगड़ा	02AEFPK8648M2Z4	शुभम कंस्ट्रक्शन	2060201879	कांगड़ा सर्कल	0	6,29,244	6,29,244
5		02DJJPS3239E1ZB	सूद इलेक्ट्रॉनिक्स	2060400739	देहरा सर्कल	0	6,68,099	6,68,099
6		02BNAPK1616C1ZX	एमएस साई एंटरप्राइजेज	2060200096	कांगड़ा सर्कल	1,41,089	2,48,458	1,07,369
7		02ABJPG7387A1ZY	संत राम चमन लाल	2060200262	कांगड़ा सर्कल	0	3,37,336	3,37,336
					उप-योग	**1,41,089**	**18,83,137**	**17,42,048**
8	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, हमीरपुर	02AABCU1732D1Z2	यूनिप्रो टेक्नो इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड	2110200068	हमीरपुर	0	1,40,92,227	1,40,92,227
9		02ABQPA1486M1ZK	हिमाचल इलेक्ट्रॉनिक्स	2110200149	हमीरपुर	2,94,110	3,28,158	34,048
10		02ABKFS0205N1ZC	सत्य ट्रेडिंग कंपनी	2110200558	हमीरपुर	0	1,03,139	1,03,139
					उप-योग	**2,94,110**	**1,45,23,524**	**1,42,29,414**
11	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, ऊना	02AAAFN6760E1ZO	नाथू राम जानकी दास ऊना	2080200419	मेहतपुर सर्कल	1,51,690	5,65,596	4,13,906
12		02ALDPK6128K1Z9	राजेश ट्रेडिंग कंपनी	2080100445	बंगाना सर्कल	1,55,349	4,86,806.00	3,31,457
13		02AEMPB9868H1ZA	भयाना एंड कंपनी	2080300770	अम्ब सर्कल	65,132	3,80,645	3,15,513

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
14	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, ऊना	02BYRPS4262E1ZA	एम एस कौशल टायर वर्क	2080300164	अम्ब सर्कल	4,13,000	7,98,660	3,85,660
15		02AXGPB1343N1ZU	भूषण एल्यूमिनियम एंड हार्डवेयर स्टोर	2080301264	अम्ब सर्कल	0	1,40,348	1,40,348
16		02BCEPS3403E1Z7	जय दुर्गा इलेक्ट्रॉनिक्स	2080300098	अम्ब सर्कल	2,08,986	2,14,061.00	5,075
17		02AIQPM4807P1ZS	अग्रवाल (वी.के.) स्टील्स	2080100466	ऊना सर्कल	2,36,421	6,46,918.00	4,10,497
18		02AJMPL9827F1Z2	शिव स्टील्स	2080301266	गगरेट	0	7,84,651.00	7,84,651
19		02AVBPK0065H1Z6	नड्डा ट्रेडर्स	2080101487	ऊना सर्कल	0	3,03,670.00	3,03,670
					उप-योग	**12,30,578**	**43,21,355**	**30,90,777**
20	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, धर्मशाला	02AFLPS0085H1ZH	कमला एंटरप्राइजेज	2060100326	धर्मशाला-1	2,52,415	31,61,22	63,707
21		02AFMPK5434P2Z3	न्यू आबसर वुडन इंडस्ट्री	2060300622	धर्मशाला-2	4,92,601	5,72,371	79,770
					उप-योग	**7,45,016**	**8,88,493**	**1,43,477**
22	सहायक आयुक्त, राज्य कराधान एवं आबकारी, पालमपुर	02ADBPK4464A1ZA	संगम एजेंसिस	2060700108	पालमपुर	4,37,091	8,20,336	3,83,245
23		02ADXPK8516D1ZH	एसआरके ट्रेडिंग कंपनी	2060702326	पालमपुर	5,05,800	5,37,472	31,672
24		02ABXPJ8634M1Z0	करुणा फिलिंग स्टेशन	2060700207	पालमपुर	36,130	3,40,682	3,04,552
25		02AODPN4937L1ZT	डीएन जनरल स्टोर	2060701550	पालमपुर	0	3,12,677	3,12,677
					उप-योग	**9,79,021**	**20,11,167**	**10,32,146**
26	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, शिमला	02AAXPA3284F1ZU	रोहिणी एंटरप्राइजेज (राकेश आहूजा) संजौली	2011200603	थियोग	3,31,599	10,24,925	6,93,326
27		02ALLPK3913E1ZJ	टॉप गियर ऑटो (रणदीप सिंह कंवर)	2010300019	कार्ट रोड	3,38,276.21	3,39,487.21	1,211
28		02AAACB8917G1ZZ	भारती एयरटेल सर्विसेज लिमिटेड	2010300630	संजौली	0	3,22,923	3,22,923
29		02APHPS3178P1ZB	राहुल फर्नीचर (जगतार सिंह)	2011200088	संजौली	3,61,475.82	6,41,694.53	2,80,218.71
30		02AZIPS7704G1ZD	हंस कंस्ट्रक्शन्स	2011201152	संजौली	0	2,84,462	2,84,462

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
31		02AIPPT8249R1Z6	ठाकुर हार्डवेयर	2011100590	रोहड़ू	7,26,745.56	7,30,795.00	4,049.44
32		02ABXPG0724F1ZZ	हिमाचल टायर्स	2011000089	रामपुर	2,71,300	3,61,020.14	89,720.14
33		02AAWPL2156Q1Z4	कुमार जनरल स्टोर	2011000479	रामपुर	33,050	2,11,831.00	1,78,781
34		02AAACB4146P1ZR	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	2011000622	रामपुर	0.00	3,25,258.00	3,25,258
35		02AABCD7169H1ZS	रिलायंस कॉर्पोरेट आईटी पार्क लिमिटेड	2020100692	कार्ट रोड	0	1,04,53,095	1,04,53,095
					उप-योग	**20,62,446**	**14,695,490**	**1,26,33,044**
36		02AAAFI1856J2ZM	इंटेक कॉर्पोरेशन	2040400206	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (औद्योगिक क्षेत्र काला अम्ब)	0	72,89,973	72,89,973
37		02AADFL7429H1ZH	लुईस इंडस्ट्रीज	2040400404	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (औद्योगिक क्षेत्र काला अम्ब	0	23,42,409	23,42,409
38		02AADCV1654M1ZB	वारव बायोजेनेसिस प्राइवेट लिमिटेड	2040400376	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (औद्योगिक क्षेत्र काला अम्ब	9,88,678	13,12,863	3,24,185
39		02AAECK1941M1ZN	कंसल बिल्डिंग सॉल्यूशंस (पी) लिमिटेड	2040201439	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (पौंटा सर्कल-II)	0	26,39,198.99	26,39,198.99
40		02ABUPB9135C2ZX	भंडारी रोजिन एंड तारपीन	2040100297	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (सराहन सर्कल)	0	17,15,535	17,15,535

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
41	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, नाहन	02AAYPK3585A1ZP	मदन लाल एंड संस	2040500067	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (नाहन सर्कल-II)	0	55,128	55,128
42		02AADCS4846E1ZN	साबू सिलेंडर प्रा. लि.	2040400442	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (औद्योगिक क्षेत्र काला अम्ब	10,14,247	15,40,979	5,26,732
43		02AAEFI5181Q1Z3	इंडो रामा इंजीनियर्स	2040400651	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (औद्योगिक क्षेत्र काला अम्ब	0	38,900	38,900
44		02AGJPG0372L1ZM	विनय पैकेजिंग	2080200322	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (सिरमौर), (औद्योगिक क्षेत्र काला अम्ब	38,25,027	38,56,463.04	31,435.25
					उप-योग	**58,27,952**	**2,07,91,449**	**1,49,63,496**
45		02AACCG3312Q1ZS	गर्ग संस एस्टेट प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड	2030202088	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-1)	0	20,47,076	20,47,076
46		02AKRPR2488J1ZL	लिब्रा एसोसिएट्स	2030201898	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-II)	0	17,44,214	1,74,4213
47		02AAFFV8570P1ZK	विंका लाइफ साइंसेज	2030201428	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-IV)	0.00	14,65,129	14,65,129
48		02AABPJ2901Q1ZY	जैन इंडस्ट्रीज	2030200727	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-II)	0	12,81,965	12,81,965

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
49	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, बद्दी	02AGKPK8208Q1Z0	सौभाग्य स्टील	2030200133	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-III)	10,09,424	11,53,906	1,44,481
50		02AAFFI2911K2ZP	आईवीएम फार्मासिया	2030202627	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-II)	0	11,39,250	11,39,250
51		02AECPP8256K1ZB	जीआरईईफ फॉर्मूलेशन	2030100639	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-1)	0	23,49,184	23,49,184
52		02AAGCC0680D1ZA	क्रेस्ट लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड	2030101784	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बरोटीवाला)	0	16,01,082	16,01,081
53		02AANFP6841P2ZN	पोलस्टार पावर इंडस्ट्रीज	02030100067	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-1)	0	13,24,656	13,24,656
54		02AAHFN4318F2ZO	न्यूटेक अप्लायंसेज	02030200342	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-1)	0	11,97,979	11,97,978
55		02AANPJ3071F1Z2	जैना एंड कंपनी	2030300759	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (नालागढ़ सर्कल-II)	1,31,060	11,95,308	10,64,248
56		02ABGFS3429J1Z8	स्वास्तिक वायर प्रोडक्ट	02030100653	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बरोटीवाला)	11,39,293	11,40,537	1,243.55

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
57		02AAACC6253G1Z5	कैडिला हेल्थकेयर लि.	2030100520	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-III)	0	45,43,960.00	45,43,960
58		02AANFM9530E2ZD	मेसर्स सालस फार्मास्युटिकल्स	2020501018	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (नालागढ़ सर्कल-II)	0	4,59,234.00	4,59,234
59		02AAHFT6449D2ZA	टोटल फार्मा सलूशन	2030101259	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बरोटीवाला)	0	5,12,978.00	5,12,978
60		02AAWCS3532J1Z4	स्मायन हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड	2030200847	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-IV)	0	6,47,824	6,47,824
61		02AAEFE0922H1Z3	एनवायरो एंटरप्राइजेज	2030400029	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-IV)	4,56,573	5,08,893	52,320
62		02AAGFG7182F2ZK	गोपाल लाइफ साइंसेज (यूनिट-2)	2030100716	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बरोटीवाला)	0	4,81,620	4,81,620
63		02AACCC5704E1ZD	क्योरवेल पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड	2030100231	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-1)	3,51,598	3,74,914	23,316
64		02AAHFK8962A1ZK	कुंडलस लौह उद्योग	2030100540	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-II)	4,87,253	9,81,127	4,93,874

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
65		02AAEFC4390H1ZR	क्लासिक बाइंडिंग इंडस्ट्री	02030300567	(हिमाचल प्रदेश), (दक्षिण क्षेत्र, शिमला), (बीबीएन बद्दी), (बद्दी-IV)	93,791	3,15,910	2,22,119
					उप-योग	**36,68,992**	**2,64,66,745**	**2,27,97,752**
66	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, कुल्लू	02ABBPA0544K2ZD	आनंद ट्रेडिंग कंपनी	2100100564	(हिमाचल प्रदेश), (मध्य क्षेत्र, मंडी), (कुल्लू), (कुल्लू सर्कल)	5,49,153	5,53,287.00	4,134
67		02ABBPM4334R1ZK	मेहता मोटर्स	2100200977	(हिमाचल प्रदेश), (मध्य क्षेत्र, मंडी), (कुल्लू), (कुल्लू/बांजर)	4,46,099	4,47,640.00	1,541
					उप-योग	**9,95,252**	**10,00,927**	**5,675**
68	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, मंडी	02AAQFG7471F2ZA	गुप्ता मीडियल एजेंसियां	2090100025	(हिमाचल प्रदेश), (मध्य क्षेत्र, मंडी), (मंडी), (मंडी-III एईटीसी मंडी)	2,04,256	8,15,891.00	6,11,635
69		02ABUPV2465K1Z2	चेतन वैद्य	2090100534	(हिमाचल प्रदेश), (मध्य क्षेत्र, मंडी), (मंडी), (मंडी-1)	4,53,845	4,68,757.47	14,912
					उप-योग	**6,58,101**	**12,84,648**	**6,26,547**
70	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, सोलन	02AAACS0623C1ZB	शिवालिक बाइमेटल कंट्रोल्स लिमिटेड	2020100450	कंडाघाट सर्कल	2,49,909	10,66,098	8,16,189
71		02ABGPY7751B2ZO	एस एस ट्रेडिंग	2020500915	परवाणु सर्कल -2	0	9,78,975	9,78,975
72		02ABLPG9224G1ZW	टेक्नो सेल्स	2020600789	परवाणु सर्कल -2	0	36,65,425.85	36,65,426
73		02AABCP0770A1Z9	प्रेम बिल्डर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	2020600450	परवाणु सर्कल -I	0	15,26,141	15,26,141
74		02AIVPG2315H1ZJ	विद्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स	2020100170	सोलन सर्कल-I	5,00,000	1,46,30,415.67	1,41,30,416
75		02AAWFS4629M1ZK	सोलन रेडियो सर्विस	2020100453	सोलन सर्कल-I	6,10,150	8,58,802	2,48,652

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	ट्रान रिटर्न में पात्र एसजीएसटी के रूप में किया गया क्रेडिट ₹	अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट का लाभ उठाया ₹
76		02AABFY7754J1ZX	येस्टर फार्मा	2020200904	सोलन सर्कल-II	0	8,40,107	8,40,107
77		02AABCA9599A1ZV	अन्वेषा इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	2020201509	सोलन सर्कल-II	0	6,90,705	6,90,705
78		02AAGFC5284L1ZD	चिरोस फार्मा	2020200285	सोलन सर्कल-II	0	24,52,036	24,52,036
					उप-योग	**13,60,059**	**2,67,08,706**	**2,53,48,647**
					सकल-योग	**1,81,73,008**	**14,28,52,192**	**12,46,79,184**

परिशिष्ट-2.2

(संदर्भ: परिच्छेद 2.7.2)

वार्षिक व त्रैमासिक/मासिक रिटर्न में मिलान न होने के कारण लिए गए अतिरिक्त इनपुट कर क्रेडिट का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण

क्र. सं.	लेखापरीक्षा इकाई/आयुक्तालय	जीएसटीआईएन	नाम	टीआईएन	सर्कल	पिछले रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	त्रैमासिक रिटर्न के अनुसार क्रेडिट की शेष राशि ₹ में	पात्र एसजीएसटी ट्रान रिटर्न के अनुसार लिया गया क्रेडिट ₹ में	लिया गया अतिरिक्त ट्रांजिशनल क्रेडिट ₹ में
1	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, चंबा	02ARHPP3647C1Z3	राधा कृष्ण इलेक्ट्रॉनिक्स	2070101768	चंबा सर्कल	3,08,326	4,52,138	4,52,138	1,43,812
					उप-योग	**3,08,326**	**4,52,138**	**4,52,138**	**1,43,812**
2	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, नूरपुर	02ABBFS0775J1ZA	चानन सिंह एंड कंपनी	2060500885	नूरपुर सर्कल	0	0	6,80,507	6,80,507
					उप-योग	**0**		**6,80,507**	**6,80,507**
3	सहायक उपायुक्त, राज्य कराधान एवं आबकारी, कांगड़ा	02AFPS0069R1ZW	शर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स	2060200955	कांगड़ा सर्कल	7,24,712	7,79,855	7,49,275	24,563
4		02AAEFM3371Q1Z3	माणिक चंद ध्यान चंद	2060200526	कांगड़ा सर्कल	5,88,518	6,26,123	6,26,123	37,605
5		02AABZPA4913G1ZU	कांगड़ा ट्रेडिंग कंपनी.	2060200497	कांगड़ा सर्कल	0	13,24,996	13,24,996	13,24,996
6		02ADYPS8311H1Z7	स्वामी इलेक्ट्रॉनिक्स	2060200303	कांगड़ा सर्कल	0	6,02,510	6,02,510	6,02,510
					उप-योग	**13,13,230**	**33,33,484**	**33,02,904**	**19,89,674**
7	राज्य कराधान एवं आबकारी उपायुक्त, बिलासपुर	02AAFFJ6392M1Z2	जांडू कंस्ट्रक्शन कंपनी	2120302003	घुमार्विन सर्कल	22,08,271	55,68,277	68,05,929	45,97,658
